e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 113
शुक्रवार
25.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सुनना सिख लो तो सहना सिख जाओगे और सहना सिख लिया तो रहना सिख जाओगे!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद

**श्रीनगर** : उधमपुर के डुडु-बसंतगढ़ में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान हो गया। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी की गई, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सेना और सुरक्षाबल आतंकियों की तलाश में जुटे हैं।पहलगाम के बायसरन में हमलावरों को मार गिराने के लिए सुरक्षाबल पहलगाम के बायसरन इलाके में व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं।

### बेतिया में अलग अलग मामलों मे 17 गिरफ्तार, 15 को जेल भेजा गया

**बेतिया:** बेतिया पुलिस जिले के विभिन्न थाने की पुलिस ने गुरुवार को अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।बेतिया पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने इस मामले की जानकारी दी है । उन्होंने बताया कि बेतिया पुलिस जिला के विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में पांच वारंटी समेत 17 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से सात की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। गैर जमानतिय नौ वारंट का निष्पादन किया गया है।पुलिस ने 15 को आज बेतिया जेल भेज दिया गया है । वही पिछले 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में एक देशी कट्टा, 88 लीटर 100 मिलीलीटर शराब व एक बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने तस्करों के चंगुल से चार मवेशियों को मुक्त कराया है।

### तत्काल सेना की तैनाती बढ़ाने की मांग

**जम्मू** : शिवसेना(यूबीटी) जम्मू-कश्मीर इकाई प्रमुख मनीश साहनी ने जम्मू-कश्मीर मे बढ़ती आतंकवादी घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए सेना की तैनाती बढ़ाने जम्मू-कश्मीर पुलिस बल को राज्य सरकार के अधीन करने तथा तजुर्बेकार व प्रदेश में अपनी सेवाएं दे चुके किसी वरिष्ठ व पूर्व सेना अथवा पुलिस अधिकारी को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के पद पर तैनात करने की मांग की है।पार्टी प्रदेश मध्यवर्ती कार्यालय में पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए साहनी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने आज कश्मीर में आल पार्टी मीट का आयोजन किया है जिसमें शामिल होने को लेकर उन्हें भी न्योता दिया गया था।मगर किसी कारणवश वह इस बैठक का हिस्सा नहीं बन पाए हैं। साहनी ने आल पार्टी मीट में एकजुटता के साथ तत्काल पूर्ण राज्य दर्जा बहाली पर आवाज बुलंद करने तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस बल को जनता की चुनी हुई राज्य सरकार के अधीन करने की मांग की गई है।इसके साथ ही किसी तजुर्बेकार पूर्व वरिष्ठ सेना अथवा पुलिस बल के अधिकारी को उपराज्यपाल बनाने की मांग दोहराई गई।

### मांगी वादक विशुन मुंडा नहीं रहे

**रांची** : वरीय मांदर वादक बिशुन मुंडा (चुटिया,रांची निवासी) का 24 अप्रैल 2025 को देहांत हो गया। बताया गया कि कुछ दिनों से बीमार थे। टाइफाइड रोग का इलाज चल रहा था। तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल जाने के क्रम में ही देहांत हो गया। शुक्रवार को सुबह 11 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।बिशुन नागपुरी गानों के स्टुडियो रिकॉर्डिंग के शुरुआती दौर के पहले मांदर वादक थे, जो एक नीयत लय में संगत कर पाते थे।

## चुटकी




## रांची का तापमान

अधिकतम 24°
न्यूनतम 13°

## सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार को विपक्ष ने दिया समर्थन, पाकिस्तान ने भी लिए कई फैसले

# आतंक के खिलाफ देश एकजुटः रिजिजू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन में हुई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के साथ-साथ तमाम दलों के नेता शामिल हुए। पहलगाम हमले पर विपक्ष सरकार के साथ है। राहुल गांधी बोले- सरकार कोई भी एक्शन लें, हमारा सपोर्ट रहेगा. सर्वदलीय बैठक करीब दो घंटे तक चली.सर्वदलीय बैठक के बाद प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा,रक्षा मंत्री ने सीसीएस की बैठक में पहलगाम में हुई घटना और भारत सरकार की तरफ से की गई कार्रवाई की जानकारी दी। यह घटना बहुत दुखद है। जिससे देश में हर कोई चिंतित है, इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने भी आज और कड़ी कार्रवाई करने की मंशा जाहिर की है।

इस बैठक के बाद संसद से बाहर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की. विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ है. इस मामले में सरकार कोई भी एक्शन लें, विपक्ष सरकार के साथ है.कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने हरियाणा के करनाल में पहलगाम आतंकी हमले पर कहा,इस त्रासदी से हम सभी निशब्द हैं। इस आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए वह कम है। राहुल गांधी ने कहा है कि हम अटल और अटूट तरीके से सरकार और देश के साथ खड़े हैं।डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने पहलगाम आतंकी हमले पर कहा, पूरा देश और जम्मू-कश्मीर के लोग उन लोगों के समर्थन में खड़े हैं, जिन्होंने पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया है।

### भारत ने पाकिस्तान सरकार की वेबसाइट और एक्स अकाउंट किया ब्लॉक

नई दिल्ली : भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट की देश में पहुंच को रोक दिया है यानी पाकिस्तान सरकार का एक्स हैंडल भारत में नहीं दिखेगा और ना ही उसके कोई पोस्ट नजर आएंगे हालांकि पाकिस्तान और भारत के बाहर अन्य देशों में यह अकाउंट एक्टिव दिखेगा। एक्स हैंडल के अलावा पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक वेबसाइट को भी भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत में https://pakistan.gov.pk/ को एक्सेस नहीं किया जा सकता है। यह कदम सीसीएस की बैठक के बाद उठाया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार शाम प्रेस वार्ता में बताया कि भारत और पाकिस्तान दोनों अपने उच्चायोगों में कार्यरत स्टाफ की संख्या को घटाकर 55 से 30 कर रहे हैं। यह प्रक्रिया 1 मई तक पूरी कर ली जाएगी।भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट की देश में पहुंच को रोक दिया है यानी पाकिस्तान सरकार का एक्स हैंडल भारत में नहीं दिखेगा और ना ही उसके कोई पोस्ट नजर आएंगे हालांकि पाकिस्तान और भारत के बाहर अन्य देशों में यह अकाउंट एक्टिव दिखेगा। एक्स हैंडल के अलावा पाकिस्तान सरकार की आधिकारिक वेबसाइट को भी भारत में ब्लॉक कर दिया गया है।



### जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास हो खड़गे

बैठक में शामिल होने के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

### सुरक्षा में चूक क्यों हुई संजय सिंह

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, पूरा देश गुस्से में है, दुखी है और देश चाहता है कि केंद्र सरकार आतंकियों को उनकी भाषा में मुंहतोड़ जवाब दे। जिस तरह से उन्होंने निर्दोष लोगों की हत्या की है, उनके कैंपों को नष्ट किया जाना चाहिए और पाकिस्तान के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह घटना 22 अप्रैल को हुई और 20 अप्रैल को सुरक्षा एजेंसियों की जानकारी के बिना उस जगह को खोल दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

#### पाकिस्तान ने शिमला समझौता रद्द करने की दी धमकी

## वाघा बॉर्डर और एयरस्पेस किया बंद



**इस्लामाबाद :** पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत द्वारा लिए गए सख्त फैसलों के बाद अब पाकिस्तान ने अपना जवाब दिया है. गुरुवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में इस्लामाबाद में हुई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक के बाद पाकिस्तान ने भी कई बड़े फैसले लिए. फैसले के अनुसार भारत पाकिस्तान के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित कर दिए गए.शिमला समझौते 1972 को भी स्थगित करने की चेतावनी दी गई.वाघा बोर्डर को बंद करने का ऐलान किया गया.

पाकिस्तान ने भारत के लिए एयर स्पेस बंद करने का भी फैसला लिया है.मालूम हो कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक के बाद पाकिस्तान पर 5 सख्त फैसले लिए थे. इसके बाद आज बिहार में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि आतंकियों की मिट्टी पलीद कर दी जाएगी. भारत के फैसले पर अब पाकिस्तान ने भी सख्त फैसले लिए है.

पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा.पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी तरह के कारोबार को बंद करने का फैसला लिया है. साथ ही भारतीय उड़ानों के लिए पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस भी रोक दिया है. इसका मतलब है कि पाकिस्तान के एयरस्पेस से भारतीय विमान उड़ान नहीं भर सकेंगे. पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर तत्काल प्रभाव से बंद करने का फरमान सुनाया है. भारत से आने-जाने वाले लोगों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है. साथ ही जो लोग वैध वीज़ा से पाकिस्तान गए हैं, उन्हें 30 अप्रैल तक वापस लौटने को कहा गया है.सार्क वीज़ा योजना के तहत भारतीयों को जारी सभी वीजा रद्द करने का ऐलान लिया गया है. हालांकि सिख तीर्थयात्रियों को छूट रहेगी. बाकी सभी को 48 घंटे में पाकिस्तान छोड़ने का आदेश दिया गया है. इस्लामाबाद स्थित भारतीय सैन्य, नौसेना और वायुसेना सलाहकारों को अवांछनीय व्यक्ति घोषित कर 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा गया हैपाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग में स्टाफ की संख्या 30 तक सीमित की गई.

भारतीय एयरलाइनों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस तत्काल बंद करने का फैसला लिया गया है- भारत के साथ हर तरह का व्यापार, चाहे किसी तीसरे देश के रास्ते से हो, तत्काल रोका गया.

## लातेहार में तीन इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार एसपी कुमार गौरव के समक्ष गुरुवार को झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) नक्सली संगठन के तीन इनामी नक्सलियों ने गुरुवार को आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने तीनों नक्सलियों को माला पहनाकर स्वागत किया। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों में पालिंदर भोक्ता प्रमोद गंझु और तुलसी गंझु शामिल है। तीनों बालूमाथ के लक्ष्पुर के रहने वाले हैं। इनके ऊपर सरकार ने एक -एक लाख रुपए इनाम घोषित किया था।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के द्वारा पिछले कुछ वर्षो से नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे छापेमारी अभियान से नक्सली संगठन काफी कमजोर हो गए हैं।पुलिस के जरिये नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। इससे नक्सली भयभीत हैं। दूसरी और सरकार की ओर से जारी आत्म समर्पण नीति से भी नक्सली प्रभावित हो रहे हैं। सरकार के आत्म समर्पण नीति से प्रभावित होकर तीनों नक्सलियों ने लातेहार एसपी कुमार गौरव के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में एसपी ने तीनों नक्सलियों को माला बनाकर स्वागत किया और चेक प्रदान किया।एसपी ने अन्य नक्सलियों से भी अपील किया है कि अभी भी समय है ,नक्सली आत्म समर्पण कर दें। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकारी प्रावधान के तहत कई प्रकार की सुविधा दी जाएगी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

#### बिहार के मधुबनी में पीएम मोदी ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

# मिट्टी में मिलाने का समय आ गया : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी**

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में पहलगाम आतंकी अटैक में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी. नरेंद्र मोदी ने कहा कि पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला बिहार से जुड़ा है. बिहार और देश के विकास से जुड़ी योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, जिससे बिहार में रोजगार के नए मौके मिलेंगे.कहा कि 22 अप्रैल के पहलगाम में आतंकवादियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मिला है, उससे देशवासी व्यथित हैं, दुखी है. मृतक के परिजनों के साथ पूरा देश खड़ा है. घायल जल्द स्वस्थ हो इसके लिए प्रयास जारी है. आतंकी हमले में किसी ने बेटा, किसी ने भाई तो किसी ने अपना जीवन साथी खोया है. पीएम ने कहा कि हमारा आक्रोश एक जैसा है. ये



हमला निहत्थे पर्यटकों पर नहीं बल्कि भारत की आत्मा पर देश के दुश्मनों ने हमला करने का दुस्साहस किया है. जिन्होंने ये हमला किया है उन आतंकियों को और साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी. सजा मिलकर रहेगी. आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है.पीएम ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जहां महिलाओं को पंचायत में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. महिलाओं का विकास हो रहा है. सभी का विकास करना हमारा उद्देश्य है. हमारी बहन बेटियों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिले, इसकी कोशिश जारी है. सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है. बिहार में जीविका दीदी कार्यक्रम से महिलाओं का जीवन बदला है. पीएम ने कहा कि बीते दिनों ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है.

### 13,480 करोड़ योजनाओं की पीएम ने दी सौगात

मधुबनी के झंझारपुर में पीएम ने 13,480 करोड़ रुपये की कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. साथ ही प्रधानमंत्री पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र भी सौंपा गया. देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्त जारी की गई. पीएम मोदी ने बिहार में 1 लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश के अवसर पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी.

## अटारी-वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तानियों का जमावड़ा

**एजेंसी**

**अमृतसर :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है. सरकार ने भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान लौटने का आदेश दिया है. इस आदेश के बाद अटारी-वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तानियों का बड़ा हुजूम देखा जा रहा है. वहीं, वापस लौट रहे पाकिस्तान के नागरिकों में निराशा और हताशा का माहौल भी देखा गया.पाकिस्तान वापस लौट रहे नागरिकों ने बताया कि वे भारत घूमने आए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश आतंकी हमले के बाद उन्हें तुरंत देश छोड़ने का आदेश दिया गया है. उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे जा तो रहे हैं, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि इस मामले में जल्द ही उचित कार्रवाई होगी और दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध फिर से स्थापित होंगे.देश के विभिन्न हिस्सों से अटारी-वाघा सीमा पर घूमने आए भारतीय नागरिकों ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और मोदी सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ लिए गए फैसले को सराहनीय बताया. उन्होंने उम्मीद जताई कि मोदी सरकार जल्द ही इस मामले में सख्त कदम उठाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों.



## आतंकवाद ही असली दुश्मन, मोदी सबके साथ हैं : मुख्यमंत्री सरमा

**एजेंसी**

**होजाई (असम):** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिन्दुओं के साथ भी हैं और मुसलमानों के साथ भी। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि हमारा असली दुश्मन आतंकवाद और उसे फैलाने वाले लोग हैं।

देश से सच्चा प्रेम करने वाला कोई भी हिन्दू या मुसलमान कभी आतंकवाद का समर्थन नहीं करता।होजाई में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि हर चुनाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

यह साल हमारे लिए बहुत खास है और हमें हर निर्णय से पहले गहराई से विचार करना चाहिए।उन्होंने जनसभा की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं और लोगों से कहा कि वे इस जनउत्साह को महसूस करें।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) हमेशा जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है और इसमें कोई ढील नहीं बरती जाती।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# कैंप कार्यालय के आयोजन से लाभान्वित हो रहे आमलोग : उपायुक्त

## उपायुक्त के समक्ष प्राप्त हुए 70 से अधिक आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल कार्यालय भवन में आज जिला स्तरीय कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर आम लोगों की समस्याएं सुनी गई। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में आयोजित कैंप कार्यालय में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मीगण आमलोगों की समस्यायों को सुना और उसका निदान किया। कैंप कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर 70 से अधिक आमलोगों ने उपायुक्त शशि रंजन से सीधा मुलाकात की। उपायुक्त ने भी लोगों से सीधा मिलकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना। समस्या से संबंधित उनके आवेदन प्राप्त किए, आवेदन संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया और प्राथमिकता के तहत समस्या समाधान का निदेश दिया। उन्होंने समस्या का त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में समाधान करने हेतु निदेशित किया। कई मामलों में अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर स्थल का भौतिक सत्यापन कर आवेदकों को यथोचित लाभ पहुंचाने का निदेश दिया। कैंप कार्यालय में विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों ने भी आमजनों से अपने-अपने विभागों से संबंधित उनकी समस्याएं सुनी और उसका निष्पादन किया। साथ ही उपायुक्त द्वारा निदेशित व स्थानांतरित आवेदनों का निर्धारित समयावधि में निदान करने हेतु प्रक्रिया शुरू की। कैंप कार्यालय को लेकर अनुमंडल कार्यालय भवन में चहल-पहल रही। समस्या समाधान को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल रहा। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर आयोजित कैंप कार्यालय से स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। पदाधिकारी उनके नजदीक पहुंचकर उनकी समस्याएं दूर कर रहे हैं। इससे आमलोगों को समय और आर्थिक बचत हो रही है। साथ ही कैंप कार्यालय के तहत पदाधिकारी विभिन्न योजनाओं के तहत संचालित कार्यों एवं गतिविधियों का निरीक्षण कर रहे हैं। उपायुक्त खुद भी क्षेत्र का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा ले रहे हैं। इससे जिले के विकास कार्यों में गति मिल रही है।कैंप कार्यालय में हुसैनाबाद लंबी गली निवासी दिव्यांग प्रह्लाद ठाकुर ने उपायुक्त के समक्ष बैटरी वाली गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की। उपायुक्त ने जिला में गाड़ी की उपलब्धता के उपरांत उन्हें प्राथमिकता के तहत उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं हैदर नगर निवासी रजी अहमद खॉ ने सरकारी भूमि की बंदोबस्ती से संबंधित आवेदन दिया। उपायुक्त ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को जांच का आदेश दिया। पुर्णाडीह के सरोज राम ने पूर्वजों द्वारा बंटवारा किए गए भूमि को जबरन हड़पने का प्रयास करने से संबंधित समस्याओं को रखा। अनिका कुमारी ने बेदौलिया आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सेविका चयन को रद्द करने संबंधी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। इसके साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पहुंचे 70 से अधिक लोगों ने सीधा उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखी और उससे संबंधित आवेदन दिए। इन सभी पर गंभीरता दिखाते हुए उपायुक्त ने उनकी समस्याएं दूर करने की पहल की।

**कई सेवाओं का मिला लाभ**

उपायुक्त के कैंप कार्यालय में जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों से जुड़े प्राप्त आवेदनों के आलोक में कई मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए संबंधित व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। कैंप कार्यालय के तहत लोगों की समस्या सुनते हुए विभिन्न सेवाओं का लाभ लोगों को दिया गया। कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया गया। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल माफी संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही मईयां सम्मान योजना की राशि देने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किए जाने की पहल की गई।

# समता स्कूल में शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अमन चैन मोहल्ला स्थित एवं नहर मोड़ समता स्कूल परिसर में कशमीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निर्देशक सह प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा नागरिकों पर की गई गोलीबारी में 28 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज्यादातर लोग पर्यटक थे और 20 से अधिक घायल हो गए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका विमला कुंवर एवं सैकड़ो छात्राओं भी उपस्थित थे।

# विश्व गायत्री परिवार का ज्योति कलश रथ यात्रा हुसैनाबाद पहुंचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला-छत्तरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ स्थित चारधाम मंदिर परिसर में जिला संघचालक दिनेश कश्यप, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, चारधाम मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. अजय प्रसाद गुप्ता, गायत्री परिवार के बीएन शर्मा, बाबा द्रोणाचार्य तिवारी, अक्षय कुमार ने ज्योति कलश रथ का पूजा पाठ व आरती कर भव्य स्वागत किया। ज्योति कलश रथ यात्रा में रखे अखंड दीपक के दर्शन किया। नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने ज्योति कलश रथ यात्रा को एक आध्यात्मिक पहल बताया। कहा कि यह यात्रा गायत्री परिवार द्वारा आयोजित की गई है। इससे हर घर व दिल तक पवित्र ज्योति पहुंचेगी। इससे जागृति, शुद्धिकरण व सामूहिक परिवर्तन होगा। यह एक आध्यात्मिक आह्वान है। जो अंधकार को दूर कर चहुं ओर प्रकाशित करेगा। डॉ अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा के दौरान लोगों से शारीरिक श्रम, योग करने, और नशीले पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह किया जा रहा है। इस यात्रा का आयोजन विश्व गायत्री परिवार द्वारा पूरे देश में किया जाता है। इससे लोगों में देवत्व का उदय होगा। आत्मीयता, प्यार और सहकार से भरा वातावरण बनेगा।

# जिला उद्यान पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** गुरुवार को जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत दंगवार पंचायत के ग्राम नदियाई में एंव हैदरनगर प्रखंड कुकही पंचायत के ग्राम भैंस ना में किसानों द्वारा लगाए गए उत्पादन सब्जी फसल भिंडी, टमाटर, कद्दू, मिर्ची, और धनिया का निरीक्षण किया वहीं स्थानीय किसान राजकुमार मेहता से जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बीज की गुणवत्ता, लागत, उत्पादन, और बाजार मूल्य पर चर्चा की। उद्यान विभाग के उद्यान विकास एवं राष्ट्रीय उद्यान विकास योजना अंतर्गत प्रखंड के इच्छुक किसान को फल, फुल और सब्जी का बीज निःशुल्क दिया जाता है ताकि किसान आत्म निर्भर बनेंगे और अपना आय दुगुनी करेंगे। हुसैनाबाद प्रखंड के उद्यान मित्र कृष्ण बैठा ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा उद्यान विभाग से चलाई जा रही योजनाओं से किसान लाभान्वित हो रहे हैं। बहुत किसान केला, अमरूद, आम, नींबू, आंवला, का भी पौधा लगाया गया है। मौके पर हैदरनगर प्रखंड के उद्यान मित्र रामसुंदर प्रसाद मेहता, विवेक पाण्डेय, हरि महतो, जयश्री महतो सहित अन्य किसान मौजूद थे।

# किशुनपुर के पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी ने चार पनशाला का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन प्रखंड के किशनपुर में पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी ने अपने निजी खर्चे से चार पनशाला संचालित करवाया। इस मोके पर मनोरंजन गिरी ने कहाँ की गर्मी के दिनों में लोगों को पानी पिलाना पुनीत का कार्य है। यह पनशाला शाखा प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा किशुनपुर में, किशुनपुर देवी मंडप, श्री राम चौक, सोमवार बाजार, एवं मध्य विद्यालय के समीप प नशाला का उद्घाटन शाखा प्रबंधक किशनपुर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक संतोष कुमार झा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस गर्मी के दिनों में प्यासे लोगों को पानी पिलाना पुनीत कार्य है। जबकि पन शाला में शुद्ध पेयजल आरो का पानी एवं गुड़ का व्यवस्था समाजसेवी पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, बबलू पासवान, पूर्व उप मुखिया राकेश चौधरी, चंदन गुप्ता, मनोज मिश्रा सहित अन्य लोगों के सहयोग से गर्मी भर निरंतर चलेगा। चार पनशाला पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी के निजी खर्च के द्वारा संचालित है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, पंचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय, समाजसेवी राजीव प्रसाद मालाकार, मनोज मिश्रा, बबलू पासवान, चंदन गुप्ता, राकेश चौधरी, भोला पासवान, संतोष ठाकुर, विशाल कश्यप, राकेश गिरी, पंकज मालाकार, फील्ड अफसर जे आर जी बि किशुनपुर संजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पहलगाम में हुये आतंकी हमले के विरोध में आक्रोशित हिंदूवादी संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुये आतंकी हमले के विरोध में आक्रोशित हिंदूवादी संगठन द्वारा नप मुख्यालय में बुधवार की शाम सात बजे कैंडल मार्च निकाला गया.कैंडल मार्च की शुरुआत सोरडीहा स्थित 10+2 जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान से हुआ. जो नगर भ्रमण के बाद थाना मोड़-गांधी चौक होते हुये पंचमुखी मंदिर परिसर पहुंचा. जहां कैंडल मार्च सभा में बदल गया. कैंडल मार्च में युवा हाथ मे कैंडल व तख्ती लिये आतंकवादी विरोधी नारे लगाते हुये न्याय की मांग कर रहे थे.सभा समाप्ति से पहले युवाओं ने हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी.साथ ही आतंकी हमले का कड़ी निंदा करते हुये आतंकियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गयी. कैंडल मार्च में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन आंसरी, प्रादेशिक नेता ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, बबन राम, राजन पांडेय, पंकज कुमार लाल, संजय बैठा, विजय कुमार रवि, मनीष कुमार, सुनील कुमार चौधरी, रजनीश कुमार, इदरीश हवारी, बिहारी लाल गुप्ता, अमितेश्वर दयाल, संजय ठाकुर, राजेश मार्शल, अनुज गुप्ता, अमित सोनी, राजकुमार मेहता, शंकर केशरी, शशिकांत ठाकुर, कृष्णा केशरी, विकाश कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# एसडीपीओ ने किया पनशाला का उदघाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी राम प्रसाद (जर्दा मर्चेंट) एवं हृदयानंद कमलापुरी (रूपमहल ड्रेसेज) की ओर से गुरुवार को पिता स्व. रामदेनी साह एवं माता स्व. यमुना देवी की पुण्य स्मृति में चेचरिया में पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला का शुभारंभ एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने राहगीरों को पानी पिलाकर पनशाला की औपचारिक शुरुआत की। मौके पर राजा पहाड़ी शिव मंदिर के मुख्य पुजारी रामचंद्र पाठक, झारखंड चेंबर नगर इकाई के संरक्षक रवि प्रकाश, राम प्रसाद डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, अध्यक्ष शंभू सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, सर्वेश्वरी आश्रम के मंत्री हेमंत प्रताप देव, डॉ ओमप्रकाश, पूर्व वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू, मंदीप प्रसाद, महमूद आलम, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, मिंटू कुमार, मिक्की, संतोष कुमार, विद्याभास्कर उर्फ छोटू समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मेराल रेलवे स्टेशन पर सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का होगा ठहराव : वीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने संबंधी रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विदित है कि सिंगरौली पटना एक्सप्रेस का ठहराव कोविड-19 के समय से ही बंद कर दिया गया था। उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग गढ़वा जिला की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस संबंध में सांसद के द्वारा लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के दौरान, मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पत्राचार तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया गया था।श्री राम ने बताया कि उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर मेराल रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर सिंगरोली पटना एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जाएगा। इस ट्रेन के मेराल स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए देश के यशस्वी पीएम।नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्रीठुअश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट करता किया है। इस आशय की जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# मुखिया ने की मृतक परिजनों का आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत मुकुन्दपुर गांव निवासी स्व॰ परमेश्वर बियार कि पत्नी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में मुखिया मूंगा साह शामिल हुए। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बढाया।साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग किया। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि गरीब, असहाय परिवार का सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। किसी भी जरूरतमंद परिवार को उनकी मदद कि जरूरत है तो अवश्य सुचित करें। इस अवसर पर संतोष प्रसाद, उपेन्द्र चौबे, रमेश बियार, ओमनारायण गुप्ता, सेंडल बियार, उदय चौबे, दिनेश बियार, चरखु बियार, रघुवीर चंद्रवंशीसहित अन्य लोग मौजूद थे।

# टीचर नीड्स एनालिसिस के तहत ऑनलाइन परीक्षा का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत टीचर नीड्स एनालिसिस के तहत ऑनलाइन परीक्षा का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे, शिक्षक द्वरिका नाथ पांडेय, सीआरपी सजंय कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव व शक्ति दास सिंहा,ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। टेस्ट के पूर्व सभी शिक्षकों से सेंटा एप डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया था। यह टेस्ट 24 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलेगा। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का बैचवार टेस्ट लिया जायेगा। टीचर नीड्स अससेमेंट के तहत हो रहे टेस्ट निरीक्षण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने किया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने शिक्षकों से कहा कि विभागीय स्तर पर समय- समय पर इस तरह का टेस्ट लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाता है।शिक्षकों ने प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को परीक्षा में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया। इस पर श्री पांडेय ने परीक्षा में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने का निर्देश शिक्षक अविनाश कुमार, शशि कांत प्रसाद यादव, बीआरसी कंप्यूटर ऑपरेटर, बीआरपी, सीआरपी को दिया. मौके पर रिसोर्स शिक्षक शशि कांत पाल, कंप्यूटर ऑपरेटर राज कुमार, अरुण कुमार, अरविंद कुमार देव, बिनोद ठाकुर, अलीम आंसारी, विनोद महतो, सुजीत कुमार यादव सहित प्रशिक्षण स्थल पर सभी प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अपर समाहर्ता पलामू कुंदन कुमार ने गुरूवार को जनता दरबार के दौरान हुसैनाबाद अंचल कार्यालय को किया निरीक्षण दिए गए कई निर्देश एंव अनुमंडलीय जिला स्तरीय कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन कर भुमि संबंधित रशीद निर्गत दाखिल खारीज अन्य आमलोगों की समस्यायों को सुना और उसका निदान किया। कैंप लोगों से सीधा मिलकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना। समस्या से संबंधित उनके आवेदन प्राप्त किए, आवेदन संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया और प्राथमिकता के तहत समस्या समाधान का निदेश दिया। उन्होंने समस्या का त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में समाधान करने हेतु निदेशित किया।

## जाति प्रमाण पत्र फर्जी, पुष्टि के बाद भी नहीं हुआ कोई करवाई

# आवेदिका कविता कुमारी ने उपायुक्त पलामू को लिखित आवेदन देकर जांच करने की किया मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के कुहकुह गाँव में वर्ष 2023 में आंगनबाडी सेविका पद के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया था। जिसमें कुल पांच आवेदन प्राप्त हुआ था, जो दो आवेदन को छोड़कर शेष आवेदन को विचारधीन मे रखा गया। जबकी आरक्षित सीट ओबीसी थी। नौड़ीहा बाजार प्रखंड के तत्कालीन बाल विकास परियोना पदाधिकारी व महिला पर्यवेक्षक के निगरानी ग्राम सभा करायी गई थी। जबकी आवेदक संजू कुमारी पति राजेंद्र यादव व कविता कुमारी पति विकास कुमार यादव शेष बचे।



जबकी आवेदिका संजू कुमारी के मायके उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में है जबकी पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार अंचल कार्यालय से संजू कुमारी यादव पिता शंकर यादव के नाम से जाति प्रमाण निर्गत किया गया है। आखिर कार इस जाति प्रमाण निर्गत क्यों और कैसे हुआ है? इसके बावजूद भी अधिकारी ने आनन -फानन मे पदाधिकारी ने संजू कुमारी यादव के चयन कर आगे की करवाई के लिए अग्रसित कर दिया गया। इससे प्रतीत होता है कि इस मामला मे अधिकारी के द्वारा मोटी रकम लेकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र के पुष्टि होने के बाद भी आवेदिका संजू कुमारी यादव पति राजेंद्र यादव के नियुक्ति पत्र दी गई। आवेदिका कविता कुमारी ने द्वारा उपायुक्त पलामू को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग किया है। कविता कुमारी ने लिखित आवेदन दर्शाया है। अंचल कार्यालय के पत्रांक 479 दिनांक 29/11/2024 के आलोक मे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को जांच कर आगे की करवाई के लिए पत्र भेजी गई है , फर्जी जाति प्रमाण पत्र के पुष्टि भी हो गई है। कविता कुमारी ने समाज कल्याण पदाधिकारी से मुलकात करने के बाद कहा जाता है कि आगे की करवाई के लिए उप विकास आयुक्त पलामू के फाइल भेज दी गई। जब उप विकास आयुक्त से मिलने के बाद पता चला कि अभी तक चयन प्रक्रिया को रद्द नहीं किया गया। कविता कुमारी ने लाचार व विवश होकर उपायुक्त पलामू को लिखित आवेदन देकर नव नियुक्त सेविका संजू कुमारी को चयन प्रकिया रद्द करने के लिए गुहार लगाई है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### जैन मेमोरियल पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट 27 अप्रैल को 27जोड़ों का करायेगा सामूहिक विवाह- शाहदेव

**रांची** : लोवाडीह में शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी श्रवण जैन ने अपनी माताजी की स्मृति में फ्हीरामणि देवी जैन मेमोरियल पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्टफ् की शुरुआत की।ट्रस्ट का उद्घाटन पूर्व उपमहापौर रांची सह झारखण्ड कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने किया। उन्होंने कहा कि श्रवण जैन एवं उनकी धर्मपत्नी पायल जैन सामाजिक कार्य और परोपकार में हमेशा आगे रहते हैं। उनकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। ट्रस्ट की सचिव पायल जैन एवं कोषाध्यक्ष श्रवण जैन ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष मेरे पिता झूमर मल जैन हैं। इस ट्रस्ट के माध्यम से गरीबङ्कजरूरतमंदों के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कलाङ्कसंस्कृति इत्यादि के क्षेत्र में कार्य किए जाएंगे। आगामी 27 अप्रैल को हमारे द्वारा 27 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्टी अमित जैन, प्रदीप जैन, रमेश जैन, शोभा जैन, प्रेयल जैन, श्रेयल जैन, कमल जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए समय सारणी में बदलाव

**रांची।** गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार के निदेश के आलोक में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से कक्षा आठ की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से वर्ग 12 तक की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है।

### अनिल टाईगर हत्याकांड : परिजन बोले

# पुश्तैनी जमीन पर कब्जा जमाने के लिए रची गई साजिश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची** : भाजपा नेता अनिल टाईगर महतो की हत्या कोई मामूली वारदात नहीं, बल्कि 10 एकड़ पुश्तैनी जमीन पर कब्जा जमाने के लिए रची गई सुनियोजित साजिश है। ये बातें अनिल टाईगर के परिजनों ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपित खुला घूम रहा है। इसके कारण पीड़ित परिवार और आसपास के ग्रामीण दहशत में दिन गुजार रहे हैं। खंटगा, गागी, सुकरहुटू और गारू गांव के करीब 25-30 परिवारों की खेवट नंबर 4 वाली जमीन पर अनिल टाईगर का भी पुश्तैनी हक था। परिजनों का कहना है कि देवव्रत नाथ शाहदेव ने फर्जी डीड तैयार कर दस एकड़ जमीन पर कब्जा जमाने की चाल चली। जब अनिल टाईगर ने इसका विरोध किया तो उन्हें रास्ते से हटाने का षड्यंत्र रचा गया। पीड़ित परिजनों ने कहा कि जमीन विवाद को पैसों के लेन-देन का मुद्दा बताकर अनिल टाईगर की छवि धूमिल करने की सोची-समझी कोशिश हुई। अनिल के भाई अनुज महतो, पंकज मेहता, रवि प्रकाश, महतो,हेमंत तिर्की, राजेन्द्र मेहता ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि पैसे मांगने के आरोप निराधार हैं। असली वजह सिर्फ जमीन हड़पना है।

परिजन राजकुमार महतो ने कहा कि अज्ञात लोगों से जान से मारने की धमकियां मिली हैं। पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक ठोस कार्रवाई न होने से वे सहमे हुए हैं। ग्रामीण रैयतों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने झारखंड पुलिस से मांग की है कि मुख्य आरोपित को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए और मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। आरोपितों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जमीन पर अवैध कब्जे और गवाही देने वालों पर दबाव की आशंका बनी रहेगी।

## बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस कलस्टर में कांस्य पदक विजेताओं को किया डीजीपी ने सम्मानित


प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची** : महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रथम ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस कलस्टर 2024-25 के झारखण्ड पुलिस के विजेताओं को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि प्रथम ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस कलस्टर 2024-25 प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11.04.2025 से 15.04.2025 तक कोच्ची, केरला में केरला पुलिस के द्वारा किया गया था जिसमें देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रीय पुलिस संगठन से कुल-43 टीमों ने भाग लिया था। प्रथम ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस कलस्टर 2024-25 प्रतियोगिता में झारखण्ड पुलिस से बैडमिंटन में कुल-23 एवं टेबल टेनिस में कुल-08 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसके टीम मैनेजर श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, निदेशक, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग थे। इस प्रतियोगिता में झारखण्ड पुलिस ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टेबल टेनिस में कुल-05 कांस्य पदक प्राप्त किया, जिसमें 1. जी०ओ० वीमेन सिंगल टुर्नामेंट में श्रीमती ए० विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक (प्रशि०), झारखण्ड ने 01 कांस्य पदक 2. जी०ओ० मिक्स डबल टुर्नामेंट में ए० विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक (प्रशि०), झारखण्ड एवं अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, विशेष शाखा ने 01-01 कांस्य पदक 3. एन०जी०ओ० मेन्स डबल टुर्नामेंट में अजय भान थापा (पु०अ०नि०) एवं पंकज राय (हवलदार) ने 01-01 कांस्य पदक प्राप्त कर झारखण्ड पुलिस को गौरवान्वित किये।

इस उपलब्धि के उपरांत पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड ने विजेताओं को बधाई देते हुए मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, निदेशक, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग भौतिक रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री हेमंत, विधायक कल्पना और डीजीपी को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए और सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने गुरुवार को सुमन सौरभ नाम के युवक को मोरहाबादी मैदान से गिरफ्तार किया है। इसके बाद रांची पुलिस ने उस युवक को रामगढ़ पुलिस को सौंप दिया है। सुमन सौरभ ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन और डीजीपी के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया था। इसके बाद इसकी शिकायत पुलिस से की गयी थी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में रामगढ़ में मामला दर्ज किया गया था, इसलिए रांची पुलिस ने युवक को रामगढ़ पुलिस को सौंप दिया।

## वक्फ जमीन को बचाने के लिए वक्फ बोर्ड के सदस्य मिले मंत्री दीपक बिरुवा से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड वक्फ बोर्ड की प्रतिनिधिमंडल चाईबासा का दौरा किया। जिसमें बोर्ड के सक्रिय सदस्य जनाब इबरार अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता कलाम रशीदी व महबूब आलम अंसारी शामिल थे। चाईबासा स्थित वक्फ की उस 1.3 एकड़ की कीमती लीज जमीन को बचाना था, जो कि पिछले कुछ अरसे से बदहाली का शिकार है। इस जमीन पर मदरसा, मकान, स्कूल और कई दुकानें मौजूद हैं, लेकिन लंबे समय से रख-रखाव और प्रबंधन में कोताही के चलते आज यह सम्पत्ति न सिर्फ अपनी हालत पर आँसू बहा रही है, बल्कि लीज की बकाया भारी रकम के कारण राज्य सरकार द्वारा इसके अधिग्रहण का खतरा भी मंडरा रहा है।



इस नाजुक स्थिति को संजीदगी से लेते हुए, वक्फ बोर्ड झारखंड की ने चाईबासा सर्किट हाउस में झारखंड सरकार के भू-सुधार व परिवहन राज्य मंत्री दीपक बिरुवा से मुलाकात की। इस मुलाकात में वफद ने पूरी स्थिति से वाज़ेह तौर पर मंत्री को आगाह किया और उनसे दरख्वास्त की कि इस वक्फ जमीन को अधिग्रहण से बचाया जाए और इसके सुचारू संचालन व संरक्षण हेतु आवश्यक प्रशासनिक मदद उपलब्ध कराई जाए।

## पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क हृदय जांच शिविर 26 को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : पारस हॉस्पिटल एचइसी में 26 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा।

इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। इसके अलावा निःशुल्क ईसीजी जांच, ईको जांच और कोलेस्ट्राल जांच भी किया जायेगा।

इस शिविर का उद्देश्य हृदय संबंधी बीमारियों की रोकथाम और समय रहते उसके उपचार को बढ़ावा देना है। शिविर का लाभ उठाने के लिए पारस हॉस्पिटल से संपर्क करें। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि आम जनता को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें प्राथमिक जांच की सुविधाएं दी जाएं, जिससे बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सके।

पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल हमेशा मरीजों के हित का ख्याल रखती है। इसके लिए समय समय पर हॉस्पिटल की ओर से जांच शिविर लगाया जाता है।

इसी कड़ी में 26 अप्रैल को निःशुल्क हृदय जांच शिविर लगाया जा रहा है। आम लोग इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

## पहलगाम हमले में शहीद हुए मनीष रंजन रांची में आईबी पोस्ट पर कर चुके थे काम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये आईबी अधिकारी मनीष रंजन का पार्थिव शरीर गुरुवार को सुबह रांची एयरपोर्ट पहुंचा तो पूरा एयरपोर्ट गमगीन था। उनके पार्थिव शरीर को परिजन झालदा ले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा। मौके पर उनकी पत्नी और बच्चे वहीं बेसुध पड़े रहे। परिवार वालों ने कहा कि केंद्र सरकार आतंकियों के खिलाफ ठोस से ठोस कार्रवाई करे। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में टूरिस्ट स्पॉट पर आतंकी हमले में आईबी अधिकारी मनीष रंजन की जान चली गई थी। वे अपनी पत्नी जया मिश्रा, 12 साल के बेटे और 8 साल की बेटी के साथ कश्मीर घूमने गए थे, जहां आतंकियों ने उनपर गोली चला दी। मनीष रंजन हैदराबाद में आईबी के सेक्शन ऑफिसर के पद पर तैनात थे।

मनीष रंजन मूल रूप से करगहर प्रखंड के आरुही गांव के रहने वाले थे। उनके बड़े भाई मंगलेश कुमार मिश्रा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में वरिष्ठ शिक्षक हैं। वे झालदा में ही घर बनाकर पूरे परिवार के साथ रहते हैं। एयरपोर्ट पर झारखंड के नेता प्रतिपक्ष सह बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मनीष रंजन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, भारत सरकार ने अपना काम शुरू कर दिया है। मनीष रंजन पांच साल रांची के आईबी यूनिट में भी कार्यरत रहे थे।

रांची में साल 2017 से 22 तक वो बतौर सेक्शन अफसर तैनात थे। इसके बाद उनकी पोस्टिंग हैदराबाद आईबी में हुई थी। मनीष रंजन की पत्नी की नौकरी रांची में पोस्टिंग के दौरान ही बिहार में शिक्षिका के तौर पर हो गई थी, तब उन्होंने बिहार में पोस्टिंग की गुजारिश की थी, लेकिन तबादला हैदराबाद होने के कारण उनकी पत्नी ने नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। परिवार का कहना है कि उनकी पहली नौकरी एक्साइज इंस्पेक्टर के तौर पर थी, बाद में ब्लॉक अफसर बने। हालांकि, सरकार की लिस्ट में उन्हें एक्साइज इंस्पेक्टर बताया गया है।मनीष की शादी इलाहाबाद में साल 2010 में हुई थी।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का समीक्षा बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की समीक्षा बैठक विधानसभा स्थित विधायक क्लब में झारखंड आंदोलनकारी स्व. डॉ रोज केरकेट्टा व प्रसन्न कुमार दुबे को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ 30 सितंबर 2024 को हुई वार्ता से लेकर 24 मार्च 2025 को विधानसभा का घेराव के संदर्भ में विशेष चर्चा की गई. समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र मिलेंगे, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गांधी, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू से मिलकर अपनी मांगों से अवगत कराएंगे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की मांगे- झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने के बाध्यता दूर करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु.देने, राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, पुत्र पुत्रियों को रोजी रोजगार एवं नियोजन की गारंटी के सवाल किये जायेंगे। मांगे पूरी नहीं होने के स्थिति में राज्य के सभी आंदोलनकारी गण आमरण अनशन करने का सामूहिक निर्णय लिए। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष विदेशी महतो संचालन संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, विषय प्रवेश कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, स्वागत भाषण दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्षरोजलिन तिर्की एवं धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा बरदेवा ने किया। मौके पर महत्वपूर्ण विचार रखने वालों में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस के प्रदेश सचिव शशि भूषण राय, विस्थापितों के नेता अर्जुन कुमार महेश बांडो, भरदुल भुईया, लक्ष्मी कांत शुक्ला, अर्जुन कुमार, सतीश कुमार, वीरेंद्र ठाकुर, अमानत अंसारी, कार्तिक मुरल राम, राजू दांगी, शंख नाथ सिंह, जगदेव राम, सबीर अंसारी, प्रदीप सिन्हा, ठाकुर राम महतो, भारत महतो, सहदेव महतो, विजय टोप्पो, खोरश केरकेट्टा, एंथन लकड़ा, सुजीत कुमार राम, बाल किशुन उरांव, विनोद कुमार सिंह, महेंद्र ठाकुर, राजू कुमार, गणेश रवि, दिनेश महतो, गोपाल गुप्ता,सहित अन्य प्रमुख थे।

## आतंक के खिलाफ बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची के हेहल स्थित डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में पहलगाम के आतंकी हमले से मर्माहत बच्चों ने गुरुवार को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध किया। मौके पर बच्चों ने शांति, सामंजस्य लाने और आतंकवाद के विरोध को प्रदर्शित करते हुए हाथों में नारे लिखे हुए नजर आए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी भावना को व्यक्त करते हुए कहा कि एक उज्ज्वल और भयरहित समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए आतंकवाद का अंत होना अति आवश्यक है। आतंकवाद एक राजनैतिक एजेंडा नहीं बल्कि विश्व -कल्याण पर आघात है। इसलिए इसका समूल विनाश जरूरी है।




विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर और आस - पास के क्षेत्र में विश्व - बंधुत्व की परिकल्पना को परिलक्षित किया। विद्यार्थियों की व्यथित मन की भावना को विद्यालय की मुख्याध्यापिका रोशी वाधवानी तथा शिक्षक - शिक्षिकाओं ने समझते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

## आपके पास क्रिएटिविटी है तो आपके लिए प्रसार भारती लेकर आया है वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : प्रसार भारती द्वारा नवंबर 2024 में ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स का आरंभ भारतीय दर्शकों के समग्र डिजिटल मनोरंजन के उद्देश्य किया गया था। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र के दर्शकों के बीच डिजिटल पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है, उक्त जानकारी गुरुवार को रांची दूरदर्शन केंद्र में रांची दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी गई। उक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रभु शरण कार्यक्रम अधिशासी, अमन कुमार चैनल संचालन विशेषज्ञ, सुधीर कुमार कार्यक्रम अधिशासी सह मार्केटिंग हेड, समाचार एकांशी आकाशवाणी शिल्पी , दूरदर्शन समाचार हेड दिवाकर कुमार, संजीव कुमार ,जेवियर कांडुलना आदि उपस्थित थे। बताया गया कि वर्तमान समय को देखते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म की जिस तरह से डिजिटल युग में मांग बढ़ी है और युवाओं में नए-नए कटेंट , क्रिएटिविटी है , उस कंटेंट का सदुपयोग कैसे किया जाए और अपनी पहुंच और आर्थिक रूप से मजबूत कैसे बने इसको लेकर डिजिटल की दुनिया में ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के माध्यम से मौका दे रही है । वैसे लोग जुड़ सकते हैं जिसमें नए-नए कंटेंट, क्रिएटिविटी को लेकर वे सोसल साइट्स, फेसबुक, यु ट्यूब में सक्रिय हैं , ऐसे युवक, युवतियों के लिए सुनहरा अवसर है। वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को सुदृढ़ करेगा। इसमें प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) शामिल हैं। साथ ही आगे यह भी बताया गया कि वेव्स 22 भारतीय भाषाओं सभी प्रमुख प्रादेशिक भाषाओं में सूचना शिक्षा एवं मनोरंजन के संपूर्ण साधन उपलब्ध कराता है। वेव्स पौराणिक कथाओं, साहित्य, नृत्य एवं यात्रा संबंधी विस्तृत जानकारी सभी वर्गों के लिए उपलब्ध कराता है । वेव्स युवाओं में सृजनात्मक की अभिवृद्धि के उद्देश्य से सभी क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए एक साथ कई मंच प्रदान करता है । लेखन, निर्देशन इत्यादि वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स बाजार एक मंच पर कई प्रकार के व्यापार के लिए भी आमंत्रित करता है। रेडियो एवं गेम्स वेव्स अपने दर्शकों को नहीं मनोरंजन रेडियो




कार्यक्रम तथा विविध भारती , एफएम गोल्ड के साथ फ्री टू गेम्स भी इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है । वह अपने दर्शकों के लिए दूरदर्शन के सभी नेशनल एवं प्रादेशिक चैनलों के साथ कई अन्य मनोरंजन के चैनल यहां उपलब्ध है। बताया गया कि 1-4 मई, 2025 को मुंबई में होने वाले सबसे बहुप्रतीक्षित मीडिया और मनोरंजन कार्यक्रम देश भर से लोग जुटेंगे। पंजीकरण लिंक- https:// app. wavesindia. org/register/media. है।

## पुलवामा घटना से सबक लिया गया होता, तो पहलगाम में पर्यटकों का कत्लेआम नहीं होता : विनोद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'इंसानियत की हत्या' करार दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि इस घटना में हिंदू या मुस्लिम नहीं, बल्कि इंसानियत की हत्या हुई है।

पहलगाम में जिन पर्यटकों की हत्या की गई है, उनमें सिर्फ हिंदू नहीं बल्कि मुस्लिम ईसाई एवं विभिन्न धर्मों के लोग शामिल हैं। उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और मानवता को शर्मसार करने वाला बताया।झामुमो नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के नरसंहार की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि भारत सरकार को ऐसा कदम उठाना चाहिए जिससे भविष्य में कोई भी आतंकवादी कश्मीर की ओर देखने की हिम्मत न कर सके।

उन्होंने पहलगाम को देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और लोकप्रिय स्थल बताया। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह स्थान इतना संवेदनशील और लोकप्रिय है, तब हमले के वक्त वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों की अनुपस्थिति पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



झामुमो नेता ने कहा कि इस हमले के बाद देशभर में गम और गुस्से का माहौल है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में हुई इस चूक का जवाब धर्म नहीं हो सकता, बल्कि यह एक प्रशासनिक विफलता है।

उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की। विनोद कुमार पांडेय ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पुलवामा जैसे घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया। अगर सबक लिया गया होता, तो पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों का इस तरह से कत्लेआम नहीं होता।उन्होंने बताया कि हमले के बाद स्थानीय कश्मीरियों ङ्क टैक्सी ड्राइवरों, होटल संचालकों और घुड़सवारों ङ्क ने पर्यटकों की मदद कर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए निःशुल्क व्यवस्था की।

वहीं दूसरी ओर दिल्ली से फ्लाइट किराए में भारी वसूली की गई, जिससे लोग आहत हैं।उन्होंने केंद्र सरकार से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने और पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक के सवालों का जवाब देने की मांग की।

## एचईसी पहले भाजपा के नेता सी पी सिंह, नवीन जायसवाल का घर खाली कराए : डॉ0 इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : एचईसी के जमीन पर बाईपास के सामने बसी बस्ती को एचईसी और जिला प्रशासन के सहयोग से जमींदोज किए जाने के बाद वहां के बेघरों ने इंसाफ की गुहार लगाने स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से मुलाकात की। बेघरों का दर्द सुन इरफान अंसारी ने रोगड़ा सीओ पर जमकर भड़के । कहा सीओ गरीबों के घर पर बुलडोजर चलाना आसान होता है। अमीरों के घर पर चला कर



दिखाओ तो जाने ।इरफान अंसारी के रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी । बुलडोजर चलाने का इतना ही शौक है तो विधायक सी पी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक भानु प्रतापशाही के एचईसी की जमीन पर बने अवैध मकानो पर पहले बुलडोजर चलाएं।

## बचरा साईडिंग के मजदूरों ने बढ़ोतरी के साथ वेतन भुगतान की मांग को लेकर काम-काज किया बंद




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साईडिंग मे कार्यरत अंसगठित मजदुरो ने वेतन बढ़ोतरी के साथ भुगतान की मांग को लेकर बचरा साईडिंग का काम-काज को बंद कर दिया है।इस दौरान असंगठित मजदूरों ने साइडिंग परिसर में एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि 10 मार्च 2023 को हेम्स कम्पनी का बचरा साईडिंग मे रैक लोडिंग के लिए टेंडर हुआ।हेम्स कम्पनी आने के बाद मजदूरों की कई सुविधाओं में कटौती की गई।इसके खिलाफ मजदूरों ने कई बार आंदोलन भी किया।वहीं वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर 10 जनवरी 2025 को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो,पिपरवार महाप्रबंधक व हेम्स कम्पनी के साथ मजदूरों की वार्ता हुई।इस वार्ता में मजदूरों के वेतन वृद्धि पर सहमति बनी थी।लेकिन तीन महीना बीत जाने के बावजूद असंगठित मजदूरों के बीच बढ़ोतरी के साथ वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है।जिसके कारण मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कंपनी पुराने दर से ही वेतन का भुगतान करने की बात कह रही है,जिससे मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है।अंसगठित मजदूरों ने हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन भुगतान सहित अन्य सुविधा देने की मांग की है।इधर मजदूरों की बंदी की सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी और कंपनी के लोग साइडिंग पहुंचकर मजदूरों के साथ वार्ता किया। अधिकारियों के द्वारा मजदूरों को काफी समझाने का प्रयास किया गया,लेकिन मजदूर अपनी मांगों को लेकर अडिग है।मजदूर ने एक स्वर मे कहा कि जब तक बढ़ोतरी के साथ वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक बचरा साईडिंग का काम बंद रहेगा।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बेंती पंचायत में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत सचिवालय मे गुरूवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप जलाकर किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विस्तार से जानकारी दी गई।इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।साथ ही पंचायत के लोगो की विमिन्न समस्या और उसके समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया।पंचायत के लोगो तक योजनाओ का लाभ पहुंचाने मे हो रही परेशानी को जिला से अवगत कराने का भी निर्णय लिया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,पंचायत सचिव जयपाल टोपनो,वार्ड सदस्य सुनीता कुमारी,सहदेव उराव, आंगनबाड़ी सेविका रीना देवी,किरण देवी,गीता देवी, जल सहिया बॉबी देवी, जेएसएलपीएस सदस्य वीणा कुमारी,आशा कुमारी, पीएसएस मुकेश गंझू,सुरेंद्र महतो, सीएससी संचालक रोहित कुमार, समाजसेवी गणेश भुइयाँ, रामविलास गंझू,जगदीश भोगता, अरुण पासवान,रवि भुइयाँ सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## अभियुक्त के घर में इश्तिहार चिपकाया गया



**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुढ़मू थाना कांड संख्या 36/24धारा 384/387,120,B भादवि 1-bA/26/35 आर्म्स एक्ट 17 CLA के प्राथमिक अभियुक्त 1,अनीश अंसारी उर्फअविनाश पिता उस्मान अंसारी ग्राम मत्तवे थाना बुडमू जिला रांची 2,दिवाकर गंझु उर्फ प्रताप जी पिता भादो गंझु ग्राम देवगढ़ थाना बड़का गांव जिला हजारीबाग दोनों उक्त कांड संख्या में फरार चल रहे हैं जिनके खिलाफ आज न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार को बुढ़मू थाना के अवर निरीक्षक रवि रंजन कुमार और लवकुश कुमार सशस्त्र बल की पुलिस एवं बड़कागांव थाना के बसंत भगतऔर सशस्त्र बल के पुलिस द्वारा गाजे बाजे के साथ अभियुक्त के घर में इश्तिहार चिपकाए गया।

## 281 टीबी रोगियों के बीच पोषण किट वितरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** विविधतापूर्ण अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में सभी समुदायों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच को सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर धनबाद जिले में एसीसी सिंदरी के पास बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छह महीने की अवधि के लिए क्षेत्र में तपेदिक (टीबी) रोगियों की सहायता करना था। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) का समर्थन करते हुए, एसीसी और अदानी फाउंडेशन ने हाल ही में तपेदिक (टीबी) रोगियों को 281 पोषण किट प्रदान किए हैं। इन किटों में प्रोटीन सप्लीमेंट, विटामिन, दालें, अनाज और संतुलित आहार बनाए रखने और रोगियों के लिए समग्र स्वास्थ्य देखभाल के बारे में बहुमूल्य जानकारी के साथ पोषण संबंधी मार्गदर्शिका शामिल है। कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों ने टीबी के लक्षणों, उपचार का पालन करने के महत्व और ठीक होने में उचित पोषण की भूमिका पर एक शैक्षिक सत्र आयोजित किया। उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने और दवा के शेड्यूल का पालन करने की सलाह भी दी।अपने पहले के प्रयासों के आधार पर, अदाणी फाउंडेशन की ओर से यह सहायता प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को बढ़ाएगी, रिकवरी में तेजी लाएगी और तपेदिक (टीबी) रोगियों के लिए उपचार के परिणामों में सुधार करेगी। धनबाद की एक मरीज मीना देवी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, ÷यह पोषण किट हमारी स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने में हमारी मदद करेगी। अदाणी फाउंडेशन की पहल हमारे लिए एक बड़ा समर्थन है।

### पिपरवार एरिया की मेजबानी मे बचरा ऑफिसर्स क्लब मे एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

## सीसीएल के पांच क्षेत्रो के कर्मियो को दिया गया प्रशिक्षण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब मे गुरूवार को पिपरवार एरिया प्रबधंन की मेजबानी मे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के निर्देश पर आयोजित किया गया,जिसमे सीसीएल के पांच क्षेत्रो के अधिकारी एंव कर्मचारी शामिल हुए।वेबब्रीज संचालन और रख रखाव पर क्षमता निर्माण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमे पांच क्षेत्रो के ईएंडटी, ईएंडएम,पर्सनल और सिविल विभाग के कर्मी शामिल हुए।मुख्य अतिथि के रूप मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के विजिलेंश विभाग के चीफ मैनेजर माईनिंग विमल कुमार और चीफ मैनेजर सिविल विजिलेंस डिपार्टमेंट के विवेक कुमार मौजुद थे।कार्यक्रम मे पिपरवार क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर माईनिंग सुभोजित हलदार ने सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया।जिसके बाद सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस से आये अधिकारियों ने प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से सीसीएल अधिकारियों एवं कर्मियों को कई प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि अपने कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सबसे जरूरी है।इस तरह के कार्यशाला से पारदर्शिता और गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त होती है। समय-समय पर इस तरह के आयोजन होने से अधिकारियों एवं कर्मियों को इसका लाभ मिलता है। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने किया।इस मौके पर अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह,कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, स्टाफ ऑफिसर माईनिंग सुभोजित हलदार, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो,कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, सिविल अधिकारी आभाष त्रिपाठी,अखिल पाण्डेय, इमामउल हक,सन्नी कुमार, विकाश कुमार,अभय कुमार, मुनमुन सिंह,एसडी राम, विकास पाण्डेय सहित पिपरवार,एनके एरिया, मगध संघमित्रा,आम्रपाली चन्द्रगुप्त और रजहरा एरिया के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए।

## डोम्बारी बुरु में पर्यटन विकास हेतु राज्य स्तरीय टूरिज्म कंसल्टेंट टीम का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** डोम्बारी बुरु क्षेत्र के समग्र पर्यटन विकास को लेकर आज राज्य स्तरीय टूरिज्म कंसल्टेंट की एक विशेष टीम ने स्थल का दौरा किया। टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां प्रस्तावित विकास कार्यों जैसे रोपवे, शौचालय, कैफेटेरिया, फेंसिंग एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक समेकित रिपोर्ट तैयार की गई, जिससे डोम्बारी बुरु को पर्यटन के क्षेत्र में विशेष स्थान दिलाया जा सके। प्रस्तावित विकास कार्यों का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक महत्त्व को संरक्षित रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, पंचायत सचिव, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। डोम्बारी बुरु क्षेत्र के पर्यटन विकास से न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य के सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी।

### पंचायत सचिवालयों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

## स्वच्छता की ली गई शपथ, विकास योजनाओं पर हुई चर्चा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कराँजी पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया फ्रांसिसका मिंज ने की। इस अवसर पर पंचायत सचिव रूखसाना प्रवीन ने उपस्थित ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ दिलाई और राष्ट्रीय पंचायत दिवस के बारे में बतलाए। मुखिया फ्रांसिसका मिंज ने विशेष ग्राम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत के समग्र विकास के लिए वर्तमान में संचालित सरकारी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए। साथ ही, दीर्घकालिक विकास योजनाओं को भी प्राथमिकता के साथ निर्धारित किया जाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में पंचायत की प्रगति की गति को और बल मिल सके। ग्राम सभा के दौरान पंचायत कार्यकारिणी द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं को रजिस्टर में सूचीबद्ध किया गया। कार्यक्रम में बैठक में बबलु खान, सोयब अंसारी, मनकु कुजूर, रोजगार सेविका संतोषी डुंगडुग, तबरेज अंसारी, मतीन अंसारी, परवेज अंसारी, नुरसबा खातुन, रकिब अंसारी, बंधना कच्छप सहित ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने पंचायत के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## पिपरवार के बहेरा गांव में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कर्बला मैदान मे गुरवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के संगठित एंव असंगठित मजदूरो एवं विस्थापितो की कई ज्वलंत समस्याओ पर चर्चा की गई।साथ ही पीट आफिस मे पीने का ठंडा एवं शुद्ध पेयजल,शौचालय, कैंटीन,रेस्ट सेलटर,सर्विस बुक मे सुधार,आवास आवंटन व मरम्मत, कॉलोनी मे सुचारू रूप से सफाई, सेवानिवृत्त कर्मचारियो का बकाया भुगतान,असंगठित मजदूरो का निजी कम्पनियो मे बहाली एवं कार्यरत कर्मियो को एचपीसी की अनुशंसा के मुताबिक भुगतान एवं सुविधा मुहैया कराने, आरएंडआर पालिसी के तहत विस्थापितो को नौकरी,मुआवजा,रोजगार,पहचान पत्र,शिक्षा, चिकित्सा आदि मुद्दे पर गहन विचार विमर्श कर संगठन को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे युनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एंव सचिव को माला पहनाकर जोरदार स्वागत मजदूरो ने करते हुए बधाई दिया।बैठक मे इक़बाल हुसैन,परमेश्वर गंझु,रामचंद्र उरांव, अनिल राम,बीरू मुंडा,मुकेश साव, मोहम्मद नाजिर, हाजी तनवीर,रघुनाथ प्रजापति, इलियास टाना भगत, सैफुलला,जसीम अंसारी, अशोक पांसी,दिनेश राम, रंका भगत,संजय पासवान, साजिद हुसैन,सुरेश गंझु, गणेश गंझु,विकास खलखो सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## मांडर प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड मुख्यालय सभागार में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मांडर और पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के महत्व पर चर्चा की गई। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों और पंचायत समिति के सदस्यों ने पंचायती राज व्यवस्था के विकास और सुधार के लिए अपने विचार साझा किए और पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए योजनाएं बनाई गई। ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका को और प्रभावी बनाने के लिए चर्चा हुई।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में कंप्यूटर नेटवर्क एवं राउटर कॉन्फ़िगरेशन पर किया कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के गोहाल भवन में गुरुवार को कंप्यूटर नेटवर्क एवं राउटर कॉन्फ़िगरेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान के द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं द्धन्नष्ट समन्वयक हरे कृष्णा, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं NAAC क्राइटेरिया-4 प्रभारी अनुराग कुमार प्रसाद, तथा RTCIT से आमंत्रित टेक्निकल असिस्टेंट अमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यशाला में प्रतिभागियों को कंप्यूटर नेटवर्किंग के मूलभूत सिद्धांतों से लेकर उन्नत राउटर कॉन्फ़िगरेशन तकनीकों तक की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों को प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से नेटवर्क सेटअप, IP एड्रेसिंग, सबनेटिंग, राउटर सेटिंग्स एवं ट्रबलशूटिंग आदि के विषय में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संस्थान के प्राचार्य अयोध्या कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएं छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने में अत्यंत सहायक होती हैं और उनके करियर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मौके पर मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ मनोज कुमार माइनिंग डिपार्टमेंट के एचओडी सोहन टोप्पो, इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट के एचओडी अखिलेश कुमार कंप्यूटर इंजीनियरिंग के एचओडी संतोष कुमार व्याख्याता संजय कुमार मनोज यादव भूपेंद्र कुमार मनोरंजन कुमार उपस्थित रहे।कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए अपने संदेहों का समाधान प्राप्त किया।

### कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम अधिकार मंच द्वारा इटकी में विशाल कैंडल मार्च

## पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे व आतंकियों को सार्वजनिक फांसी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में झारखंड के इटकी में मुस्लिम अधिकार मंच के तत्वावधान में एक विशाल कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस शांति मार्च के माध्यम से न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष अफसर इमाम ने की और उपाध्यक्ष मुर्तज़ा आलम ने इसका संचालन किया।

मार्च की शुरुआत शाम 7 बजे इटकी बाजार चौक से हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए थाना चौक पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हाथों में मोमबत्तियाँ और विरोध से भरे बैनर लिए हुए थे। ÷पाकिस्तान मुर्दाबाद÷, आतंकवाद मुर्दाबाद, देश एकजुट है, आतंकियों को फांसी दो जैसे नारों से इटकी की गलियाँ गूंज उठीं।

**मंच ने की बड़ी मांगें :** मुस्लिम अधिकार मंच ने केंद्र और राज्य सरकारों से मांग की कि इस हमले में मारे गए नागरिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाए।

**मंच के अनुसार :** केंद्र सरकार प्रत्येक शहीद के परिवार को 5 करोड़ रुपये की सहायता राशि दे। संबंधित राज्य सरकारें अपने-अपने राज्य के शहीदों को 50-50 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता दें। आतंकियों को गिरफ्तार कर सार्वजनिक स्थल पर फांसी दी जाए, ताकि यह एक चेतावनी बने और आतंक की जड़ें उखाड़ी जा सकें।

अफसर इमाम ने कहा, यह सिर्फ कश्मीर का हमला नहीं है, यह पूरे भारत की आत्मा पर चोट है। अब समय आ गया है कि हम सिर्फ निंदा नहीं करें, बल्कि ठोस कदम उठाएं। पाकिस्तान जैसे देश जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उनके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जानी चाहिए।

उपाध्यक्ष मुर्तज़ा आलम ने कहा, हम भारत सरकार से यह स्पष्ट मांग करते हैं कि दोषियों को पकड़कर तुरंत न्याय दिलाया जाए और उन्हें सार्वजनिक स्थल पर फांसी दी जाए ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत न कर सके।

**कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित :** कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं, और समाजसेवियों की भागीदारी देखने को मिली। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में मोहम्मद अकील, मोहम्मद रिज़वान, गुलजार अंसारी, लाला खान सहित अन्य गणमान्य लोग भी शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद का विरोध किया और शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शांति और एकजुटता का संदेश :** मार्च के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। यह आयोजन न केवल संवेदना का प्रतीक था, बल्कि यह भी दिखाता है कि देश का हर नागरिक आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और अब सख्त कार्रवाई चाहता है।

## बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को निऱ्शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न प्रकार के टीका लगाया गया।शिविर में काफी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई।इस संबंध में बताया गया कि सदर अस्पताल चतरा एवं टंडवा स्वास्थ्य केंद्र के निर्देश पर प्रत्येक माह के चौथा गुरुवार को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाता है,जिसमें शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया जाता है। शिविर में डीपीटी, खसरा, हेपेटाईटिस, मिजिल्स सहित अन्य कई प्रकार के टीके लगाए गए। इस मौके पर एएनएम फुलकुमारी, सहिया आशा देवी, यशोदा देवी व सहायिका सहित कई लोग मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

मै **Vigal Bhagat** पिता स्वश **Shivram Bhagat.** उम्र- 63 वर्ष. गॉव उचरी, पोस्ट-नगरा, थाना-माण्डर.जिला रॉची. [झारखण्ड) - 835205. आधार नं 816342531712 शपथपुर्वक घोषणा करता हूँ कि:

1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हॅ एवं उपरोक्त पते पर रहता।

2.यह कि **Vigal Bhagat.** पिता **Late Shivram Bhagat** एवं **BIGAL BHAGAT** पिता सव० **SEORAM BHAGAT** दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है ।

3. यह कि मेरा आधार कार्ड नं 816342531712 और पैन कार्ड न0- **BWLPB6589B** दर्ज हैं जो की सही है । यह कि मेरा डमजस्पमिपॉलिसी बाण्ड नं 1200500087324 में मेरा नाम **BIGAL Bhagat** पिता **LATE SEORAM BHAGAT** गलती से हो गया है। मेरा नाम **Vigal** भगत . पिता **LATE SHIV-RAM BHAGAT** है जो कि सही है ।

5. यह शपथ पश्चिम बंगाल. पिता **LATE SHIVRAM BHAGAT** है जो नाम के सही होने के लिए सात्यापन के लिए बनाया जा रहा है ।

6.यह कि उपरोक्त लिखीत सारी बातें सत्य हैं यदि गलत पाये गई तो उसकी सारी जिम्मेदारी में होऊंगा।

यह शपथ पत्र आज दिनांक 17.04.2025 ई0 को कोर्ट परिसर में सम्पादित होता है ।

## ईचागढ़ प्रखंड में 78 लाख रुपये लागत से चेक डैम और नई सड़कों का शिलान्यास



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । सरायकेला खरसांवा जिले के ईचागढ़ प्रखंड के बारुणा नाला पर 78 लाख रुपये की लागत से चेक डैम का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। विधायक सविता महतो ने नीमडीह प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दो प्रमुख सड़कों और चेक डैम का शिलान्यास किया। पहली सड़क आरईओ रोड से काशीडीह होते हुए मधुपुर तक 2.12 किमी लंबी है, जिसकी लागत 1.88 करोड़ रूपये है। दूसरी सड़क पीडब्ल्यूडी रोड बांदु निर्मल महतो चौक से बागड़ी लागड़ी होते हुए डूंगरीपार तक 7 किमी लंबी है, जिसकी लागत 5.31 करोड़ रूपये है। चेक डैम का निर्माण किसानों को सालभर सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराएगा। विधायक ने संवेदकों को कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता से पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, पंचायत मुखिया वरुण सिंह और उपमुखिया मनसा सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## साकची आमबगान में फन वर्ल्ड डिज़्नीलैंड मेले का शुभारंभ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । साकची आमबगान मैदान में बहुप्रतीक्षित फन वर्ल्ड डिज़्नीलैंड मेले का शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) नीरज मिश्रा एवं साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पहलगांव हिंसा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। मेले के संयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य आकर्षण सिंगापुर एयरलाइंस का मुख्य द्वार, सुनामी झूला, रिवॉल्विंग चेयर व अन्य मनोरंजक झूले हैं। 'मिनी भारत' की झलक लिए इस मेले में विभिन्न राज्यों के परिधान, हस्तशिल्प, फर्नीचर व व्यंजन स्टॉल लगाए गए हैं। यह मेला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर शत्रुघ्न गिरी, समरेन्द्र सिंह एवं कौशल पर्वत भी उपस्थित थे।

## हौसलों की उड़ान : जमशेदपुर की महिलाओं ने फतह किया सिक्किम के गोएचला ट्रेक



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । जमशेदपुर की आठ जुझारू महिलाओं ने सिक्किम के दुर्गम गोएचला ट्रेक को पार कर साहस और दृढ़ता की मिसाल पेश की है। निशा रिंगसिया, रश्मि, शिल्पी, पूजा, दीप्ति, मंजूश्री, सोमा और रीना–विभिन्न पेशों से जुड़ी ये महिलाएं जीवन के एक ऐसे मोड़ पर इस चुनौती पर निकलीं, जब अक्सर लोग थमने लगते हैं। 5 अप्रैल से शुरू हुई यह रोमांचक यात्रा 'एका एक्सपीरियंस' के सहयोग से संपन्न हुई, जिसने मार्गदर्शन, सुरक्षा और समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। पूर्वी हिमालय में स्थित गोएचला दर्रा कंचनजंगा के अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है, पर यह ट्रेक अत्यंत कठिन माना जाता है। खड़ी चढ़ाइयों, बर्फीली हवाओं और थकान भरे रास्तों के बीच, इन महिलाओं ने आत्मबल और दोस्ती के सहारे यह मुकाम हासिल किया। एक ट्रेकर ने कहा, हमने सिर्फ़ पर्वत नहीं चढ़ा, खुद को भी पार किया।

## अंचलाधिकारी का जन वितरण प्रणाली विक्रेता पर औचक निरीक्षण



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दीपक प्रसाद ने जन वितरण प्रणाली विक्रेता के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर औचक निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने शिकायत में कहा था कि ईचागढ़ और धातकीडीह में विक्रेता द्वारा समय पर अनाज और अन्य सामग्री जैसे लूंगी, साड़ी, धोती का वितरण नहीं किया जा रहा है। अंचलाधिकारी ने विक्रेता को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिया कि हर माह समय पर वितरण किया जाए। इसके अलावा, मनमोहनी महिला समिति धातकीडीह के निरीक्षण में जन वितरण प्रणाली की दुकान बंद पाई गई। अंचलाधिकारी ने कहा कि विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी यदि समय पर वितरण सुनिश्चित नहीं किया जाता है।

## साकची में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का पुतला दहन, सर्जिकल स्ट्राइक की मांग



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : जमशेदपुर के साकची बड़ा गोलचक्कर पर हिंदू जागरण मंच ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष बलबीर मंडल के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राष्ट्रभक्त नागरिक शामिल हुए। बलबीर मंडल ने केंद्र सरकार से आक्रामक सर्जिकल स्ट्राइक की मांग की और तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब देना होगा। कार्यक्रम में सोमू सरदार, पप्पू उपाध्याय, चिंटू सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बोड़ाम के पहाड़पुर में बाइक-टेम्पो टक्कर, मुखिया पुत्र की मौत, 2 अन्य घायल



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बोड़ाम थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में गुरुवार को सुबह करीब 9 बजे हुई एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बेलटांड़-रघुनाथपुर मुख्य सड़क पर हुई, जब तीन युवक बाइक पर सवार होकर लावजोड़ा हाथीखेदा मंदिर जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार टेम्पो से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां बाइक चालक बादल सिंह (21) को मृत घोषित कर दिया गया। बादल सिंह चालियामा पंचायत के मुखिया मंगली सिंह का इकलौता पुत्र था और सिंहभूम कॉलेज चांडिल में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। अन्य दो घायलों, रवि रजक और मदन सिंह का इलाज अस्पताल में चल रहा है। टेम्पो चालक फरार हो गया, और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### कोल्ड रोलिंग मिल ने पूरे किए 25 साल, टाटा स्टील ने मनाई गौरवशाली उपलब्धि

# जमशेदपुर की सीआरएम से बदली भारत की स्टील इंडस्ट्री की तस्वीर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** । टाटा स्टील की कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम), जमशेदपुर ने बुधवार को अपने स्थापना के 25 साल पूरे किए। 24 अप्रैल 2000 को शुरू हुई यह मिल देश में उन्नत स्टील निर्माण की दिशा में एक अहम कदम थी, जिसने अब तक करीब 3.8 करोड़ टन स्टील का उत्पादन किया है। टाटा स्टील द्वारा वर्ष 1993 में शुरू किए गए आधुनिकीकरण अभियान के तहत बनी इस मिल का उद्घाटन टाटा समूह के तत्कालीन चेयरमैन स्व. रतन टाटा ने किया था। इसने भारत में पहली बार गैल्वनील्ड स्किन पैनल, हाई टेन्साइल स्टील और फ्यूल टैंक ग्रेड स्टील जैसे कई खास उत्पाद तैयार किए हैं, जो खासकर ऑटोमोबाइल उद्योग में इस्तेमाल होते हैं। इस अवसर पर टाटा स्टील जमशेदपुर के उपाध्यक्ष (ऑपरेशंस) चैतन्य भानु ने कहा कि यह सुविधा कंपनी की नवाचार क्षमता और गुणवत्ता प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शुरुआत में 1.2 मिलियन टन वार्षिक क्षमता से शुरू हुई मिल अब 2.0 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। यह संयंत्र अब ऑटो, निर्माण और उपकरण उद्योगों की रीढ़ बन चुका है।

## अल्ट्रासाउंड सेंटरों में लिंग निर्धारण अपराध है का लगाना होगा बोर्ड

- पी.सी.पी एंड डी.टी एक्ट पर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में पी.सी.पी एंड डी.टी एक्ट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान ने की। इसमें एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल और अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पी.सी.पी एंड डी.टी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन पर विचार किया गया। एडीएम ने सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों में लिंग निर्धारण अपराध है। का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अनधिकृत रूप से चल रहे सेंटरों की जांच करने और लिंग चयन पर रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। बैठक में 20 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 03 सेंटरों को नया लाइसेंस, 01 का रिन्युअल और 04 के नाम में बदलाव की स्वीकृति दी गई। एडीएम ने अवैध सेंटरों को बंद करने की चेतावनी भी दी।

## आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को मिला शिक्षा में उत्कृष्टता का सीएसआर पुरस्कार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : नई दिल्ली स्थित होटल ली मेरिडियन में कॉम्पिटिशन सक्सेस रिव्यू द्वारा आयोजित समारोह में आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को टॉप लीडिंग इंस्टीट्यूट फॉर एक्सीलेंस इन एजुकेशन के खिताब से सम्मानित किया गया। कॉलेज के चेयरमैन बिंदा सिंह व कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किया। शत्रुघ्न सिंह ने इसे 55 संस्थानों में चयनित होकर मिली बड़ी उपलब्धि बताया और इसके लिए प्रबंधन, शिक्षकों, छात्रों व पूर्व छात्रों के योगदान को श्रेय दिया। प्रशिक्षण व प्लेसमेंट प्रमुख डॉ. विक्रम शर्मा ने बताया कि यह सम्मान पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत प्राप्त हुआ। कॉलेज के पुस्तकालय में 42,633 पुस्तकें, 911 ऑनलाइन जर्नल, 55 प्रयोगशालाएं, 3 वर्कशॉप, ए आई व वीएलएसआई लैब जैसी सुविधाएं हैं। प्राचार्य प्रो. डॉ. राजेश कुमार तिवारी ने इसे कॉलेज की 21 वर्षीय यात्रा का स्वर्णिम पड़ाव बताया।

## शहर लौटते ही कांग्रेस नेता अंसार खान पहुंचे बिजली विभाग, ईई को सौंपा चार सूत्री मांगपत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** । पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के विधायक प्रतिनिधि अंसार खान ने शहर लौटते ही मानगो क्षेत्र की बिजली समस्याओं को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता (ईई) कपिल रंजन से मुलाकात की। अंसार खान ने अवगत कराया कि 2 अप्रैल को मानगो की बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के जीएम को चार सूत्री मांगपत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने ईई से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।इस पर विद्युत कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि शनिवार से जवाहर नगर रोड नंबर 13 और गुलाब बाग फेस-2 में ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही सोमवार से वारिस कॉलोनी में बिजली पोलों की स्थापना शुरू होगी। प्रतिनिधिमंडल में महिला कांग्रेस जिला महासचिव रश्मि निगार, एमडी जुबेर मलिक, मोहम्मद अलाउद्दीन, मोहम्मद आकिब खान, मोहम्मद अफरीदी, अली इमाम एवं नूर आलम उपस्थित थे।

## पटमदा कॉलेज में पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : स्थित डिग्री कॉलेज जाल्ला में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। यह कार्यक्रम कॉलेज की एनएसएस यूनिट-1 और 2 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। सभा के दौरान सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो ने कहा कि यह हमला देश की एकता और शांति पर सीधा प्रहार है, जिसका कड़ा जवाब दिया जाना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में विश्वनाथ महतो, बिश्वजीत महतो समेत कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

## मंत्री रामदास सोरेन की तत्परता से सुंड़गी में लगा नया ट्रांसफार्मर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा** । झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के मंत्री रामदास सोरेन के हस्तक्षेप से गुड़ाबांदा प्रखंड के भालकी पंचायत अंतर्गत सुंड़गी गांव में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। उल्लेखनीय है कि लगभग 15 दिन पूर्व गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी हो रही थी। ग्राम प्रधान आचाम मुर्मू द्वारा झामुमो पंचायत अध्यक्ष बिमल कर्मकार को सूचना दी गई, जिन्होंने तत्क्षण मंत्री सोरेन को मामले से अवगत कराया। मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसी दिन नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर की स्थापना से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने मंत्री रामदास सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आचाम मुर्मू, पंचायत कोषाध्यक्ष मोहन लाल मुर्मू सहित कई ग्रामीण एवं विद्युत विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

## जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को झामुमो ने दी श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** । झारखंड मुक्ति मोर्चा, पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में आज जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसमें उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुमन महतो, पूर्व विधायक कुणाल सारंगी, शेख बदरुद्दीन, प्रमोद लाल, वीर सिंह सुरीन, सागेन पूर्ति, अरुण प्रसाद, राजा सिंह, फैयाज खान, फतेह चंद्र टुडू, खुददु उरांव, देवजीत मुखर्जी, के के मिश्रा, अवतार सिंह सिद्धू समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। झामुमो ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## मानगो फ्लाईओवर निर्माण में बाधा दुर्भाग्यपूर्ण, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** । जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय द्वारा मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य में बाधा डालने के विरोध में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।श्री दुबे ने कहा कि यह फ्लाईओवर परियोजना मानगो सहित पूरे जमशेदपुर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगी। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने किया था और पूर्व मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने इसे धरातल पर उतारा। उन्होंने कहा कि श्री सरयू राय लगातार जनहित में बाधा पहुँचाते रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की कि श्री राय पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज हो, अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।इस मौके पर प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, मनोज झा, रेयाज खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आज़ाद, संजय तिवारी, सुखदेव सिंह मल्ली, अमर कुमार मिश्रा, धर्मा राव, राजेश चौधरी, शिबु सिंह, परविंदर सिंह सोहल, रंजीत सिंह, जे.पी. साहू, कौशल प्रधान, सूरज मुंडा, लखिंदर करुवा, इरशाद हैदर, जफर अहमद, अजय शर्मा, हरिहर प्रसाद, सन्नी सिंह, सचिन कुमार सिंह, प्रवीण साहू, अगस्टीन विल्सन, मुकेश गुप्ता, कान्तू यादव, बेलाल गुफरानी, कुमार गौरव समेत अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## सुरक्षा सर्वोपरि : चक्रधरपुर मंडल द्वारा अपनाए गए सुरक्षा उपायों पर प्रेस वार्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर/चक्रधरपुर**। आज चक्रधरपुर स्थित डिविजनल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य चक्रधरपुर मंडल द्वारा हाल ही में अपनाए गए सुरक्षा उपायों की जानकारी साझा करना था। इस प्रेस वार्ता की अध्यक्षता तरुण हुरिया (डीआरएम/सीकेपी) ने की। उनके साथ आदित्य कुमार चौधरी (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/सीकेपी), हेमंत मधुर (वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक/सीकेपी), चंद्रशेखर (वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ऑपरेशन)/सीकेपी), मनीष गुप्ता (वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/सीकेपी), राजीव रंजन रसिक (वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/सीकेपी), देबराज बनर्जी (मंडल वाणिज्य प्रबंधक/सीकेपी) सहित अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में किए गए सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। यह स्पष्ट किया गया कि चक्रधरपुर मंडल आधुनिक तकनीकों को अपनाकर सुरक्षा मानकों को निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। रेल प्रशासन की यह पहल दर्शाती है कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## पंचायती राज दिवस पर ग्रामीण विकास का संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां** : कुचाई प्रखंड मुख्यालय एवं सभी दस पंचायतों में गुरुवार को पंचायती राज दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम में बीडीओ साधु चरण देवगम ने पंचायती राज व्यवस्था को गांवों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार हो और उनका क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से किया जाए। बीडीओ ने सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास में पंचायतों की भूमिका को रेखांकित किया और विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने पर बल दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अरूवां, मरांगहातु, बंदोलोहर, छोटासेगोई, रोलाहातु, बारूहातु, पोडाकाटा, गोमेयाहीह, रूगुडीह व तिलोपदा पंचायतों में भी हुआ। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, समन्वयक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विश्व धरोहर सप्ताह पर दक्षिण-पूर्व रेलवे द्वारा संगोष्ठी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** । दक्षिण-पूर्व रेलवे 18 से 25 अप्रैल 2025 तक गार्डन रीच में विश्व धरोहर सप्ताह मना रहा है। इस अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्व धरोहर दिवस 18 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य प्राचीन धरोहर के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष का विषय आपदाओं और संघर्षों से सुरक्षित धरोहर - धरोहर के संरक्षण के लिए क्रियावली है। संगोष्ठी में सौमित्र मजुमदार, एजीएम एवं जोनल धरोहर समिति के अध्यक्ष ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया। प्रमुख वक्ताओं में संजय मुकर्जी, शाहंशाह मिर्जा, जी. एम. कपूर और जी. के. मोहंती ने विभिन्न धरोहर पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन फोटोग्राफी, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर हुआ।

## पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा** : गुड़ाबांदा प्रखंड सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड प्रमुख शुभोजित कुमार मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बीडीओ डांगुर कोड़ाह ने पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास, उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायत राज व्यवस्था ग्रामीण विकास और जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाती है। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के तहत पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला और त्रि-स्तरीय पंचायत प्रणाली लागू की गई। बीडीओ ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पंचायतों की भूमिका को मजबूत बनाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर पंसस पुष्पा महतो, चंपाई मुर्मू, लक्ष्मी मुंडा और अन्य उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# 'मानवता का मसीहा' चला गया

**ईसाई** धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु पोप फ्रांसिस, अंततः, यीशु मसीह के घर लौट गए। दुनिया के 1.2 अरब ईसाइयों के लिए यह शोकाकुल घड़ी है। जीवन और मौत नियति के अपरिहार्य फैसले हैं, लेकिन ऐसे धर्मगुरु की अंतिम विदाई भावुकता और करुणा से भर देती है, जो आजीवन परमाणु हथियारों और युद्धों का विरोध करते रहे। पोप ने परमाणु हथियार बनाने और उन्हें रखने को भी 'अनैतिक अपराध' करार दिया था। पोप फ्रांसिस ईसाई, रोमन कैथोलिक चर्च के ही धर्मगुरु नहीं थे, बल्कि दुनिया उन्हें 'ईश्वर का रूप' मानती थी। उन्हें 'यीशु मसीह' का ही प्रतिरूप माना गया। पोप हमेशा मानवीय, नागरिक, धार्मिक, वैचारिक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर रहे और युद्धों को समाप्त करने की कोशिशें कीं। उन्होंने हमेशा मानवीय सहिष्णुता का पाठ पढ़ाया, लेकिन दुर्भाग्य और विडंबना है कि ईसाई धर्म को मानने वाले राष्ट्राध्यक्ष भी युद्धों में संलिप्त हैं। कितनी हत्याएं की जा रही हैं, कितने घायल पीड़ा और दर्द में तड़प रहे हैं, कितने क्षेत्र खंडहर और मलबे में तबदील किए जा चुके हैं, उनकी संख्याएं गौरतलब नहीं हैं, लेकिन पोप के निधन का समाचार सुनकर उन हत्यारों और विध्वंसकों की आंखें भी डबडबाई होंगी! वे श्रद्धांजलि के तौर पर ही पुनर्विचार करें कि युद्ध क्यों लड़े जा रहे हैं? बहरहाल पोप अधिकतर यूरोप से ही आते रहे हैं। इटली का वर्चस्व रहा है। कैथोलिक चर्च के 266 पोप में से 217 पोप इटली की सरजमीं से ही आए हैं। दिवंगत 266वें पोप इस संदर्भ में अपवाद रहे। वह अर्जेन्टीना के निवासी थे। पोप जैसे सर्वोच्च पद तक पहुंचे और 12 लंबे सालों तक रोमन कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। पोप सिर्फ धर्मगुरु ही नहीं होता, बल्कि वेटिकन सिटी का प्रशासनिक और कार्यकारी प्रमुख भी होता है। वहीं से फैसले और निर्देश जारी किए जाते रहे हैं, जिन्हें 1.2 अरब ईसाइयों ने हमेशा स्वीकार किया और उनका पालन भी करते रहे हैं। पोप फ्रांसिस भीतरी आत्मा से ही 'मानवतावादी' थे, लिहाजा उन्होंने 'मृत्यु दंड' का विरोध किया। उन्होंने चर्च के रुख में बदलाव करते हुए 'क्षमादान' पर बल दिया और मौत की सजा को हर हाल में अस्वीकार्य बताया था। पोप के विचार पुनर्विवाह, समलैंगिकता, गर्भनिरोधकों के इस्तेमाल, महिला मतदान पर प्रगतिशील और आधुनिक थे, लेकिन वह बड़े विवादों से हमेशा दूर रहे। पोप ने अप्रैल, 2014 में पहली बार चर्चों के भीतर बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण की घटनाओं को स्वीकार किया और सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगी। पादरियों की तरफ से किए जा रहे इस अपराध को उन्होंने नैतिक मूल्यों का पतन माना। बहरहाल भारत में हिंदू और इस्लाम धर्म के बाद ईसाई तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। इसके अनुयायी आबादी का करीब 4.8 फीसदी हैं, फिर भी भारत में ईसाई 'अत्यंत अल्पसंख्यक' हैं, लिहाजा उन पर हमले भी किए जाते रहे हैं। वर्ष 2024 में 834 ऐसे हमले दर्ज किए गए। ईसाई धर्मावलंबी देश के पूर्वोत्तर राज्यों, दक्षिण भारत और गोवा में बसे हैं। सर्वाधिक ईसाई नागालैंड में हैं। पोप के निधन पर भारत ने भी तीन दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। गरीबों और हाशिए पर पड़े दबे-कुचले, वंचित लोगों के प्रति पोप की प्रतिबद्धता अलग ही किस्म की थी, लिहाजा उन्हें 'झुग्गियों के पोप' के उपनाम से भी जाना गया। वह यहूदियों को निशाना बनाने की कूटनीति के भी खिलाफ थे।


दुनिया के 1.2 अरब ईसाइयों के लिए यह शोकाकुल घड़ी है। जीवन और मौत नियति के अपरिहार्य फैसले हैं, लेकिन ऐसे धर्मगुरु की अंतिम विदाई भावुकता और करुणा से भर देती है, जो आजीवन परमाणु हथियारों और युद्धों का विरोध करते रहे। पोप ने परमाणु हथियार बनाने और उन्हें रखने को भी 'अनैतिक अपराध' करार दिया था। पोप फ्रांसिस ईसाई, रोमन कैथोलिक चर्च के ही धर्मगुरु नहीं थे, बल्कि दुनिया उन्हें 'ईश्वर का रूप' मानती थी। उन्हें 'यीशु मसीह' का ही प्रतिरूप माना गया। पोप हमेशा मानवीय, नागरिक, धार्मिक, वैचारिक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर रहे और युद्धों को समाप्त करने की कोशिशें कीं। उन्होंने हमेशा मानवीय सहिष्णुता का पाठ पढ़ाया, लेकिन दुर्भाग्य और विडंबना है कि ईसाई धर्म को मानने वाले राष्ट्राध्यक्ष भी युद्धों में संलिप्त हैं। कितनी हत्याएं की जा रही हैं, कितने घायल पीड़ा और दर्द में तड़प रहे हैं, कितने क्षेत्र खंडहर और मलबे में तबदील किए जा चुके हैं, उनकी संख्याएं गौरतलब नहीं हैं, लेकिन पोप के निधन का समाचार सुनकर उन हत्यारों और विध्वंसकों की आंखें भी डबडबाई होंगी! वे श्रद्धांजलि के तौर पर ही पुनर्विचार करें कि युद्ध क्यों लड़े जा रहे हैं? बहरहाल पोप अधिकतर यूरोप से ही आते रहे हैं।


### हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया

# पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा

ललित गर्ग


आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाईं, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है।


**जम्मू** कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा। आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाईं, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब बैसरन के घास के मैदान और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे, कुछ खच्चरों की सवारी का आनंद ले रहे थे तो कुछ परिवार पिकनिक मना रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के लिये सीधे तौर पर पाकिस्तान जिम्मेदार है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने किसी जिहादी की तरह हिंदुओं और भारत के खिलाफ अपनी घृणा का भद्दा प्रदर्शन किया था। अबू मूसा का वह भाषण और उसके तुरंत बाद हुआ पहलगाम नरसंहर दर्शाता है कि पीओके में बैठे आतंकी सरगना न केवल भारत विरोधी जहरीला प्रचार फैला रहे हैं, बल्कि



कश्मीर घाटी की शांति, विकास एवं सौहार्द को बाधित करने की हर कोशिश को सफल बनाने में जुटे हैं। वे आगामी समय में घाटी को फिर से अशांत करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन संबंधी कारोबार करीब-करीब ठप पड़ना तय है। आखिर इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा? लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इससे प्रकट होती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा बीच में छोड़कर दिल्ली आ गये। दिल्ली आते ही एयरपोर्ट पर ही एक मीटिंग की, जिसमें अजित डोभाल से गंभीर मंत्रणा के बाद इस आतंकवादी घटना के खिलाफ एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया। मोदी एवं शाह के एक्शन से उम्मीद बंधी है कि इस बार कुछ निर्णायक होगा। पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया। यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूंबों को नेस्तनाबूंद करने का। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है, यही पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर होना भी पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बना है, पहलगाव जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है।

दृष्टि कोण

# जन सरोकारों की प्रतिबद्धता हो शासन का लक्ष्य

**मेरे** अनुभव के मुताबिक बढ़िया शासन के लिए पैसे की ज़रूरत नहीं होती। इसके लिए फ़ील्ड और मुख्यालय में प्रभावशाली और ईमानदार अधिकारियों की ज़रूरत होती है। ऐसे लोग होते हैं, लेकिन उन्हें अवसर नहीं दिया जाता और धीरे-धीरे शीर्ष पर बैठे लोगों की हर कही बात को मान जाने वाले अफसर उनकी आंख के तारे बन जाते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ़ मेरी एकमात्र शिकायत यह है कि वे खुलकर अपना अधिकार इस्तेमाल नहीं करते, काम की निगरानी नहीं करते, जितना व्यावहारिक दृष्टिकोण होना चाहिए, उतना रखते नहीं। शासन चलाना कोई एक दिन का मामला नहीं है, न ही यह कोई क्षणिक काम है, यह कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं है, यह कोई बहुत बड़ा विज्ञापन नहीं है, यह केवल विज्ञापनों के माध्यम से तमाम त्योहार मनाना नहीं है। यह दिन-प्रतिदिन की मेहनत है, यह दिन-रात किए जाने वाला थकाऊ काम है। इसके तहत आपको सौंपा गया काम करना है और इसे आपने उपलब्ध साधनों से पूरा करना है। यह सुनिश्चित करना कि लोगों को (जिनके कामों के लिए हम बने हैं) सुनवाई के लिए एक जगह से दूसरी जगह न भटकना पड़े। यह सुनिश्चित करना कि फाइलें बिना किसी रिश्वत के खुद-ब-खुद आगे बढ़ें। ऐसा करने की कोशिश करें और लोगों के चेहरों पर संतुष्टि पाएं (हालांकि उन्हें उनका हक देकर आप उन पर अहसान नहीं करेंगे) – हां आपने उन्हें 'न्याय और विकास' जरूर दे दिया। वे इलाके से आपके जाने के बाद भी लंबे समय तक आपको याद रखेंगे, लेकिन अधिकांशतः आपका काम गुमनाम और दिखने में सामान्य ही होगा, जैसे किसी सुचारू मशीन के कलपुर्जे... मर्सिडीज़ चलाते समय उसका इंजन नहीं दिखता, लेकिन इसको चलाने या सफर का अहसास शानदार होता है। तथ्यों-नियमों के अनुसार न्याय करें और विकास परियोजनाओं को नियमानुसार समय पर पूरा करने में मदद करें। कई अवसरों पर आपकी नौकरी आपको उन परियोजनाओं या घटनाओं का हिस्सा बनने और उनमें योगदान देने का मौका देती है, जो इतिहास में दर्ज हो जाते हैं।




ऐसे कई नाम हैं जो हमारी आज़ादी के शुरुआती सालों का हिस्सा थे : होमी जहांगीर भाभा को हमेशा 'भारतीय परमाणु कार्यक्रम के पितामह' के रूप में याद किया जाता है, पाकिस्तान से आए लाखों शरणार्थियों के पुनर्वास का श्रेय डॉ. एमएस रंधावा (पुनर्वास महानिदेशक) को जाता है जिन्होंने आगे हरित क्रांति और चंडीगढ़ के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ को भारतीय सशस्त्र बलों और 1971 की जीत में उनके अपार योगदान के लिए याद करते हैं। कदाचित् ये स्वतंत्र भारत के इतिहास के कद्दावर उदाहरण हैं, लेकिन ये ऐसी मिसालें हैं जिन्होंने हमारे प्रारंभिक वर्षों में हमें प्रेरित किया, और वे अकेले नहीं थे। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों के काबिल और काफी प्रेरित अधिकारियों एवं टीम का साथ प्राप्त था। बिना कोई सुरक्षा कवच प्राप्त मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी के नेतृत्व में पंजाब रेजिमेंट की 23वीं बटालियन की 'ए' कंपनी ने अत्यंत भारी पाकिस्तानी हमले (दो टैंक रेजिमेंट) के बावजूद जिस तरह रातभर डटे रहकर लोंगेवाला चौकी को बचाए रखा, उसे सदा भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और व्यावसायिकता के लिए याद रखा जाएगा। जब मैं पुलिस सेवा में आया तो प्रशासनिक कार्यों में दौरे और नियमित निरीक्षण करना काम का एक अहम हिस्सा थे। तब अधिकारी बहुत छोटी टीमों के साथ काम किया करते थे और बहुत कम या लगभग नगण्य तकनीक उपलब्ध होने के बावजूद बहुत बड़े भौगोलिक क्षेत्र का प्रशासन संभाल लिया करते थे। जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित थी और जवाबदेही भी एक तय चीज़ थी।

कुछ अलग


# छात्रों में तनाव कैसे रोकें

**माता** पिता अपने अधूरे सपने बच्चों से पूर्ण करवाना चाहते हैं। समाज में बाकी सबके बच्चों से ज्यादा होशियार अपना बच्चा होना चाहिए, ऐसी जिद्द करते हैं और ऐसा करने के पीछे बेहिसाब खर्च करते हैं, लेकिन अपने बच्चे की क्षमता और उसकी रुचि की तरफ ध्यान ही नहीं देते। सख्ती पहले भी होती थी, लेकिन वह व्यवहार को नियंत्रित करने का प्रयास रहता था। शिक्षा के लिए सख्ती कम रहती थी। इनसान बेहतर हो, व्यवहार बेहतर हो, मूल्यों के लिए सख्ती अपनी सीमाएं लांघ जाती थी। यह शारीरिक दंड के रूप में प्रचलित थी। अपशब्दों के प्रयोग के रूप में भी अपनाई गई थी। तनाव का एक निश्चित स्तर सामान्य है। स्कूल बदलने और नए दोस्तों से मिलने जैसी घटनाओं से सकारात्मक तनाव प्रतिक्रियाएं वास्तव में छात्रों को सीखने और बढने में मदद कर सकती हैं। लेकिन जब भावनाओं को प्रबंधित करने के उपकरणों के बिना बार-बार तनावपूर्ण घटनाओं का सामना करना पड़ता है, तो तनाव भावनात्मक और शारीरिक रूप से विषाक्त हो सकता है। यह मार्गदर्शिका प्राथमिक विद्यालय से लेकर कॉलेज तक के छात्रों में तनाव के लक्षणों की व्याख्या करती है। एक विद्यार्थी का जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। होमवर्क, सामाजिक जीवन, माता-पिता का दबाव, विश्वविद्यालय के आवेदन और कभी न खत्म होने वाले कार्यभार जैसे कारक तनाव उत्पन्न करते हैं। हालांकि शोध से पता चलता है कि मध्यम मात्रा में तनाव फायदेमंद हो सकता है और छात्रों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य कर सकता है, लेकिन बहुत अधिक तनाव उनके समग्र कल्याण को प्रभावित कर सकता है। स्कूलों में रोजमर्रा के तनाव को प्रबंधित करने के लिए छह युक्तियां हैं। एक, अपनी मानसिकता बदलें : आपको जो काम करने की जरूरत है, उस पर नकारात्मक दृष्टिकोण रखने के बजाय, उन्हें सीखने और सुधार करने के अवसर के रूप में मानें। हां, कुछ कार्य उबाऊ या बोझिल हो सकते हैं और हम आपसे आपके सामने आने वाले तनाव को कम करने के लिए नहीं कह रहे हैं। यह कठिन परिस्थितियों के बारे में आपकी धारणा को बदलने और उन सभी चीजों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में है, जो गलत हो सकती हैं। दो, व्यायाम : व्यायाम तनाव के स्तर को कम करने का एक प्रभावी तरीका है। शारीरिक गतिविधि एंडोर्फिन-न्यूरोट्रांसमीटर पैदा करती है जो शरीर में दर्द और तनाव से राहत दिलाती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम तनाव के नकारात्मक प्रभावों जैसे एकाग्रता और थकान का प्रतिकार कर सकता है। तीन, टालना बंद करें : अपने तनाव के स्तर को कम करने के लिए, आपको काम को टालना बंद करना होगा। 50 फीसदी छात्र समस्याग्रस्त विलंब व्यवहार में संलग्न होने की रिपोर्ट करते हैं जो उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बाधित करते हैं। कार्यों को उनकी समय सीमा से पहले पूरा करके, आप अपने सामने आने वाली तनावपूर्ण स्थितियों को नियंत्रित और सीमित कर सकते हैं। चार, नींद की दिनचर्या विकसित करें : नींद और मूड साथ-साथ चलते हैं। इसलिए जब हम थके हुए होते हैं, तो हम अपने परिवेश को अधिक नकारात्मक रूप से देख सकते हैं। जो छात्र नियमित रूप से बेहतर नींद की गुणवत्ता की रिपोर्ट करते हैं, उनका शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर पाया गया है। सोने का एक नियमित समय निर्धारित करें। पांच, संवाद करें : यदि आप तनाव महसूस कर रहे हैं, तो अपनों से बात करें। छह, समय प्रबंधन : छात्रों को समय का बेहतर प्रबंधन भी सीखना होगा।

देश दुनीया से

# नायकों की पुनर्स्थापना की आवश्यकता

**हाल** ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि- हमारे राष्ट्रीय नायक महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज हैं, मुगल शासक औरंगजेब नहीं। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि इतिहास में हुए अन्याय को हम खारिज करें। साथ ही देश के युवाओं को बताएं कि महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है बल्कि वह हमारी प्रेरणा के जीवंत स्रोत हैं। नायकों के संबंध में रक्षा मंत्री जी का यह वक्तव्य निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। ध्यान रहे आज भारत विश्व की सर्वाधिक युवा आबादी वाला देश है। अनेक युवा पान, बीड़ी, गुटखा के विज्ञापन करने वाले फिल्मी सितारों को अपना नायक मानते हैं। हमें समझना होगा कि ऐसे लोग हमारे नायक नहीं हो सकते। हमारे नायक तो वीरता, बलिदान, त्याग, समर्पण और परोपकार हेतु जीवन समर्पित करने वाले ही हो सकते हैं। क्या आज जन मन में भिन्न-भिन्न तरीके से ऐसे नायकों की पुनर्स्थापना करने की आवश्यकता नहीं है? नायक किसी भी व्यक्ति, समाज अथवा राष्ट्र के लिए जहां एक ओर वैचारिकी के निर्माण में योगदान करते हैं वहीं दूसरी ओर उन्हें आत्मबल भी प्रदान करते हैं। छोटा बालक आरंभ से ही अपने घर, परिवार, समाज और फिर विद्यालय में अपने रोल माडल यानी आदर्श अथवा नायकत्व की परिकल्पना करता है। कभी वह माता-पिता जैसा बनना चाहता है तो कभी अपने शिक्षक जैसा। जैसे-जैसे बाहरी दुनिया से उसका परिचय होता है तो वह किसी पुस्तक में पढ़े अथवा फिल्म और टेलीविजन की दुनिया से जुड़े व्यक्तित्व को प्रतिमान मानकर चलता दिखाई देता है। यह विडंबना ही कही जा सकती है कि स्वतंत्रता के बाद साहित्य व इतिहास लेखकों एवं नेतृत्व के शीर्ष पर बैठे नीति निर्धारकों ने उन आदर्शों व नायकों की उपेक्षा कर दी जो भारतवर्ष की ज्ञान परंपरा, बलिदान परंपरा एवं निर्माण परंपरा के मूल थे। इसके अतिरिक्त आर्य बाहर से आए, राम और रामायण में वर्णित कथा काल्पनिक है, मुगल शासकों ने भारतीय समाज और संस्कृति को समृद्ध किया, अंग्रेजों और अंग्रेजी के कारण भारत सभ्य हुआ आदि भ्रांतियां सुनियोजित ढंग से फैलाई गई। क्या यह सत्य नहीं है कि महाराणा प्रताप, शिवाजी, पृथ्वीराज चौहान, संभा जी, बिरसा मुंडा, चंद्रशेखर आजाद एवं भगत सिंह जैसे हजारों नायक आज स्मृति से बाहर होते जा रहे हैं? यजुर्वेद में लिखा है- वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः अर्थात हम पुरोहित (पुर का, नगर का हित करने वाले) अपने राष्ट्र को सदैव जीवंत और जागृत बनाए रखेंगे। यदि पाठ्यक्रमों के जरिए यह भाव प्रत्येक नागरिक में भर दिया जाता तो आज न तो भारत के टुकड़े करने वाली और न ही छत्रपति शिवाजी जैसे नायकों का अपमान करने वाली मानसिकता पनपती। सर्वविदित है कि औरंगजेब इतिहास का खलनायक है. ऐसे खलनायकों का महिमामंडन मानसिक विकृति है जो वैमनस्य बढाती है। इसके लिए कठोर दंड का प्रावधान क्यों नहीं होना चाहिए? विचार करने पर हम पाते हैं कि भारतवर्ष में गौतम, वशिष्ठ, मनु, याज्ञवल्क्य, वाल्मीकि व वेदव्यास जैसे अनेक ऋषि हुए। पृथु, पूरु, भरत व रघु जैसे अनेक लोकनायक हुए। शिबि, हरिश्चंद्र एवं दधीचि जैसे परमार्थी और दानी हुए। प्रहलाद, ध्रुव, लव, कुश तथा अभिमन्यु जैसे



वीर बालक इसी भारतभूमि पर हुए तो अदिति, शची, कात्यायनी, अरुंधती, घोषा, अपाला, गार्गी, मैत्रयी व लोपामुद्रा जैसी अनेक विदुषियां भी हुई। क्या वीरांगना कर्मादेवी, ताराबाई, दुर्गावती, रूपाली, कलावती एवं लक्ष्मीबाई आदि हमारे गौरव नहीं हैं? क्या छत्रपति शिवाजी, छत्रसाल, पृथ्वीराज चौहान, सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद व अशफाक उल्ला खां जैसे वीर और बलिदानी हमारे नायक नहीं होने चाहिए? क्या हमारे देश में नायकों की कमी है? नायकों की इस विराट परंपरा का युवा पीढ़ी से परिचय करवाना किसका दायित्व था? अकबर द ग्रेट, औरंगजेब के शासन-प्रशासन की विशेषताएं और ब्रिटेन को ग्रेट बताने और इतिहास में पढ़ाए जाने के कारण क्या रहे, इसकी भी पड़ताल होनी चाहिए? क्या आक्रांता, लुटेरे, अत्याचारी एवं शोषक हमारे नायक हो सकते हैं? यदि नहीं तो फिर उनका महिमामंडन क्यों? इसके मूल में निहित तुष्टिकरण के खेल एवं राजनीतिक स्वार्थपूर्ति की मानसिकता को भी समझने की आवश्यकता है। क्या मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध लड़ने वाले और धर्म के लिए बलिदान होने वाले गुरु तेगबहादुर व गुरु गोविंद सिंह जैसे व्यक्तित्व हमारे नायक नहीं होने चाहिए? क्या बाल्यावस्था में ही धर्म के लिए बलिदान देने वाले साहिबजादे युवा भारत के नायक नहीं होने चाहिए? विगत वर्षों में द लेजेंड आफ भगत सिंह, बाजीराव मस्तानी, पद्मावत, मणिकर्णिका-झांसी की रानी और हाल ही में आई छावा जैसी फिल्में व कुछ धारावाहिक महत्वपूर्ण हैं जो इतिहास के सत्य के साथ-साथ अतीत गौरव व नायकों की पुनर्स्थापना करते हैं। ध्यान रहे आधुनिक भारत का निर्माण किसी व्यक्ति ने नहीं किया है अपितु इसकी नींव में भारत की विराट ज्ञान परंपरा, संघर्ष, बलिदान एवं उत्कृष्ट विचारों की लंबी श्रंखला है। यह देश राम, कृष्ण, बुद्ध और शक्ति का उपासक रहा है। ये वे शक्तियां हैं जिन्होंने धर्म की रक्षा और स्थापना के लिए मानव रूप में अवतार लेकर अनेक प्रकार के संघर्षों से गुजरते हुए मानवता की रक्षा और धर्म की स्थापना की। इनका व्यक्तित्व-कृतित्व जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हमारे लिए प्रेरक एवं मार्गदर्शी है, क्या राम, कृष्ण और बुद्ध हमारे नायक नहीं होने चाहिए? स्वामी विवेकानंद की आत्मकथा में लिखा है- भारत दीर्घकाल से यंत्रणा सहता आया है। सनातन धर्म पर काफी अरसे से अत्याचार हुआ है...केवल श्री राम, कृष्ण देव के चरण तले बैठकर शिक्षा ग्रहण करने से ही भारत का उत्थान होगा। उनके जीवन, उनके उपदेशों का चारों तरफ प्रचार करना होगा। ध्यान रहे वर्तमान समय भारतवर्ष के सुदृढ़ बनने का है। ऐसे में अपने अतीत की गौरवशाली परंपरा और नायकों को एक स्पष्ट एवं आत्म विवेकी दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक परंपरा बहुत प्रखर एवं सशक्त है। इतिहास के विकृत अथवा कल्पित रूप को पढ़ने-पढ़ाने के स्थान पर यह आवश्यक है कि पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों में व्यापक बदलाव किए जाएं जिससे सत्य सामने आए। उन नायकों की पुनर्स्थापना हो जिन्हें पढ़- समझकर भारतवर्ष का जन-जन गौरव की अनुभूति कर सके। विकसित भारत के बड़े और नए संकल्पों में अमीर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित एवं अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का भी योगदान है।

आप का नजरीया

# बिजली का खेल

**सही** मायनों में हमें हर किसी मुफ्त चीज की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही सिद्धांत किसी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी लागू होता है। लोकलुभावन राजनीति के चलते वोट जुटाने के लिये जिन मुफ्त की योजनाओं को पंजाब में लागू किया गया, उसने राज्य की तरक्की की गति को कुंद ही बना दिया है। वैसे भी देखा जाए तो किसानों को लुभाने के लिये पंजाब में जो मुफ्त बिजली का खेल खेला गया था, वह कृषि के विकास में सहायक साबित नहीं हो रहा है। सही मायनों में यह लोकलुभावन दांव जड़ता का प्रतीक बनकर रह गया है। वर्ष 1997 में छोटे किसानों के लिये लिए शुरू किया गया बिजली सब्सिडी खेल, महज वोट बटोरने का साधन बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसी मुफ्त की सुविधाओं को, वोट कटने की आशंका के चलते बंद करने का जोखिम भी नहीं उठाता। यह विडंबना ही है कि जिस धन को कृषि की तरक्की, ऊर्जा के बेहतर उपयोग तथा सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े संरचनात्मक विकास के लिये खर्च किया जाना चाहिए था, उसे सब्सिडी के रूप में व्यय किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सब्सिडी राज्य की वित्तीय सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। विडंबना यह है कि इस वित्तीय वर्ष में बिजली सब्सिडी पर होने वाला व्यय करीब साढ़े बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक होने वाला है। चिंता की बात यह भी है कि यह धनराशि पंजाब के पूरे बजट का दस फीसदी के करीब बैठती है। इस सब्सिडी की राशि में से दस हजार करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिये और सात हजार छह सौ करोड़ रुपये घरेलू उपयोगकर्ताओं के लिये निर्धारित हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लोगों को लुभाने के लिये दी जा रही सब्सिडी की यह राशि अब राज्य के राजस्व घाटे के बराबर हो गई है। इसके बावजूद यह स्थिति यदि राज्य के नीति-नियंताओं को विचलित नहीं करती है, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि राज्य में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम सभी राजनीतिक दलों की सरकारों ने पार्टी लाइन से हटकर हर दौर में किया। घाटे की अर्थव्यवस्था को प्रश्रय देने वाली इस नीति को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया। वे मुखर कृषि लॉबी के दबाव में लगातार झुकते रहे। राजनेता दूरगामी व समग्र सुधार के बजाय मुफ्त में पैसे बांटकर चुनावी लाभ हासिल करने की होड़ में जुटे रहे। वहीं आप सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिये तीन सौ यूनिट तक की बिजली मुफ्त करने से सब्सिडी का संकट और गहरा ही हुआ है। करीब नब्बे प्रतिशत तक परिवारों का बिजली बिल शून्य है। ऐसे में बिजली बचत या उपयोग की गई बिजली का भुगतान करने को प्रोत्साहन लगभग समाप्त हो गया है। अब तो पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की स्थिति में भी नहीं है। इतना ही नहीं पीएसपीसीएल दो हजार करोड़ रुपये की वार्षिक बिजली चोरी की चुनौती से भी जूझ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए करीब चार हजार करोड़ रुपये के बेलआउट के बावजूद पीएसपीसीएल भारी घाटे में चल रहा है।

### कोयला लदा हाइवा घर में घुसा लाखों का संपति चकनाचूर

## मनचले हाइवा चालकों की लापरवाही का नतीजा, आए दिन हो रहे हैं लोग दुर्घटना का शिकार

### किसी को मुआवजा तक नसीब नहीं परंतु जान चली गई, मालोमाल हो रहे हैं कोल कंपनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के मूर्वे गिरजा होटल के समीप सिमरिया टंडवा मुख्य सड़क किनारे एक दुकान में हाइवा नंबर JH02 BP 1607 ने बीते अर्ध रात्रि को नशे की हालत में अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया। जिससे दुकान में रखे लाखों का समान दुकान सहित चकनाचूर हो गया। जिसमें आर्कड आरम 31, वेल्डिंग मशीन 1, पाइप रिंच 3, अर्थिंग टेस्टिंग मशीन 8, यूपीएस मशीन मरम्मती के लिए 5, यूपीएस मशीन अच्छा 4, सेफ्टी बेल्ट 2 के अलावे अन्य दर्जनों मशीनियरी पार्ट्स पुर्जा शामिल है जो बाजार मूल्य लाखों में है। साथ हीं क्रिकेट का बना दुकान भी धाराशाही हो गई है। यह दुकान मूर्वे गांव निवासी के अब्बास मियां



का था। इधर घटना से आहत भुक्तभोगी अब्बास मियां का कहना है कि इस तरह हाइवा द्वारा आए दिन दुर्घटना का शिकार यहां के ग्रामीण हो रहे हैं। किसी को थोड़ी बहुत लेमन चूस के तरह मुआवजा मिला तो मिला नहीं तो राजनीतिक का शिकार होकर लोग अपंग व मजबूर होकर लोग सड़क पर बेरोजगार हो जा रहे हैं। वैसे में मेरा दुकान में रखे समान और दुकान की कीमत हाइवा मालिक को देना होगा वर्ना हम ग्रामीण प्रशासन के विरुद्ध सड़क जाम करेंगे। चुकी घटना के बाबत जानकारी मिलते हीं सिमरिया पुलिस द्वारा हाइवा में लोड कोयला को किसी अन्य हाइवा में लोड कर कोयला और दुर्घटना घटित हाइवा को सुरक्षा के लिए थाना परिसर ले जाया गया है। वैसे हालत में हम लोग पुलिस प्रशासन को हीं जानेंगे। इधर घटना को लेकर सिमरिया थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून से बात करने पर उन्होंने बताया कि वाहन मालिक किसी शादी समारोह में शामिल होने गया हुआ है। वाहन मालिक से बात करने पर बताया कि शुक्रवार को सिमरिया थाना पहुंच कर भुक्तभोगी मो अब्बास को नुकसान गया समानों का क्षति पूर्ति कर के हीं हम अपना वाहन ले आवेंगे। अब आगे देखना यह होगा कि क्या भुक्तभोगी को क्षतिग्रस्त समानों का मुआवजा मिल पाता है या टांय टांय फीस पूर्व सैकड़ों भुक्तभोगियों के तरह हो जाता है। यह बड़ा दिलचस्प सवाल है।

## जेएसएलपीएस के बीपीएम ने किया कर्मियों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित जेएसएलपीएस कार्यालय में बीपीएम सुरेंद्र प्रजापति ने कर्मियों के साथ गुरुवार को बैठक किया। बैठक में कार्यो की समीक्षा की गई, तथा वार्षिक योजना का रूप रेखा तैयार किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को समूह में ज्यादा संख्या में जोड़ने की बात कही। समूह से जुड़े लोगों को रोजगार से जुड़ने को लेकर कार्य योजना तैयार की जाएगी। बताया गया कि वार्षिक योजना में समूह से जुड़े महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए गिद्धौर आजीविका महिला के साथ साथ नया समूह बनाने, नया दुकान खुलवाने सहित अन्य कार्य किए जायेंगे। बैठक में सीसी सुनील पासवान, प्रतिमा देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, शिला देवी, नीलम देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड के सभी पंचायत में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायत दिवस मुखिया के नेतृत्व में मनाई गई।इस मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय पंचायती राज के तहत ग्रामीण विकास तथा जन भागीदारी को सुनिश्चित करने संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सीधा लाइव प्रसारण को सुना। जिसमें पंचायती राज दिवस के मौके पर महत्वपूर्ण विषय तथा इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाले। इस मौके पर गिद्धौर, पहरा, बारियातु, बारिसाखी, द्वारी व मंझागवां पंचायत भवनों में राष्ट्रीय पंचायत दिवस मनाया गया। मौके पर मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, सरिता देवी, बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, डेगन गंझु, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, उज्जवल कुमार सिंह, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा, निर्मल दांगी, प्रदीप कुमार, पार्वती देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## आम्रपाली के आठ अधिकारियों का ट्रांसफर, महाप्रबंधक अमरेश सिंह ने दी सम्मानपूर्वक विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) से आठ अधिकारियों का स्थानांतरण उनकी पदोन्नति के उपरांत किया गया है। सभी अधिकारियों को मैनेजर से सीनियर मैनेजर पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने विदाई समारोह में उपस्थित होकर अधिकारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में पवन कुमार गुप्ता-क्षेत्रीय गुणवत्ता अधिकारी, सुशिल कुमार - क्षेत्रीय उत्खनन अधिकारी, दिगंबर यादव - परियोजना सुरक्षा, अधिकारी प्रमोद कुमार काडडिया-भूमि एवं राजस्व विभाग उपरोक्त सभी का ट्रांसफर महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, ओडिशा में हुआ है। वही रथिस कुमार-क्षेत्रीय सेल्स अधिकारी, एवं अशोक मंडल इन दोनों का ट्रांसफर बीसीसीएल, धनबाद में किया गया। जबकि के पी सिंह - क्षेत्रीय ई एंड एम अधिकारी का ट्रांसफर एसईसीएल, छत्तीसगढ़ में हुआ है। समारोह के दौरान स्टाफ अधिकारी (पी एंड पी) समेत क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा, इन सभी अधिकारियों ने अपने कार्यकाल में सराहनीय सेवाएं दी हैं। हम उनके भविष्य की सफलता की कामना करते हैं।

## शिक्षकों का टीएनए का ऑनलाइन परीक्षा हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के पीएम श्री मध्य विद्यालय में शिक्षकों का ञ्ह्ह परीक्षा गुरुवार से शुरू हुआ।परीक्षा केंद्र में शिक्षक तीन घंटे तक ऑनलाइन परीक्षा दिया। इसी बीच जिला शिक्षा अधीक्षक राम जी प्रसाद परीक्षा केंद्र पीएम श्री मध्य विद्यालय पहुंचकर यहां विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में वाई फाई तथा प्रोजेक्टर की व्यवस्था नहीं होने से नाराजगी जताई। बताया गया कि प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को TNA की परीक्षा में शामिल होना है। इसे लेकर पूरे प्रखंड में पीएम श्री मध्य विद्यालय को सेंटर बनाया गया है। इस मौके पर सीआरपी नवनीत सिन्हा, कृष्णा कुमार पांडेय प्रेमचंद साव, एकाउंटेंट मोहन साव, ऑपरेटर प्रतिमा कुमारी, सिद्धेश्वर पांडेय, अशोक दांगी, सत्यदेव उपाध्याय समेत अन्य मौजूद थे।

## सिमरिया एसडीओ ने एफसीआई गोदाम का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज और प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से गुरुवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम की मौजूदा स्थिति, स्टॉक की मात्रा और भंडारण की जांच की गई। निरीक्षण में यह पाया गया कि 60 विद्यालयों का मध्यान्ह भोजन का चावल पिछले तीन माह से उठाव नहीं किया गया है और उन सभी विद्यालय का चावल प्रखंड गोदाम के पास स्टॉक में पड़ा हुआ है जो रख- रखाव नहीं रहने के कारण खराब होने की संभावना है। पुराना गोदाम में साफ सफाई एवं जर्जर अवस्था में सुधार को लेकर



प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। डाकिया योजना के तहत आदिम जनजाति परिवारों को दी जाने वाली खाद्यान्न को अविलंब वितरित करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को अपनी उपस्थिति में आदिम जनजाति परिवारों को दी जाने वाली खाद्यान्न का वितरण कराने को कहा है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में पाई गई त्रुटियों को सुधार करने का निर्देश प्रभारी एजीम एवं प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया।

## संविधान व बाबा साहब के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा : प्रकाश राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी के संविधान को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में भाजपा ने गुरुवार को लातेहार में आक्रोश रैली निकाली। रैली को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने कहा कि मंत्री का यह बयान न केवल देश को बांटने वाला है, बल्कि यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और भारतीय संविधान का भी अपमान है।विधायक ने कहा कि भाजपा संविधान और बाबा साहब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश की राष्ट्रवादी सोच रखने वाली जनता भी इस बयान को सहन नहीं कर सकती। भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने मंत्री के बयान को राष्ट्रविरोधी करार देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेता और




मंत्री कभी भी संविधान और बाबा साहब का सम्मान नहीं करते। भाजपा के वरीय नेता राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि सिर्फ हाथ में संविधान लेकर घूमने से कोई संविधान प्रेमी नहीं बन सकता। इसके लिए दिल में राष्ट्र और संविधान के प्रति सच्चा जज़्बा होना चाहिए। भाजपा के प्रभारी बालमुकुंद सहाय और पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने भी मंत्री हफीजुल अंसारी के बयान को संविधान विरोधी बताते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। रैली की शुरुआत शहर के बाजारटांड़ से हुई, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत में रहना है तो संविधान मानना होगा, शरियत को मानने वाले भारत छोड़ो, और संविधान का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाए। रैली समाहरणालय पहुंच कर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई।सभा के अंत में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त, लातेहार को सौंपा गया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, भाजपा महामंत्री बंशी यादव, अशोक तिवारी, मुकेश पाण्डेय, रघुवीर यादव, आनंद सिंह, प्रमोद कुमार, विवेक चंद्रवंशी, अश्विनी सिंह, शीला देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नल जल योजना का अरबो रुपया डकार गए पूर्व मंत्री पर सख्त कार्रवाई करे ईडी : रवि डे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झाविस नेता व समाजसेवी रवि डे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल-जल योजना' पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तत्कालीन मंत्री मिथलेश ठाकुर के इशारे पर विभागीय अधिकारियों ने 60 से 70 प्रतिशत राशि की लूट कर आपसी बंदरबांट की है।रवि डे ने कहा कि मिथलेश ठाकुर ने इस योजना से लूटे गए अरबों रुपये से बीते 3-4 वर्षों में कई संपत्तियाँ खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे झारखंड में शुद्ध पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है, और अगर यह लूट नहीं हुई होती तो आज भीषण गर्मी में जनता को स्वच्छ पानी मिल रहा होता। उन्होंने आगे कहा कि जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड दौरे पर आए, उन्होंने इस योजना की खामियों और तत्कालीन मंत्री के कार्यों को जनता के सामने उजागर किया।आज नल-



जल योजना का केवल ढांचा ही दिखाई देता है, जबकि विभागीय अधिकारी जनता को गुमराह कर रहे हैं और लूट में अपना हिस्सा ले चुके हैं।रवि डे ने ईडी के निदेशक से मांग की है कि इस महाघोटाले में शामिल हर व्यक्ति को बेनकाब किया जाए, पूर्व मंत्री की सभी संपत्तियों को जब्त कर उन्हें जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल के अभाव में झारखंड की जनता बेहद परेशान हैं और इस घोटाले में शामिल लोगों को जनता का बद्दुआ जरूर लगेगा।

## मछली पकड़ने गए युवक की डोभा में डूबने से मौत



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र के सिरसी गांव में बुधवार को मछली पकड़ने गए एक युवक की डोभा में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सत्येंद्र नागेशिया (26 वर्ष) पिता महावीर किसान के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्येंद्र दोपहर बाद गांव के स्कूल के पास बने डोभा में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नेतरहाट थाने के पु.अ.नि. कामता कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को डोभा से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

## नगरप्रतापपुर में 26 अप्रैल को शानदार कव्वाली मुकाबला

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नगरप्रतापपुर स्थित हजरत अंजान शाह दाता के मजार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 अप्रैल की शाम एक भव्य कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर दिल्ली से मशहूर कव्वाल समीर हयात निजामी और बेबी जारा वारसी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक रामचंद्र सिंह को आमंत्रित किया गया है, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में एसडीओ और डीएसपी महुआडांड़ की उपस्थिति रहेगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संरक्षक इस्तेखार अहमद, अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम, सचिव महजर खान, मनोज जायसवाल, शंभु प्रसाद, आजाद अहमद सहित कई अन्य सदस्य जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हैं। इसी दिन चादरपोशी, कुरानखानी और लंगरखानी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के शामिल होने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम धार्मिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम प्रयास माना जा रहा है।

### बरवाडीह, केचकी एवं छिपादोहर रेलवे स्टेशन पर मिली कई ट्रेनों का ठहराव

## बहुत जल्द बरवाडीह रेलवे स्टेशन में गरीबरथ एक्सप्रेस का होगा ठहराव : सांसद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** कोरोना संक्रमण के प्रकोप के कारण 22 मार्च 2020 से सभी सवारी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। से लंबे अंतराल के बाद शुरू किया गया पर पूर्व में रुकने वाली कई सवारी ट्रेनों का ठहराव बरवाडीह, छिपादोहर केचकी रेलवे स्टेशन से छीन लिया गया था। पूर्व में कितना ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कई बार लोगों के द्वारा रेलवे बोर्ड और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। लगभग 5 साल के लंबे इंतजार के बाद सांसद कालीचरण सिंह के सार्थक प्रयास एक बार फिर से बरवाडीह रेलवे स्टेशन में झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस, और संतरागाछी एक्सप्रेस का पर्व की तरह ठहरा होगा। वही इसके साथ छिपादोहर रेलवे स्टेशन में शक्तिपूंज एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस और केचकी रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस का पूर्व की तरह ठहराव होगा। वही लातेहार स्टेशन में भी पूर्व की तरह ठहराव किया जायेगा। सांसद कालीचरण सिंह ने बताया कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को दूर करने का निरंतर प्रयास कर रहा हूं और इसी क्रम में माननीय रेल मंत्री के द्वारा हमारे द्वारा की गई मांग अपनी सहमति देते हुए पूर्व में रुकने वाली सभी ट्रेनों का ठहराव पहले की तरह कर दिया गया है। सांसद ने यह भी बताया कि आने वाले कुछ महीनो में बरवाडीह में पर्यटन की दृष्टिकोण से गरीब रथ का ठहराव सुनिश्चित होगा साथ ही मंगरा, उक्कामाड़, कचनपुर बस्ती में ग्रामीणों के आवागमन को लेकर अंडरपास का भी निर्माण कराया जाएगा। ट्रेनों के ठहराव होने पर स्थानीय जिला परिषद कन्हाई सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद , मनोज प्रसाद, मनोज कुमार यादव, दीपक तिवारी, सतीश कुमार यादव, दिलीप कुमार पासवान, विवेक कुमार सिंह, भगवत सिंह समेत अन्य लोगों ने सांसद का आभार जताया है।

## झारोटेफ महुआडांड़ व चंदवा प्रखंड कमेटी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड राज्य शिक्षक एवं कर्मचारी महासंघ (झारोटेफ) के बैनर तले महुआडांड़ एवं चंदवा प्रखंड के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एकजुट होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। महुआडांड़ प्रखंड में सौंपे गए ज्ञापन में प्प्रमुख मांगे हैं-राज्यकर्मियों की भांति शिक्षकों को भी MACP (Modified Assured Career Progression) का लाभ दिया जाए। राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु को बढ़ाकर 62 वर्ष किया जाए।केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर राज्यकर्मियों को भी शिशु शिक्षक भत्ता प्रदान किया जाए। इस अवसर पर झारोटेफ महुआडांड़ प्रखंड कार्यकारिणी के सदस्य अशरफ अली ने कहा कि यह मांगें शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में



हैं और सरकार को जल्द से जल्द इनपर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। मौके पर अब्दुल वारिस अंसारी, संजय कुमार, अजय उरांव, शुबरदानी केरकेट्टा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। चंदवा प्रखंड में भी किया गया ध्यानाकर्षण रैली एवं ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम- चंदवा प्रखंड के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने झारोटेफ प्रखंड सचिव प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकाली और प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राज्य सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को शीघ्र पूरा करे और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान सुविधाएं राज्य कर्मचारियों को भी प्रदान करे। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख सदस्य उदय चरण भारती, दीप नारायण यादव, सत्येंद्र राम, हरे कृष्ण किशोर, किशोर प्रसाद, रामलाल राम, नीलम अंजनी धान, राजेश कुमार समेत अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कुंदा मुखिया ने छः स्थानों पर लगाया मटका शुद्ध प्याऊ



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गरमी के दस्तक से आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हैं। गुरुवार को कुंदा मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहु ने निजी खर्च से अपने पंचायत क्षेत्र के छः अलग अलग स्थानों पर मटका वाला शुद्ध प्याऊ का व्यवस्था कराया है।ताकि आस पास के अलावे राहगीरों व स्कूली बच्चों को पानी पीने में सहूलियत मिल सके मुखिया ने कुंदा बस स्टैंड, अंबडेकर चौक, अस्पताल सह बैंक चौक, बेल चौक व नीचे टोला चौक पर पेयाऊ का व्यवस्था कराया है। मुखिया ने कहा कि गरमी के मौसम में पानी राहगीरों को बहुत ही आवश्यक है.यह कार्य मुखिया ने निजी खर्च से पिछले पांच वर्षो से लगातार सुविधा लोगों को देते आ रहे है।उदघाटन के मौके पर मुखिया ने स्वंय राहगीरों को पानी पिलाकर शुभारंभ किया है राहगीरों ने मुखिया द्वारा इस कार्य को लेकर काफी प्रशंसा कर रहे है.कहा कि उनका सोच ग्रामीण व गरीब हित को लेकर हमेसा चर्चा में रहते है. किसी भी क्षेत्र में मदद में आगे आते है लोगों को आर्थिक-शारीरिक रूप से मदद करते है वही मुखिया ने बताया कि उक्त सभी स्थानों पर हर रोज तीन टाइम सुबह-दोपहर और शाम को मटका में पानी भरने हेतु अलग से मजदूर रखा गया है।ग्रामीण जनता से अपील किया है यह सुविधा सबों के लिए है जिस स्थान पर मटका लगाया गया है वहाँ साफ सफाई का ख्याल रखने में हमें सहयोग करें।

## कश्मीर में आतंकवादी हमले से आक्रोशित विष्णुगढ़ की जनता ने निकाला विरोध मार्च



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 23 अप्रैल 2025 बुधवार की संध्या को पाकिस्तान प्रायोजित कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल की आतंकवादी घटना में 27 हिंदुओं का नरसंहार किया। इस घटना के विरोध विष्णुगढ़ विकास ट्रस्ट हिन्दू परिवार के बैनर तले विष्णुगढ़ भास्कर धाम जमुनियां नदी से विष्णुगढ़-हज़ारीबाग मुख्य मार्ग सातमिल चौक तक सैकड़ो की तादाद में विष्णुगढ़ की आक्रोशित जनता ने कैंडल मार्च निकालकर इस नृशंस हत्याकांड का विरोध किया। कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद,असीम मुनीर मुर्दाबाद,मोदी जी बदला लो हमसब तुम्हारे साथ है के नारे लगाए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय कुमार साहू, राजेंद्र प्रसाद सिंह, नवल किशोर वर्मा, शशि कुमार लाहकार, अजय साहू,सुरेश भगत, डॉक्टर सुरेश,चेडरा मुखिया निर्मल कुमार, नितीश कुमार,मुकेश विश्वकर्मा ,राजू श्रीवास्तव, सुनील कुमार अकेला,अजय कुमार बरनवाल, अशोक गुप्ता पूर्व मुखिया,विनोद सिंह ,शेखर सुमन,आकाश कुमार, शुभम कुमार,शंकर गोस्वामी, संदीप कसेरा,छात्रधारी नायक, हेमलाल साव ,रामजी मिस्त्री कालेश्वर राम,संदीप कुमार प्रमोद कुमार ,राहुल कुमार, अनूप कसेरा समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मिट्टी मोरम पथ निर्माण का किया गया शिलान्यास



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के खैरा पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र गांव सिमराढाव आंगनबाड़ी केंद्र से रामा हांसदा घर पूतो तक जोड़ने वाली जर्जर रास्ता की 24 अप्रैल दिन गुरुवार को चार लाख छियालीस हजार नौ सौ बीस रुपए (446920) की लागत से कार्य किया जाना है। शिलान्यास कार्यक्रम में टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, प्रमुख संतोष मंडल,उप प्रमुख रवि वर्णवाल,खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी, पसंस विनय कुमार ,बीपीओ अफरोज अख्तर सहायक अभियंता देव कुमार रंजन,रोजगार सेवक संतोष राम,अरुण रविदास के हाथों संयुक रूप से नारियल तोड़कर शिलान्यास किया गया। खैरा पंचायत की स्थानीय मुखिया और टाटीझरिया बीडीओ ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना कार्य को यहां के क्षेत्र वासी अपनी श्रम दान से ही मिट्टी मोरम पथ की कार्य करेंगे जिन्हें सरकार के नियमावली अनुसार मनेरगा के तहत मजदूरी राशि 282 रुपए दिए जाएंगे। एवं प्रमुख संतोष मंडल उप प्रमुख रवि वर्णवाल , पसंस विनय कुमार ने कहा कि योजना कार्य में लापरवाही तनिक बर्दाश्त नहीं की जाएगी । वही खैरा पंचायत सचिव अर्जुन प्रसाद ने अपने संबोधन में आश्वासन देते हुए कहा कि इस योजना कार्य में जेसीबी नहीं लगाई जाएगी मजदूरो द्वारा ही श्रम दान देकर मिट्टी मोरम पथ की निर्माण करवाई जाएगी । मौके पर खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी,रोजगार सेवक संतोष राम,अरुण रविदास, बिएफटी सुरेश रजक ,मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ,समाज सेवी सोबरन महतो,दीपक कुमार, तालों मांझी,धनी राम मांझी,मेहीलाल बेसरा,आकाश सोरेन,लखन किस्कू,मो. बुधनी,चिंता मुर्मू,ललिता देवी,बुधनी देवी धनी सिंह समेत अन्य कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## पंचायती राज दिवस पर बसरिया पंचयात कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत में पंचायती राज दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने किया, सर्वप्रथम सरकार के दिशा निर्देश अनुसार प्रभात फेरी व जागरूकता अभियान चलाया गया, एवं ग्रामीणों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों के बीच पंचायत में विकास को लेकर चर्चा व ग्राम सभा की गई, पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने कहा की पंचायत के विकास में सबकी सहभागिता जरुरी है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी अपने क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ख्याल रखेंगे, कार्यक्रम के दौरान पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश, रोजगार सेवक कोलेश्वर प्रजापति, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, वार्ड सदस्य नजमा खातून, देवंती देवी,पूनम देवी, पंचायत सहायक सिकंदर कुमार,पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, नागेश्वर रजक, खुशबू देवी, वीरेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, सुनीता देवी अर्जुन यादव, विजय कुमार राणा मनोज यादव, संजय यादव, बसंती देवी, फुलवा देवी, विद्या देवी सरिता देवी, शकुंतला देवी,मीणा देवी,उषा कुमारी,कलीम अंसारी, विष्णु यादव, लालधारी यादव,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकर द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 24 अप्रैल को केरेडारी प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला से विकास कुमार सोनी डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल डीएलएसए हजारीबाग गौरव सहाय एडवोकेट एंड मेडिएटर डीएलएसए हजारीबाग व विकास पांडे पीएलवी उपस्थित थे साथ ही प्रखंड स्तरीय 6 पीएलवी अर्थात पैरा लीगल वॉलिंटियर्स भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरिका महतो प्रधान सहायक उमेश दास प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा खुशवंत कुमार सहित सभी कर्मी तथा विभिन्न ग्रामो से आये ग्रामीण उपस्थित थे। गौरव सहाय द्वारा डीएलएसए की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया और उन्होंने कहा कि डीएलएसए की सहायता से गरीब लोग भी न्याय पा सकते हैं। वहीं विकास कुमार सोनी द्वारा अनेक उदाहरणों के द्वारा कानूनी जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया एवं उनके द्वारा कई धाराओं और अधिकारों से उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया साथ ही उन्होंने बताया कि प्रखंड स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात पंचायत स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम भी निश्चित है। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया जहां से ग्रामीणों को दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधिक जागरूकता के पश्चात परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया जिसमें पांच नए राशन कार्ड चार मनरेगा जॉब कार्ड पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र 6 आवास स्वीकृति पत्र 5 केसीसी कुल 330000 रुपए। दस कृषकों के बीच नैनो यूरिया का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि राजा के द्वारा किया गया। अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया ।

### संजीवनी सेवा कुटीर को हटाने के फरमान के बाद सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया प्रेस वार्ता कहा

# संजीवनी सेवा कुटीर अपनी जगह से एक इंच भी नहीं हटेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी द्वारा सदर अस्पताल परिसर में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर को हटाने के निर्देश दिए जाने के बाद, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गुरुवार को एक विशेष प्रेस वार्ता आयोजित कर इस निर्णय का विरोध किया। उन्होंने इसे जनसेवा पर आघात बताते हुए कहा कि यह कार्य न सिर्फ असंवेदनशील है, बल्कि राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भी प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि यह सेवा कुटीर दिनांक 4 जनवरी 2025 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में स्थापित किया गया था, और तब से आज तक करीब 6000 से अधिक जरूरतमंदों को चिकित्सा सहयोग प्रदान कर चुका है। कई आपातकालीन मामलों की सेवा बिना रजिस्ट्रेशन के भी दी गई है, क्योंकि प्राथमिकता मरीज की जान बचाना रहा, कागज़ी प्रक्रिया नहीं। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से सवाल किया कि वे हजारीबाग आते तो हैं, पर अस्पताल परिसर का निरीक्षण क्यों नहीं करते? सिर्फ सर्किट हाउस में बैठक कर चले जाने से उन्हें कैसे जानकारी होगी कि ज़मीनी स्तर पर क्या कार्य हो रहा है? बिना कोई जायजा लिए, सेवा कुटीर को हटाने का आदेश देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदीप प्रसाद ने कहा की आप कहते हैं कि यह सेवा किसी विशेष समुदाय के लिए है, पर मैं स्पष्ट कर दूं कि जिन 6000 लोगों का इलाज



किया गया है, उनमें हर धर्म, जाति, वर्ग के लोग शामिल हैं। हमारे पास पूरा डाटा है आप खुद आकर देख सकते हैं। अगर आप एक सेवा कुटीर हटाएँगे, तो हम सौ सेवा कुटीर खड़े कर देंगे। हजारीबाग में सेवा महल बनेगा, पर सेवा कुटीर अपनी जगह से एक इंच भी नहीं हटेगा। विधायक ने बताया कि सेवा कुटीर में 12 युवा स्वयंसेवक चौबीसों घंटे तैनात रहते हैं। बीते बुधवार को ही मरीजों की सुविधा के लिए एयर कंडीशनर लगाया गया है। यह सेवा निस्वार्थ भाव से जनमानस की भलाई हेतु संचालित है, इसका कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है।

**प्रेस वार्ता में कई लाभार्थियों ने भी इस आदेश के विरोध में अपनी बात रखी।**

एक अल्पसंख्यक समुदाय से आए व्यक्ति ने स्पष्ट कहा मैं मुस्लिम हूं, लेकिन सेवा कुटीर ने कभी मेरा धर्म नहीं पूछा। यहां सिर्फ इंसानियत की सेवा होती है, और मैं मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि वे अपने निर्णय पर पुनर्विचार करें। प्रदीप प्रसाद ने यह भी बताया कि वे विधायक बनने से पूर्व लगभग 20 वर्षों तक समाजसेवा में सक्रिय रहे हैं। रक्तदान, सांप का इंजेक्शन, कोरोना काल में सेवाएं इन सभी कार्यों में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया। उन्होंने कहा की मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं, सेवा है और मैं अपने आसपास के सभी लोगों को भी इसी सोच से जोड़ता हूं। उन्होंने एक ताज़ा घटना का भी जिक्र किया जिसमें बाबूगांव कोर्रा चौक निवासी आलेख गौरव की झील में डूबने से मृत्यु हो गई थी। विधायक ने स्वयं मौके पर पहुंचकर झील से शव निकलवाने का प्रयास किया और सफलता भी मिली। जबकि स्वास्थ्य मंत्री रात में झील पर सिर्फ वीडियो बनाकर चले गए पीड़ित परिवार से मिलना भी जरूरी नहीं समझा। विधायक ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा की मैं स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को चेतावनी देता हूं सेवा कुटीर किसी भी कीमत पर नहीं हटेगा। हम धर्म देखकर सेवा नहीं करते, बल्कि इंसानियत के नाते करते हैं, और करते रहेंगे। प्रेस वार्ता में प्रदीप प्रसाद के साथ मनोज श्रीवास्तव, अशफाक अहमद उर्फ राजा सहित कई लोग मौजूद रहें.

## डीवीसी कोनार में पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले में 28 सैलानियों की निर्मम हत्या के विरोध में दिनांक 24 अप्रैल 2025 डीवीसी कोनार डैम में कैंडल मार्च निकाला गया । साथ ही स्कूली बच्चों , कर्मचारियों और अधिकारियों ने तख्ती में आतंकवाद विरोधी स्लोगनों के साथ मुख्य कार्यालय से होकर कोनार सामुदायिक भवन मैदान तक मार्च किया और अंत में एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माएं की शांति के लिए प्रार्थना की।परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इन आतंकियों का जल्द और पक्का इलाज होना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप डॉक्टर बी एन मंडल, असैनिक



विभाग के प्रबंधक गोपाल महतो, रबी रंजन, चंद्रशेखर, सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल थे।

## केदार यादव एवं विजय यादव के नूतन गृह प्रवेश पर निकली भव्य कलश यात्रा, विधायक हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम करगइयों में शनिवार को केदार यादव एवं विजय यादव के नूतन गृह प्रवेश के अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए और कलश यात्रा में भाग लेकर आयोजन को धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। कलश यात्रा में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल रहा और भक्ति गीतों के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मंगलदेव यादव,



भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, डीलो पासवान, अशोक रविदास, टेकलाल यादव, नंदकिशोर साव, कन्हाई यादव, मूलचंद यादव, मनोज यादव, शिक्षक सुखदेव यादव, कैलाश यादव, पवन यादव, सुरेन्द्र यादव, अर्जुन यादव, महेंद्र यादव, बालेश्वर यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने केदार यादव एवं विजय यादव को गृह प्रवेश की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सिमराढाव विद्यालय में अधूरा विकास कार्य

## जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी, संवेदक को दी अंतिम चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के खैरा पंचायत के सिमराढाव नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में किचन शेड सहित विद्यालय परिसर में सुंदरीकरण कार्य पेबर ब्लॉक लगभग 19 लाख रुपए की राशि से योजना कार्य किया जाना था । जनप्रतिनिधियो का एक शिष्टमंडल जिसमें टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,उप प्रमुख रवि वर्णवाल,खैरा पंचायत की स्थानीय मुखिया कुमारी माधुरी,टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, पसंस विनय कुमार, कोडरमा लोकसभा सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल शामिल थे ने उक्त स्थल का मुआयना किया और कहा की संवेदक द्वारा लिपा पोती कर योजना राशि का बंदर बाट कर लिया गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद ने कहा कि मुझसे विद्यालय में हो रही योजना कार्य को पूर्ण कर देने की बात को लेकर झांसे देकर संवेदक द्वारा हस्ताक्षर फॉर्म में पूरी करवा ली गई थी । पेभर ब्लॉक



लगाने की अधूरी कार्य को हमने कई बार संवेदक से बात किया लेकिन वे हमेशा टाइम पर टाइम और तारीख पर तारीख देते चले गए और आज तक अधूरा ही देखा जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। वही योजना कार्य स्थल को निरीक्षण करते जन प्रतिनिधियों ने देखा तो नाराजगी जताते हुए संवेदक से फोन पर बात जल्द योजना कार्य को सही तरीके से पूर्ण करने की बात कही । जन प्रतिनिधियो में टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ने संवेदक से बात किया तो संवेदक ने उन्हें जल्द ही योजना कार्य को पूर्ण करने का आश्वाशन दिया है। टाटीझरिया प्रमुख ने कहा मौजूद ग्रामीणों से कहा कि यदि संवेदक ने फाइबर ब्लॉक योजना कार्य को पूर्ण नहीं किया तो हम जनप्रतिनिधि गण अपने हाथों से लिखित आवेदन संबंधित जिला के वरीय अधिकारीयो को जांच कर योजना कार्य पूर्ण करवाने को लेकर आवेदन देंगे। मौके पर धनी सिंह,लखन किस्कू,मो.बुधनी,चिंता मुर्मू, तालों मांझी, छोटेलाल मुर्मू,आकाश सोरेन,धनी राम मांझी मेहीलाल बेसरा समेत अन्य कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक,अवैध खनन व परिचालन पर सख्ती बरतने के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। गुरुवार 24 अप्रैल को समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। उपायुक्त ने विभिन्न संचार माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर पुलिस तथा प्रखंड स्तर पर संबंधित अधिकारीयों को बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ प्रभावी कारवाई करने को कहा। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू व गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच एवं परिचालन पर रोक लगाने की बात कही। उपायुक्त ने मार्च माह में पूरे जिले से मात्र एक अवैध वाहन पर एफआईआर की कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विशेष शाखा से प्राप्त सूचनाओं पर भी तत्परता से कार्रवाई करने का



निर्देश दिया साथ ही एक्शन टेकेन रिपोर्ट भी अनिवार्य से भेजने को कहा। विभिन्न अंचलों से कार्रवाई की शून्य प्रतिवेदन प्राप्त होने पर अत्यंत खेद जताया साथ ही उन्होंने वैसे अंचल जिनके द्वारा कार्रवाई की रिपोर्ट अप्राप्त है उन्हें स्पष्ट रूप से गुणात्मक सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने आगे कहा कि हजारीबाग इको सेंसेटिव जोन अंतर्गत कुछ क्रशरों के संचालन की सूचना है जल्द कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी से खनिज लदे वाहनों पर ओवरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

**मार्च माह में हुई कारवाई की रिपोर्ट**

बालू लदे जप्त वाहनों की संख्या : 24.

स्टोन चिप्स लदे जप्त वाहनों की संख्या : 04.

दर्ज प्राथमिकी की संख्या : 01.

वाहनों से वसूली गई जुर्माना राशि : 4.07 लाख.

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी पूर्वी, वन प्रमंडल पदाधिकारी पश्चिमी, वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी प्रमंडल, सदर व बरही एसडीएम, डीएमओ अजीत कुमार, अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## भीषण सड़क हादसे में विष्णुगढ़ की दो महिला मजदूर की मौत, आधा दर्जन घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-हज़ारीबाग मुख्य मार्ग एन.एच-522 पर दारू के पिपचो में भीषण सड़क हादसा हुआ। विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत गोविंदपुर चितरामो टोला गिधनियाँ की स्थानीय निवासी की इस सड़क दुर्घटना में मजदूर मणि कुमारी और ललिता कुमारी असामयिक मौत हो गई। इसी गांव की रहने वाली संगीता कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया जबकि दशमी हांसदा, भानुमती मरांडी, सूरजमुनि को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करके इलाज किया जा रहा हैं ।बताया जाता है,हजारीबाग से पूरी रात छत ढलाई का काम करके वापस अपने घर लौट रहें थे तभी ये हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन की टक्कर पिपचो में खराब होकर खड़ी एक ट्रक से टकराई,टक्कर इतनी जोरदार हुई कि दो महिला मजदूरों की मौत मौके पर हो गई और आधा दर्जन मजदूर घायल हो गए। एक घायल को नाजुक स्थिति में हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल से प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सक्रिय हुए और उन्होंने तत्काल अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि



रंजन चौधरी को अस्पताल जाकर घायलों का सुध लेते हुए उन्हें हरसंभव मदद का निर्देश दिया। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर तत्काल उनके प्रतिनिधि रंजन चौधरी हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और घायलों के समुचित इलाज में हरसंभव सहयोग में जुट गए। उन्होंने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी और स्थानीय सांसद प्रतिनिधि के माध्यम से मृतकों और घायलों के परिजनों को खबर भेजवाया और फ़िर मृतकों के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के साथ सभी घायलों के समुचित इलाज का चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों से आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने भी इस भीषण सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक जताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की ।

## बरही में बेखौफ होकर चल रहा है अवैध बालू का कारोबार, बालू माफियाओं की चांदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र में इन दिनों बालू माफिया काफी सक्रिय हैं और बेखौफ अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है। एनजीटी के नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है, बालू माफिया हर दिन सरकार को लाखों रुपए राजस्व का चुना लगा रहे हैं। जानकारी मिली कि बालू की तस्करी इस प्रकार होती है कि शाम में जेसीबी मशीन से अलग अलग बालू घाटों से ट्रैक्टरों के बालू लोड कर दी जाती है। रात का इंतजार ट्रैक्टर मालिक करते हैं और ठीक 12 बजे रात्रि में आगेङ्कआगे बालू माफिया बोलोरो से चलते हैं और पीछे पीछे ट्रैक्टर। वही हर चौक पर दो बाइक मौजूद होता है जो पुलिस की गाड़ी को देखते रहते है, फोन से लगातार संपर्क बनाए रहते, पल पल की सूचना ट्रैक्टर चालकों तक पहुंचती रहती है। हर ट्रैक्टर की दूरी करीब 100 मीटर की होती है ताकि पुलिस की गाड़ी आ भी जाए तो एक ट्रैक्टर से ज्यादा नहीं पकड़ेगा। एक दिन पहले ही विभिन्न बालू का दलाल ऑर्डर लेते है, उसी के अनुसार रोड मैप तैयार किया जाता है। बता दें कि बरही क्षेत्र के कोल्हूआकला, बेरीसाल, पुरहारा, धोबियापहरी, करगईयो, बेला, निचितपुर, गौरियाकरमा आदि नदी घाटों को जेसीबी मशीन से सीना चिरा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रति ट्रैक्टर दलालों को कमीशन बंधा हुआ है। नाम नहीं छापने की बात कहने पर एक



ट्रैक्टर चालक से पूछे जाने पर बताया कि सबके लिए रेट बंधा है, तो डर किस बात की। ज्ञात है कि जब कोई सरकारी आवास बनाने के लिए बालू मंगवाते हैं तो इन्हीं कारणों से उन्हें ऊंचे दामों पर मिलता है। हर स्थान का बालू गिराने का रेट अलग अलग ली जाती है। 25 सौ से 4 हजार रुपए प्रति ट्रैक्टर बेची जा रही है। इधर एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि पिछले पांच दिन पहले अवैध बालू के परिवहन के खिलाफ करवाई कि गई थी। अवैध बालू तस्करी की रोक लगाने के लिए बरही सीओ और पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। वही सीओ अमित किस्कू ने कहा कि अवैध बालू परिवहन के खिलाफ जल्द ही छापामारी अभियान चलाया जाएगा।

## ब्लास्टिंग के दौरान आम जनों की सुरक्षा कर रखें विशेष ध्यान : उपायुक्त



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया वहीं संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल बसंत मेला का आय व्यय का ब्यौरा उपलब्ध कराए : महेंद्र कुमार महतो



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेंद्र कुमार महतो ने जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पीयुवीएनएल एनटीपीसी पतरातु से स्वर्णरिखा महिला समिति द्वारा 01 फरवरी 2025 से 02 फरवरी 2025 तक बसंत मेला में लॉटरी सह लकी ड्रॉ खेलाने आयोजन किया था।उस आयोजन में कितने लोग बसंत मेला के लॉटरी सह ड्रॉ टिकट खरीदा था उसका नाम,पता,मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कराने का मांग किया है। बसंत मेला स्वर्णरिखा महिला समिति का रजिस्ट्रेशन नंबर जीएसटी नंबर और इस मेला का आय-व्यय का ब्योरा समिति के पदाधिकारी का नाम एवं उनके पति के नाम और पति किस पद पर है उसका पूरा डिटेल मांग की गई है। बसंत मेला सह लकी ड्रॉ आयोजन किसके आदेश से हुआ था उसे आदेश की छाया प्रति भी मांग की है। बसंत मेला में कितना जीएसटी जमा हुआ है उसकी भी छायाप्रति मांग की गई है स्वर्णरिखा महिला समिति का निबंध,संविधान एवं नियमावली की छायाप्रति की भी मॉग की किया गया है महिला समिति द्वारा पीवीयूएनएल के सीडी या सीएसआर योजना से अब तक किए गए कार्यों का कार्य आदेश की छायाप्रति की भी मांग की गई है।

## पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा - शहीदों को श्रद्धांजलि, दोषियों को मिले कठोर दंड : सुधीर मंगलेश



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष श्रद्धालुओं पर हुए कायराना आतंकी हमले की दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने तीव्र निंदा की है। उन्होंने इस बर्बर कृत्य को मानवता पर हमला बताते हुए कहा कि यह घटना न केवल दुःखद है, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा, 卐ऐसे समय में जब पूरा देश शांति, सौहार्द और एकता के मार्ग पर अग्रसर है, इस तरह की आतंकी घटनाएँ हमारे समाज के ताने-बाने को तोड़ने का प्रयास हैं। मैं केंद्र और राज्य सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस घटना में शामिल आतंकियों को शीघ्र चिन्हित कर उन्हें कठोर से कठोर सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की कायराना हरकत करने की हिम्मत न कर सके।卐श्री मंगलेश ने इस जघन्य हमले में शहीद हुए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 卐इस दुःख की घड़ी में पूरा देश, खासकर झारखंड की जनता, शहीदों के परिजनों के साथ खड़ी है। हमारी संवेदनाएँ उनके साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवारों को यह गहन पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें।卐 इसके साथ ही उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और केंद्र सरकार तथा सेना पर विश्वास जताते हुए कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा और आतंक के सरपरस्तों को उचित दंड मिलेगा।

## पहलगाम के मृतकों को मिले शहीद का दर्जा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के विरोध में मारवाड़ी धर्मशाला में श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मन्दिर एवं धर्मशाला संस्था के बैनर तले श्रद्धांजलि सह शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमलों में मारे गए सभी व्यक्तियों के प्रति अपनी संवेदनाएं और सहानुभूति प्रकट की गई। सभा में 80 से ज्यादा लोगों ने भाग लेकर अपना आक्रोश जताया और इस घोर अमानवीय कृत्य की निंदा करते हुए संदेश दिया कि हमारा समाज सरकार और हताहत हुए परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है। सभा का संचालन अरविंद गोयल ने करते हुए सर्वप्रथम उपस्थित लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए आभार जताया और निर्ममता से किए गए इस हिन्दू नरसंहार के प्रति निंदा प्रस्ताव दिया साथ ही कहा कि इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। सभी ने मिल कर इस अमानवीय और घृणित कार्य के लिए सरकार से मांग की कि घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियो के साथ उनके मददगैरों को भी तुरंत सजा दी जाये जिससे कि भविष्य में ऐसी घटनाएँ ना घटित हो।

## मांडू विधायक को रेफरल अस्पताल टूटी झरना की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सोफे ज्ञापन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के रेफरल अस्पताल टूटी झरना के जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें मुख्य रूप से 1. रेफरल अस्पताल के प्रांगण में फाइबर ब्लॉक का निर्माण , 2. डीप बोरिंग एवं जलमीनार का निर्माण , 3.हाय मास्क लाइट का निर्माण , 4. रेफरल अस्पताल में बाउंड्री वॉल का निर्माण, 5. रेफरल अस्पताल में मुख्य द्वार पर गेट का निर्माण , 6. पुराना एन एच 33 से मंदिर तक कालीकरण पथ एवं स्ट्रीट लाइट का निर्माण किया जाये।इस ज्ञापन देने वाले में रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद आईटी सेल रामगढ़ नगर परिषद संजीव कुशवाहा और विनोद कुशवाहा उपस्थित थे।

## जैन समाज रामगढ़ ने की पहलगाम हमले की तीव्र भर्त्सना

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैन समाज रामगढ़ के सचिव योगेश सेठी ने गत 22 अप्रैल को हुए पहलगाम के आतंकी हमले की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि इस हमले की निंदा करने के लिए उचित शब्द नहीं है, उन्होंने बताया कि विगत तीन चार वर्षो से जम्मू कश्मीर की शांति और सद्भाव पर पाक हुक्मरानों और पाक में बैठे आतंकी संगठनों को नागवार गुजर रहा है। यह हमला इस शांति व्यवस्था को भंग करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि बैसरन घाटी जिसे हम मिनी स्विट्ज़रलैंड के रूप में जानते हैं उस पर यह आतंकी हमला हमारी सुरक्षा, संप्रभुता एवं सार्वभौमिकता पर गंभीर कुठाराघात है। ऐसे में हम देशवासियों को एकजुट होकर इस हमले का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से यह मांग की कि ऐसे सीमापार के षड्यंत्रकारियों को कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए। इसके अलावा श्री सेठी ने इस हमले में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा देने की मांग करते हुए उनको दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की तरफ से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ईश्वर इस संकट की घड़ी में पीड़ीत परिवारें को इस अपार कष्ट को सहनें की शक्ति प्रदान करें।


### पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/विधुत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई-निविदा संख्या : GeM Bid No. GEM/2025/B/6103280.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Manning of 12 Nos. Traction Sub-Stations (at PKA, HZD, PRP, RJBE, GMIA, BRKA, RAY, RCGT, BRWD, TRZ, OBRA, SGRL/TSS) in Dhanbad Division for a period of (04) four years. कार्य समापन की अवधि – (48) माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹9,14,01,920.64, निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य। 3. बीड सिक्युरिटि : ₹6,07,100/–, 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि : 23.04.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि : 23.04.2025 को 11:30 बजे। 5. संसोधित ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 26.04.2025 को 14:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 26.04.2025 को 14:30 बजे। 6. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.gem.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./
पूमरे/धनबाद

पीआर/0146/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/25–26/36


## बच्चों को स्कूलों से दोबारा जोड़ने, सरकारी स्कूलों में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति और ड्रॉप आउट कम करने को लेकर कैंपेन यानी स्कूल रुआर 2025 की शुरुआत हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रामगढ़ :** गुरुवार को स्कूल रुआर 2025 का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष रामगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला के उपायुक्त चंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी, मांडू विधायक निर्मल महतो, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि राजीव जैसवाल, उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो को पौधा देकर स्वागत किया गया। सभी अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उपायुक्त चंदन कुमार ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को स्कूलों से दोबारा जोड़ने और शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर बैक टू स्कूल कैंपेन की शुरुआत की गयी है। इसमें विद्यालय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को फिर से स्कूल आने को लेकर प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास किया जाए। लोगों की सेवा करने का अवसर सभी को प्राप्त नहीं होता है। आप सभी को सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दायित्व दिया है। विद्यालय में इस प्रकार शिक्षा दिया जाना चाहिए ताकि बच्चे सहज और सरल भाव विद्यालय में सीख सकें। बच्चे आनंदपूर्वक विद्यालय में जुड़े रहे। ऐसा हमेशा माहौल तैयार करें ताकि बच्चे विद्यालय से दूर ना रहे।रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य और पशु मे भेद करती है। इसलिए समाज को शिक्षित करने के लिए बच्चों को शिक्षित करना नैतिक दायित्व है। मांडू विधायक ने ईट भट्ठा में रह रहे या काम कर रहे बच्चों को पढ़ाने पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया।इस अभियान के दौरान ही सभी ईट भट्ठा का सर्वे छ्त्रक्ष और शिक्षक के माध्यम से कर बच्चा चयनित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी को दिया गया।उपायुक्त एवं दोनों विधायक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ रवाना किया। जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों का नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। साथ ही स्कूलों में नामांकन का विशेष अभियान शुरु हो गया है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य आंगनबाड़ी सहित 05-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है।

## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पीटीपीएस कॉलेज पतरातू के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी और भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाने की मांग की।पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों को मौत के घाट उतारने से गुस्से और दुःख का माहौल हैं। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बृहस्पतिवार सुबह पीटीपीएस कॉलेज पतरातू में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। कॉलेज में आयोजित प्रार्थना सभा में विचार व्यक्त करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ कुमार मनोज ने कहा कि इस घटना ने पूरे देश के जन मानस को झकझोर कर रख दिया हैं। हर व्यक्ति अपने आप को बहुत कष्ट में महसूस कर रहा हैं परंतु यह ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे समय में एक जुटता ही दुश्मनों के हौसले परास्त कर सकती हैं। शोक सभा में डॉ विजय कुमार सिन्हा,प्रो जयशंकर ठाकुर, डॉ पुष्पा सिंह, प्रो.नन्द कुमार,छात्र नेता लोकेश आनंद, अजीत कुमार, चंद्रचूड़ रॉय,प्रो शकील अहमद, डॉ निशा कुमारी, प्रो ललन राम, उज्जवल सिंह, विशाल कुमार, राधिका कुमारी, महफूज अंसारी, सुहाना प्रवीण आदि छात्र छात्राएं, महाविद्यालय कर्मचारी उपस्थित थे।

## आर ए माइनिंग कंपनी कि लापरवाही से खदान में बारूद हुआ मिसफायर,सीसीएल प्रबंधन ने कि जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना अंतर्गत काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी लगातार लापरवाही कर रही है। लापरवाही भी इतनी बड़ी कि मजदूरों के जान लेने के लिए उतारू हो चुकी है। घटना बिते बुधवार कि दोपहर लगभग बारह बजे कि है जहां कोयला निकालने के लिए ड्रिल कि गई सुरंग में मजदूर बारूद डालने पहुंचे थे। तभी बगल में डाले गए बारूद से अचानक विस्फोट हो गयी। हालांकि गनीमत रहा कि घटना के वक्त सभी मजदूर ड्रिल किए गए दुसरे सुरंग में बारूद डाल रहे थे। तभी जोरदार आवाज के साथ विस्फोट हुआ। यहां बता दें कि घटना के बाद सुचना मिलते ही सेल संचालन समिति के पदाधिकारी व सीसीएल प्रबंधन,आर ए माइनिंग कंपनी के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच मामले कि जानकारी ली। वहीं इस मिसफायर के बाद काम करने वाले सभी मजदूरो में डर व दहशत का माहौल है। वहीं भयभीत मजदूरों ने बताया कि सभी मजदूर दुसरे सुरंग कि ओर निकल गये? थे। अगर कोई मजदूर वहां खड़ा होता तो उसके चिथड़े उड़ गए होते। वहीं दूसरी ओर आउटसोर्सिंग कंपनी के लिए ये कोई नई बात नहीं है आर ए माइनिंग कंपनी लागातार लापरवाही कर रही है। यहां बता दें बिगत कुछ दिनों पूर्व ही सयाल आउटसोर्सिंग कंपनी



आर ए माइनिंग द्वारा लगातार भारी ब्लास्टिंग कर ग्रामीणों के घरों को क्षति पहुंचा रही है।

**रामगढ़ जिला प्रशासन व सीसीएल प्रबंधन आउटसोर्सिंग कंपनी कि लापरवाही पर मौन साधे हुए हैं**

उरीमारी- सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना अंतर्गत काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी कि लगातार लापरवाही पर रामगढ़ जिला प्रशासन व सीसीएल प्रबंधन मौन साधे हुए हैं। वही आउटसोर्सिंग कंपनी सीसीएल प्रबंधन के बातों को लगातार नजर अंदाज कर हैवी ब्लास्टिंग कर रही है। जो कंपनी नियमों से परे है। वहीं रामगढ़ जिला माइनिंग पदाधिकारी इसकी जांच करे तो कंपनी कि लापरवाही का जीता जागता सबूत उनके हाथ लग सकती है। सीसीएल प्रबंधन कंपनी के लापरवाही पर नहीं लेती है संज्ञान।

## रामगढ एसपी ने यातायात व्यवस्था प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को ब्रीफिंग एवं कर्मियों को बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए समान उपलब्ध कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ अजय कुमार के द्वारा रामगढ़ जिला के यातायात व्यवस्था को बनाये रखने एवं वाहन का परिचालन सुगमता पूर्वक किये जाने को लेकर राष्ट्रीय राज्यमार्ग, चौक / चौराहा पर प्रतिनियुक्त किये गये पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को ब्रीफिंग किया गया तथा प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को बढ़ती गर्मी से बचाव एवं सुरक्षा हेतु हेलमेट, छाता, गमछा, चश्मा एवं लस्सी उपलब्ध कराया गया है।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा यातायात व्यवस्था को बनाये रखने हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को ब्रीफिंग के दौरान सभी को अपने कर्तव्य के दौरान संयम बरतने एवं किसी भी व्यक्ति जिनके द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है, उनपर नियामानुसार कार्रवाई करने तथा कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार किया जाता है तो उसके विरूद्ध कानुन की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित को अविलम्ब प्राथमिकी उपचार हेतु नजदिकी अस्पताल में पहुँचाये, आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें, बुढ़े, बुजुर्ग, बच्चों एवं असहाय व्यक्ति जिनको किसी भी प्रकार की समस्या हो उनकी हर संभव सहयोग करने का प्रयास करें। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा आम जनता से अपील किया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट, ड्राईविंग लाईसेंस, ऑनर बुक, सीट बेल्ट आदि यातायात नियमों का ढ्ढतापूर्वक पालन करें। वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें।अभिभावक अपने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमती न दें। सोशल मीडिया पर स्टंट वीडियो की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर युवाओं में बाईक से स्टंट करने का क्रेज काफी बढ़ता जा रहा है, जो सड़क दुर्घटना का कारण बन रहा है। पुलिस के द्वारा इस पर निगरानी रखी जा रही है, अभिभावक से भी अनुरोध है कि अपने-अपने बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें तथा वाहन से स्टंट करने से मना करें।उक्त कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक, (मु0), रामगढ़, परिचारी प्रवर, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, यातायात प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित रहें।



## पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** आज पतरातू प्रखंड स्थित सौंदा डी पार्टी कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में संगठन सृजन वर्ष 2025 के अभियान को लेकर प्रखंड कॉंग्रेस कमेटी के पूर्ण गठन को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस जनों की एक महत्ती बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत सर्वप्रथम बीते कल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष भारतीय पर्यटको के प्रति 2 मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया तथा एक स्वर में सभी ने कहा कि जिस तरह से आतंकियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को चैलेंज करते हुए निर्दोष भारतीय पर्यटको की निर्मम हत्या की गई है प्रधानमंत्री को हिम्मत दिखानी चाहिए और आतंकियों के घर पाकिस्तान में घुसकर उनका सफाया करना चाहिए । आज पूरा देश मर्माहत है और कार्यवाही चाहता है । गृह मंत्री अमित शाह जी को अविलंब अपनी विफलता पर नैतिक जवाबदेही लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए । हम कांग्रेस पार्टी मृत्य भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और इस घटना की कड़े शब्दों में घोर निंदा करते हैं आतंकवाद और उग्रवाद की कोई जाति और धर्म नहीं होती है हर हाल में ऐसे कुकृत्य पर इनका सफाया होना चाहिए । आज कांग्रेस पार्टी सहित पूरा देश पीडित परिवारो के साथ खड़ा है। वहीं बैठक के अंत में प्रखंड एवं मंडल कमेटी के पुनर्गठन को लेकर संगठन में काम करने वाले कार्यकर्ताओं कि नामो पर चर्चा हुई। बैठक तथा शोक सभा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनील सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल प्रेमनाथ विश्वकर्मा डॉ के के शर्मा पूर्व महिला जिला अध्यक्ष बबीता सिंह अमर यादव बिरु सिंह प्रकाश दास सत्येंद्र पांडे संजीव सिंह अनिल कुमार मो. इकबाल हुसैन फिरदोस आलम मुमताज रामवृछ तुरी नीलम चौहान काजल कुमारी नीरज कुमार सहित दर्जनों शामिल थे

## आर ए माइनिंग कंपनी का सेल समिति ने सात घंटे तक काम रखा ठप,बैठक के बाद बंद हुआ वापस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल डी परियोजना अंतर्गत काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी द्वारा लगातार लापरवाही व मनमाने तरीके से काम करने पर आक्रोशित सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के द्वारा गुरुवार को कंपनी का काम लगभग सात घंटे तक बंद रखा गया। वहीं सेल संचालन समिति के सचिव अंबर कुमार ने आक्रोश जताते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी आर ए माइनिंग कंपनी कि लापरवाही से बिते बुधवार दोपहर सुरंग में बारूद भरने के साथ ही मिसफायर होने कि घटना कि उचित जांच कि जाए। आखिर इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो सकती है। वहीं कंपनी कि लापरवाही बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। वहीं लगभग सात घंटे काम बंद रहने के बाद सीसीएल प्रबंधन होश में आई। शाम करीब तीन बजे महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल महाप्रबंधक अजय सिंह व सेल संचालन समिति कि आपस में बैठक हुई। वहीं बैठक के बाद बंदी को वापस ले लिया गया। वहीं सेल संचालन समिति के सचिव अंबर कुमार ने सीसीएल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि इस घटना कि उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए साथ ही इस तरह कि गलती अगली बार बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। वहीं इस बैठक में दयानंद प्रसाद,अंबर कुमार, पिंकू कुमार, अरविंद गिरी,ललन प्रसाद,जनक प्रसाद,सोहन प्रसाद, सुमित कुमार,निरंजन प्रसाद, राजेश गुप्ता,छोटू साव, संजय कुमार, अमित कुमार, अखिलेश प्रसाद, सुरेश गिरी, हरिनारायण प्रसाद, अरविंद प्रसाद, जीतराम मुंडा, शशिकांत गुप्ता, संदीप कुमार, राजकुमार, तिलेश्वर साहू,बंधू करमाली,किशन कुमार,सुरज कुमार,अनुप बाउरी,पवन बाउरी,पवन साव आदि लोग मौजूद थे।

## मदरसा मजहरे हसनात जामा मस्जिद गोलपा रामगढ़ में एकदिवसीय हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड राज्य हज कमिटी रांची के आदेशानुसार 24 अप्रैल 2025 बरोज जुमेरात को जिला हज कमिटी रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मौलाना हाजी हबीब आलम रजवी ने किया 2025 ईस्वी में हज में जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के दौरान हज यात्रियों को मौलाना हाजी अबुल कलाम साहब ने घर से लेकर एयरपोर्ट जद्दा मक्का मदीना सफा मरवा इत्यादि हज के सारे अरकान बताया मौलाना कलीम साहब ने भी ट्रेनिंग दिया मुफ्ती इजहार अहमद साहब अमजदी ने कुरआनो हदीस की रोशनी में बताया हज क्या होता है प्रोग्राम का आगाज तिलावते कुरान ए पाक से किया गया तिलावत जिला हज कमेटी रामगढ़ के व्यवस्थापक कारी अब्दुल्लाह रिजवी ने किया और इस प्रोग्राम का संचालन कारी मुश्ताक अहमद रजवी ने किया और हज पर काम आने वाली बहुत सी जानकारी दी और कहा के अल्लाह के मेहमान होते हैं हज यात्री इस साल जिला रामगढ़ से हज पर जाने वाले लोगों की संख्या 49 है इस प्रोग्राम को हाजी रईस खान ने भी संबोधित किया प्रशिक्षण के बाद हाजियों का टीकाकरण किया गया जिसके लिए डॉक्टर सरवर आलम की टीम मौजूद रही। हाजी बदरे आलम की देख रेख में टीकाकरण कार्य संपन्न हुआ प्रशिक्षण को कामयाब बनाने में कारी अब्दुल्लाह मौलाना हबीब आलम कन्वीनर जिला हज कमेटी रामगढ़ मौलाना कलीम मुफ्ती इजहार अहमद अमजदी कारी वसीम कारी मुश्ताक अहमद रिजवी हाफिज अब्दुल कादिर फैसल खान जमील कुरैशी मुख्तार आलम ग्यास खान आजाद कुरैशी वसीम कुरैशी अजीमुल्ला कुरैशी रिजवान कुरैशी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।%


## शिक्षकों की सेवानिवृत उम्र सीमा 62 वर्ष किया जाय : डॉ सुनील कश्यप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन के रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष पमपम कुमार के अगुवाई में प्रांतीय कमेटी के निर्देश अनुसार रामगढ़ प्रखंड में ध्यानाकर्षण रैली निकाल कर अपने मांगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सरकार के मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के अवर सचिव को ज्ञापन सौपा गया।ज्ञापन में मुख्य मांगे पत्र 1.शिक्षक संवर्ग के स्त्र्क्क लागू करना,2.सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करने एवं 3.केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता देने संबंधी 11 सूत्रीयों को मांग सम्मिलित है। प्रखंड विकास प्रदाधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए कहा कि संगठन के मांगों को लेकर आप सभी ने जो मांग पत्र दिए हैं इसको मैं उचित जगह पर पहुंचाऊंगा। कर्मचारियों की जायज मांगों को सरकार को पूरी करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रदेश उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप प्रदेश संयुक्त सचिव लोकेश कुमार जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो,जिला सचिव बुद्धदेव मुंडा संरक्षण गुलाम साबरी संतोष कुमार रवि विजय राम अवकाश प्राप्त राम प्रसाद महतो,मिनहाज अंसारी,इंद्र कुमार रवि कंचन जायसवाल पवन कुमार कालेश्वर, कुमार महतो, विवेक ठाकुर आदि उपस्थित हुए रैली को संबोंधित डॉ सुनील कुमार आदि थे ।


## सरकारी योजनाओं एवं जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के सत्यापन में पैसा लेकर कार्य करता है पंचायत सेवक ढलन साव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत टेरपा निवासी सुशील कुमार ने पालू पंचायत के पंचायत सेवक ढलन साव के ऊपर गंभीर आरोप लगाते कहा की पंचायत सेवक के द्वारा सरकारी योजनाओं के कार्यो में पैसा लेकर काम करने को लेकर उपायुक्त रामगढ़, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रामगढ़ , उप विकास आयुक्त रामगढ़ ,प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु को ज्ञापन सोप कर कार्रवाई की मांग की है उपायुक्त रामगढ़ के द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। सुशील कुमार ने कहा की पंचायत सेवक ढलन साव के द्वारा 21 दोनों के अंतर्गत बनने वाले जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्र में 1000 की राशि लिया जाता है । मुख्यमंत्री मैया समान योजना के लाभुक महिलाओं के से फार्म सत्यापन हेतु?1000 लेने के बाद सत्यापन किया जाता है। मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना में जिओ टैग करने के लिए?2000 लेकर ही जिओ टैग किया जाता है । सरकारी योजनाओं जैसे आम बागवानी एवं डोभा, तालाब के निर्माण से संबंधित जिओ टैग के नाम पर पैसा लेकर ही काम किया जाता है ।मृत्यु प्रमाण पत्र में 21 दिनों के अंतर्गत निशुल्क निर्गत होने वाले प्रमाण पत्र में मृतक शिवलाल मांझी के पुत्र बहादुर मांझी से?6000 की मांग किया गया था ,लेकिन बहादुर मांझी से 1000 लेने के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र दिया गया । पंचायत सेवक के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं को पास करवाने के लिए पैसों की मांग की जाती है ,और नहीं देने पर उसे नहीं किया जाता है ।

## भारतीय लोकतंत्र का आधार स्तंभ है पंचायती राज व्यवस्था : मनोज राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें क्लास 10 के विद्यार्थी शामिल हुए। मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज राम ने पंचायती राज व्यवस्था के कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायतें भारतीय लोकतंत्र का आधार स्तंभ हैं, जिनकी मजबूती में ही भारत की समृद्धि निहित है। पंचायत प्रतिनिधि मेहनत एवं समर्पण से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। सत्ता का विकेंद्रीकरण होने के बाद हमारे देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज सिस्टम काम करता है। जिसमें मुखिया अपने पंचायत, पंचायत समिति सदस्य प्रखंड और जिला परिषद सदस्य जिला स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन करने हैं। इस व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक चुनाव के साथ बढ़ रही है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था स्कूली सिलेबस का भी हिस्सा है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और पंचायती राज व्यवस्था से गांव समृद्ध बन रहे हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सच्चा लोकतंत्र सिर्फ विधानसभा या संसद में ही नहीं, बल्कि गांव की चौपाल में भी बसता है। भारत विशाल देश है। यहां प्रत्येक राज्य की जनसंख्या, क्षेत्रफल, भौगोलिक परिस्थिति अलग-अलग है। ऐसे में शीर्ष प्रशासन ग्रामीण इलाके की समस्या से अवगत नहीं हो पाता है।

## नीलकंठ रवानी ने आतंकी हमले पर दुख प्रकट किया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा धनबाद जिला मिडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आतंकी हिंसा में मारे गए निर्दोष लोगों पर दुख प्रकट की। उन्होंने कहा कि दुख की इस बेला में पूरा हिंदुस्तान उनके साथ खड़ा है। नीलकंठ रवानी ने आगे कहा कि देश में पहली बार जिसमें आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर और कपड़े उतार कर निर्दोष लोगों पर उनके परिवार के सामने हत्या कर दी जो कभी भी माफ नहीं किया जा सकता। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह करता हूँ कि इस बार चाहे भविष्य मे कुछ भी परिणाम हो लेकिन पाकिस्तान के आतंकवादियों को खात्मा करके ही दम ले।

## ऑल इंडिया सबिले हुसैन ट्रस्ट ने किया भोजन वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया सबिले हुसैन ट्रस्ट ने अपनी मानवता सेवा के मिशन को आगे बढ़ाते हुए धनबाद रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में ग़रीब, बेसहारा और सड़कों पर जीवन गुजर बसर करने वाले लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। इन लोगों में वे शामिल थे जिन्हें रोज़ाना का भोजन भी नसीब नहीं होता और जो ज़िंदगी की बुनियादी ज़रूरतों से भी वंचित हैं।इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना हाफ़िज़ आरिफ़ रज़ा कादरी ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य इंसानियत की सेवा और ज़रूरतमंदों की मदद करना है। इन्हीं उद्देश्यों के तहत सबिले हुसैन ट्रस्ट सप्ताह तीन दिन – सोमवार, गुरुवार और शुक्रवार – को भूखे और ज़रूरतमंद लोगों में भोजन का वितरण करता है।इस नेक कार्य में संस्था के सचिव क़ारी राशिद मदनी, ऑफिस सेक्रेटरी मो फैज़ान ख़ान, मो साजिद, मो आक़िब ईस्ट, मो फैज़ान ईस्ट, मो महमूद, मो अनवर शफ़ी, हसन रज़ा कादरी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भरपूर सहयोग किया।

## डीएवी बनियाहीर मे सीबीएसई के निर्देशानुसार पोषण सप्ताह का समापन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देश मे आयोजित पोषण पखवारा का समापन हुआ। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य ज्ञान तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे बुशरा रहमान प्रथम, बुशरा कुमारी द्वितीय तथा आलीशा हक़ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता में श्रद्धा सिन्हा को प्रथम, आकांक्षा कुमारी को द्वितीय तथा अनुष्का कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य एज़ाज अहमद ने सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं और छात्रों के प्रति अपनी शुभकामनायें व्यक्त की। साथ ही स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## सीडीपीओ कार्यालय में पुलिस पदाधिकारी की हुई समीक्षा बैठक, लंबित कांडों पर त्वरित कार्रवाई का दिया गया निर्देश



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसडीपीओ कार्यालय में निरसा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के तमाम थानो में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करें और थाना में आने वाले फरियादियों का फरियाद सुना जाए जिससे कि लोगों की समस्या का समाधान समय रहते किया जा सके। इस दौरान एसडीपीओ ने कहा कि गोवंशियों की तस्करी एवं प्रतिबंधित मांगुर मछली की तस्करी पर रोक के लिए पुलिस समय-समय पर छापेमारी करती है और इसमें सफलता भी मिला है और आगे भी इसे रोकथाम के लिए पुलिस मुस्तैदी से कार्य करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में लॉटरी एवं साइबर क्राइम जैसे घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में जिले भर के पत्रकारों ने किया धरना प्रदर्शन, एसडीओ कार्यालय को घेरा

➪ **शुक्रवार तक नहीं हुई गिरफ्तारी तो शनिवार को पत्रकार देंगे उपायुक्त कार्यालय पर धरना**

➪ **एक स्वर में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की उठी मांग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के पत्रकार समुदाय पर 16 अप्रैल को हुए पत्रकार हमलाकांड के विरोध में रणधीर वर्मा चौक पर हाथों में तख्तियां लिए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पत्रकारों ने पैदल मार्च कर एसडीएम कार्यालय को घेरा एवं एसडीओ से मुलाकात किया और उनके माध्यम से धनबाद उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा की 25 अप्रैल शुक्रवार तक अगर हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 26 अप्रैल शनिवार को पत्रकार बाध्य होकर उपायुक्त कार्यालय का घेराबंदी करेंगे। पत्रकारों ने एसडीएम से मुलाकात के दौरान उन्हें सारे मामले से अवगत कराया। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वह धनबाद के उपायुक्त और धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक, डीएसपी लॉ एंड आर्डर नौशाद आलम से बात कर दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करवाएंगे।धरना प्रदर्शन के तुरंत बाद धनबाद के डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम के द्वारा धनबाद प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को फोन करके बुलाया गया। जिस पर धनबाद प्रेस क्लब का एक डेलीगेट डीएसपी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। डीएसपी लॉ एंड आर्डर ने दोषियों की गिरफ्तारी के लिए सोमवार तक का समय मांगा है। वहीं धरना प्रदर्शन के दौरान पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई और प्रधानमंत्री से आतंकवादियों पर शीघ्र कार्रवाई करने का आग्रह किया।धरना प्रदर्शन में धनबाद प्रेस क्लब, कोयलांचल पत्रकार संघ, झरिया प्रेस क्लब, निरसा चिरकुंडा पत्रकार संघ, कतरास प्रेस क्लब, जेजेए धनबाद के सदस्य पत्रकारों समेत जिले भर के सैकड़ों पत्रकारों ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की। धरना स्थल पर धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, बिहार ऑब्जर्वर के संपादक गणेश मिश्रा, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, वरिष्ठ पत्रकार रामजी यादव, प्रियेश सिन्हा, अशोक शर्मा, मनीष कुमार झा, धर्मेंद्र शर्मा, अभिषेक सिंह, मुख्तार अहमद, सरफराज नवाज, महफूज आलम, संजय चौरसिया, सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, हाजी जमीर आरिफ समेत अन्य पत्रकारों ने अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही करने और सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की।




# जन जागरुकता से मलेरिया की रोकथाम संभव : सिविल सर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है।उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना हितकारक है। उन्होंने कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों (सहिया, एम.पी.डब्लू., ए.एन.एम.) के पास निःशुल्क उपलब्ध है। गम्भीर मलेरिया के रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध है।सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अप्रैल, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर, सुबह 9ः30 बजे सदर सीएचसी से सिविल सर्जन कार्यालय तक जन जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसमें सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन कर मलेरिया को नियंत्रित व रोकने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ सुनिल कुमार, जिला मलेरिया सलाहकार रमेश कुमार सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर उत्तम कुमार सिन्हा मौजूद थे।

# सैफ अली खान उर्फ सद्दाम सर की माँ का निधन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अभ्यास कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सह समाजिक कार्यकर्ता सैफ अली खान उर्फ सद्दाम सर की माँ का निधन हो गया है। उन्होंने दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। तत्पश्चात उनके शव को धनबाद लाया गया। वे कुछ दिनो से बीमार चल रही थी। निधन की खबर सुनते ही वासेपुर के गुलजारबाग स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। सारे लोग गमगीन हो उठे। वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल है। दिनांक 24 अप्रैल 2025 को मृतका की जनाजे की नमाज बाद नमाज जोहर दोपहर के 2 बजे शमशेर नगर ईदगाह में अदा हुई और सुपुर्द ए खाक वहीं के कब्रिस्तान में किया गया। शव की अंतिम यात्रा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे जिन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजन को ढांढस बंधाया।

# टाटा डीएवी स्कूल, जामाडोबा में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर किया गया पौधरोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल, जामाडोबा में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यालय की प्राचार्य ने छात्रों को पृथ्वी संरक्षण का महत्व बताया और सभी को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारी माता के समान है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिल कर कई पौधे लगाए। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए छात्रों ने एक प्रभावशाली नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने धरती पर बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की समस्याओं को उजागर किया। छोटे बच्चों ने आकर्षक वेषभूषा पहनकर पृथ्वी दिवस से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए। उन्होंने पोस्टर और स्लोगनों के माध्यम से स्वच्छता, हरियाली और जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। विद्यालय की इस पहल को अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों द्वारा भी सराहा गया। इस अवसर ने न सिर्फ छात्रों को जागरूक किया, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी भूमिका समझने का अवसर भी दिया।

# श्री महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट, राष्ट्रीय राजपूत संघ, मैथन ने मनाया वीर कुंवर सिंह जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मैथन :** श्री महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट, राष्ट्रीय राजपूत संघ, मैथन के सौजन्य से मैथन स्थित स्टेशन क्लब में 23 अप्रैल की संध्या बाबु वीर कुंवर सिंह जयंती को विजयोत्सव के रूप में मनाया गया। जयंती समारोह में मैथन, निरसा, चिरकुंडा, पंचेत, मुगमा, बंगाल के आसनसोल से भारी संख्या में क्षत्रिय अपने परिवार के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम झारखंड में करणी सेना के अध्यक्ष व जम्मु कश्मीर के पहलगांव में आंतकी हमले में हुए शहीदों की मौत पर एक मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजली दी गई। उसके बाद मामुनी व उनकी टीम ने शिक्षिका साक्षी की उपस्थिति में स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्णिमा नीरज सिंह (पूर्व विधायक) झरिया ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। क्षत्रीय वीरों के बहादुरी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर जामुरिया विधायक हरेराम सिंह के पुत्र प्रेमपाल सिंह, बंगाल के राजेश सिंह की टीम, भूपेन्द्र सिंह, धीरज सिंह, पंकज सिंह, त्रिलोचन सिंह, गौरी सिंह, आशीष सिंह, डॉ. रोहित गौतम, डॉ. मुक्ति सिंह, सुरेश सिंह, शेखर सिंह, अनुज सिंह, जगन्नाथ सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य उपस्थित थे।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची (जिला आपूर्ति शाखा)

### आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के प्रकाशित निविदा सं०–PR 349166 District (24-25) D दिनांक 25.03.2025 से वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु राँची जिला में अवस्थित ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 (अट्ठारह) एवं अनुभाजन क्षेत्र अवस्थित 12 (बारह) कुल 30 (तीस) तथा 02 (दो) रात्री दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी परिवहन–सह–हथालन सहित आपूर्ति के लिए निविदा दिनांक 04.04.2025 को निर्धारित थी, जो अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है। उक्त निविदा की अगली तिथि की सूचना समाचार पत्र के प्रकाशित की जाएगी।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची

PR 350976 District(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, चतरा।

### ई–पुनर्निविदा निविदा आमंत्रण सूचना

पुनर्निविदा निविदा सूचना संख्या– EE/NREP/CHATRA/24/2024-25-RE-1दिनांक- 23-04-2025

1. मद का नाम: समाज कल्याण विभाग योजना अन्तर्गत :-

| क्र॰ सं॰ | परियोजना का नाम | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | पूर्णता की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दबगर टोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 2 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नूर नगर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 3 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | गुदरी बाजार | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 4 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | अंडी रेशम | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 5 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | ग्वाल टोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 6 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | खानकाह रोड | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 7 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | मेन रोड | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 8 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगवां उत्तरी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 9 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | नगावां दक्षिणी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 10 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | चुड़ीहार मुहल्ला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 11 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीभा 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 12 | चतरा ग्रामीण | चतरा | नगरपालिका | दीवानखाना 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 13 | चतरा ग्रामीण | चतरा | मोकतमा | कच्चा | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 14 | चतरा ग्रामीण | चतरा | सिकीद | सिन्दुआरी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 15 | चतरा ग्रामीण | कानहचटटी | बेगोंकला | केन्दुआ सहोर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 16 | ईटखोरी | गिद्धौर | द्वारी | गांगपुर 01 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 17 | ईटखोरी | पत्थलगडा | सिंघानी | सिंघानी धोबी टोला 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 18 | ईटखोरी | पत्थलगडा | बरवाडीह | बरवाडीह 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 19 | ईटखोरी | मयूरहण्ड | कदगॉवाकला | दिग्गी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 20 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | कुटकी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 21 | टण्डवा | टण्डवा | बेंती | तिलैया टोंगरी | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 22 | टण्डवा | टण्डवा | गाडीलौंग | बरईटोला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 23 | टण्डवा | टण्डवा | बडगॉवा | नायकटोला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 24 | टण्डवा | टण्डवा | कोयद | कोयद 03 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 25 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | बभने | बभने बालपर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 26 | प्रतापपुर | प्रतापपुर | मोनिया | जैयपुर | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 27 | प्रतापपुर | कुन्दा | सिकीदाग | सोहरलाट | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 28 | सिमरिया | सिमरिया | सबानो | लच्छीगडा | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 29 | सिमरिया | सिमरिया | डाडी | डाडीभगत टोला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 30 | सिमरिया | सिमरिया | अमगॉवा | अमगावां 02 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 31 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | भागेवार | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 32 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | मीरपुर | आमिन | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 33 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | दण्तार | जोलहाटोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 34 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | जोरी कला | जोरी कला 01 | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 35 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | उचला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 36 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | खुटीकेवाल खुर्द | खुटीकेवाल खुर्द | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 37 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | नावाडीह | नावाडीह मियाटोली | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |
| 38 | हण्टरगंज | हण्टरगंज | डुमरी कला | डुमरी कला | आंगनबाड़ी अर्द्धनिर्मित केन्द्रों का निर्माणं | 1108200 | 22200 | 2500 | तीन माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 02.05.2025
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय–13.05.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–पुनर्निविदा निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.05.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा।
6. ई–पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 9572666229, (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
7. निविदा का एकरारनामा राजस्व प्रतिवेदन/भूमि प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा।
8. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी.,चतरा।

PR 350936 NREP(25-26)D

## भारत के विरुद्ध पाक जिहादी युद्ध का कठोरतम जबाव जरूरी : रितेश कुमार

# धर्म पहचान कर हत्या करना मुस्लिम जिहादियों का काम, ईट का जवाब पत्थर से देने का समय आ गया : सुनील कुमार

## अब समय आ गया फैसला ऑन द स्पॉट करने का : प्रवीण ठाकुर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए लोहरदगा ज़िला के धार्मिक संगठनों का संयुक्त विरोध मार्च ललित नारायण स्टेडियम से निकाला गया, जो बरवा टोली चौक में तक पहुंचकर आतंकवादियों एवं असदुद्दीन ओवैसी, ममता बनर्जी, उमर अब्दुल्ला का पुतला दहन किया गया एवं साथ ही साथ मोमबत्ती जलाकर शहीदों को दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान विहिप् अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। वहीं श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा है कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार यात्रियों के पेंट उतारकर, कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है, उनका नरसंहार किया गया, घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। यह साफ दिखाई दे रहा है कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है।योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं जो पाकिस्तान के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने स्मरण कराया कि कुछ दिन पूर्व ही एक सांसद ने कहा था कि कश्मीर में जो यात्री या पर्यटक आ रहे हैं या जमीन खरीद रहे हैं वे यहां सांस्कृतिक अतिक्रमण कर रहे हैं।उसके कुछ दिन के बाद ही, पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष ने कहा कि था हमारे सामने कश्मीर को वापस लेना ही एक मात्र एजेंडा रह गया है। अपने उसे एजेंडे की पूर्ति के लिए ही शायद उसने यहां जिहादी आतंकवादी हमला कराया! अब्वह्म हिंदुओं द्वारा भी ईट का जवाब पत्थर से देने के लिये तैयार रहना चाहिए, फैसला ऑन द स्पॉट करने हेतु मानसिक रूप से तैयार रहें विहिप अध्यक्ष ने आगे कहा कि यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। इसका जवाब भारत सरकार को उतनी ही शक्ति से देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद के दिन दुबारा लौटने का और पाकिस्तान का कोई नेता या सैन्य अधिकारी इस तरह के शब्द बोलने की दुस्साहस ना कर सके। कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता लेकिन उसका मजहब अवश्य होता है, यह साफ दिखाई देता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के मुस्लिम नेता इस निर्मम नरसंहार पर क्यों चुप्पी साधे हैं? वे वक्फ एक्ट का झूठा डर दिखाकर तो पूरे देश में अफरा तफरी मचा सकते हैं लेकिन, कश्मीर घाटी में मारे गए इन मासूम हिंदू यात्रियों की हत्या के विरोध में सड़क पर उतरने का साहस नहीं कर सकते! यह स्थिति अच्छी नहीं है। इसको स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से दो दिनों के अंदर ही ध्वस्त सड़क का किया गया मरम्मति : आलोक साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से दो दिन के अंदर ही सेन्हा प्रखंड के अरू-साके पथ में तोड़ार पाखन टोली के पास नहर के ऊपर ध्वस्त सड़क कोच आरईओ विभाग के द्वारा मरम्मत करा दिया गया उक्त जानकारी सांसद के निजी सहायक आलोक कुमार साहू ने दिया। श्री साहू ने बताया कि दो दिन पहले सांसद के निर्देश पर वे ध्वस्त सड़क का ग्रामीणों के साथ मुआयना कर शीघ्र विभागीय अधिकारियों को मरम्मत करने का निर्देश दिया था। साहू ने कहा कि सिंचाई विभाग से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेकर नहर में गाढ़वाल निर्माण करने का प्रयास किया जाएगा ताकि इसका स्थायी समाधान निकाला जा सके ।सड़क मरम्मत हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद को बधाई दिए।

### झारखण्ड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर स्कूल रुआर कार्यशाला आयोजित किया गया



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष सेन्हा में अनामांकित एवं छीजित बच्चो को विद्यालय वापस लाने तथा विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से झारखण्ड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर उन्मुखी कार्यशाला आयोजित किया गया। आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। बाल विकास पदाधिकारी ने शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल रुआर 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करनी है। साथ ही उन्होंने बताया की दिन और रात के साथ निर्धारित गतिविधियों को यदि नियमित रूप से किया जाए तो निश्चित रूप से इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। विद्यालय में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रयास करनी है। बीआरपी अंबिका शरण पांडेय द्वारा सकजल रुआर के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल रुआर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना नियमित रूप से दिनवार गतिविधियों को करना है.और उनका रिकॉर्ड डाटा एंट्री फॉर्म प्रारूप में अपडेट करना है। विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी और अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना ही स्कूल रुआर का मुख्य उद्देश्य है।

## शौर्य दिवस पर अमर शहीद बाबू वीर कुंवर सिंह को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा जिला के जिला अध्यक्ष उदय शेखर की अध्यक्षता में उनके ब्लॉक कॉलोनी स्थित आवासीय परिसर अनन्तानन्द भवन में आज सन 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीद बाबू वीर कुंवर सिंह जी याद में शौर्य दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने याद करते हुए नमन किया। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों ने उन्हें याद करते हुए कहा कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले वीर पुरुष बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने लोगों को संगठित कर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। उनकी आयु 80 वर्ष होने के बाद भी उन्होंने अपने अदम्य साहस और वीरता से आन्दोलन का संचालन किया और उनकी वीरता को देखते हुए यह कदापि नहीं लगता था कि वे 80 वर्ष के योद्धा थे। उनके नेतृत्व में बच्चे से लेकर बूढ़े सभी लोगों ने आन्दोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। उनकी वीरता के बारे में लेखकों का कहना है कि यदि वे 80 के स्थान पर 25 वर्ष के होते तो उसी संग्राम में देश स्वतंत्र हो जाता। आज की पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वयोवृद्ध राजेन्द्र प्रताप देव के साथ ही पूर्व विधान पार्षद सह महासभा के संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह,जयंत सिंह, अजय चौहान, कन्हैया सिंह, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, लाल विजय नाथ शाहदेव, लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, सुदामा सिंह, लाल विद्याविनय नाथ शाहदेव, लाल मनोज नाथ शाहदेव, जय नारायण सिंह, अमित सिंह, लाल नर्मदेश्वर नाथ शाहदेव, लाल जन्मेजय नाथ शाहदेव, मुकेश कुमार देव, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, भोला सिंह, लाल प्रणीत नाथ शाहदेव, लाल अविनाश नाथ शाहदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा मजदूरों पर किया जा रहा शोषण बर्दाश्त नहीं : आलोक साहू

### मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मनरेगा मजदूर कर रहे हैं पलायन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** इंटक के अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना लोहरदगा में विफल साबित हो रहा है। जिला में विगत 3 माह से मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूरों का बकाया की राशि नहीं मिल रहा है साथ ही साथ विगत 8 माह से मटेरियल का पैसा अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर आकर खड़े हो गए हैं जिसके कारण लोहरदगा से व्यापक रूप से मनरेगा मजदूर पलायन कर रहे हैं। श्री साहू ने इस मामला को लेकर लोहरदगा मनरेगा अधिकारी से मिले तो उन्होंने बताया कि उनके पास राशि नहीं आया है राशि आने पर भुगतान किया जाएगा। इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने मजदूरों के समस्याओं को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री दीपिका पांडे झारखंड सरकारसे संपर्क करना चाहे तो उसे संपर्क नहीं हुआ उनके सरकारी पीएस ने बताया कि केंद्र सरकार मनरेगा की राशि नहीं दे रही है। 8 माह से मटेरियल का पैसा बकाया है और 3 माह से मनरेगा मजदूरों का पैसा नहीं मिला है जिसके कारण मजदूरों की राशि का भुगतान नहीं हो रहा है ।राशि मांगने का पत्राचार झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार से किया गया है। श्री साहू ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड राज्य से सौतेला व्यवहार कर रही है मनरेगा मजदूरों की राशि का भुगतान नहीं कर मजदूरों को पलायन करने पर विवश किया जा रहा है।मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को इंटक बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री साहू ने केंद्र सरकार से अविलंब मनरेगा के मजदूरों एवं मटेरियल का बकाया राशि शीघ्र भुगतान करने कीमांग किये।

### एक देश एक चुनाव को लेकर भाजपा ने किया कार्यक्रम का आयोजन




**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक देश एक चुनाव कार्यक्रम के तहत सिमडेगा जिला के एडेगा पंचायत के रामजड़ी राजस्व ग्राम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्य क्रम की सुभारंभ करते हुए लोकसेविका सुषमा देवी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा का उद्देश्य भारत के लोक तांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाए जाने के साथ-साथ लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव को एक साथ आयोजित करते हुए समय, साधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत करते हुए देश में विकास कार्यों में निरंतरता बनी रह सके और आम जनों को बार बार होने वाले चुनाव की परेशानीयों का भी सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गांव के पाहान - सनिचर डांग ने एक देश एक चुनाव होने से आम लोगो को क्या लाभ होगा इस पर विस्तार से जानकारी दिए हैं पहलगाम में हुए हादसे के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया है। मौके पर वार्ड सदस्य-जेवियर डांग और समाजसेवी पिंकी प्रसाद उर्फ मार्गेट बा ने बार बार चुनाव होने से क्या हानी होती है उसके बारे में जागरूक किए इस कार्यक्रम में समाज सेवी शिखा अग्रवाल, बसंती देवी, इंद्रा देवी, संजय मिश्रा, रामेश्वर सिंह, लालू सिंह, पिंकी कुमारी, रामधन, तीरथ नरेंद्र सहित सेकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर दिलाई गई स्वच्छता की शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला परिषद कार्यालय में आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। सिमडेगा के जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की अगुवाई में आयोजित राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में सबसे पहले उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार दोराईबुरु द्वारा पंचायती राज के महत्व को बताया गया। उन्होंने बताया कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था शुरू की गई। हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह व्यवस्था ग्रामीण विकास और जन भागीदारी को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा मिला। इस संशोधन के बाद पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली लागू की गई। साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के रूप में घोषित किया गया था। इसके बाद उप विकास आयुक्त ने सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपत दिलाई।

## कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब का अपमान किया, जबकि भाजपा के समर्थन वाली सरकार ने उन्हें भारत रत्न दिया : चम्पाई सोरेन

### आदिवासी परंपराओं को छोड़ कर धर्म बदलने वालों तथा दूसरे धर्म में शादी करने वालों को आरक्षण का लाभ नहीं मिले : चम्पाई सोरेन

➲हम भाजपा वाले संविधान को जेब में नहीं, बल्कि अपने दिल में रखते हैं : चम्पाई सोरेन

➲अगर अटल जी नहीं होते, तो हमें अलग झारखंड राज्य नहीं मिलता : पूर्व सीएम चम्पाई सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज तल्ख अंदाज में कांग्रेस को आदिवासी एवं झारखंड विरोधी बताते हुए कहा कि बाबासाहेब को अपमानित करने वाले लोग आज जेब में संविधान रख कर, उनके करीबी दिखने का ढोंग कर रहे हैं। जबकि हम भाजपा वाले संविधान को जेब में नहीं, बल्कि अपने दिल में रखते हैं। लोहरदगा टाउन हॉल में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित ÷भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान : की संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसी कांग्रेस ने बाबासाहेब को दो-दो बार लोकसभा चुनावों में हरवाया था और दोनों चुनावों में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने अंबेडकर जी के खिलाफ चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि उन्हें राजनैतिक रूप से हाशिये पर धकेलने का प्रयास करने वाले इन कांग्रेसियों ने लगातार उनका अपमान किया। उन्हें भारत रत्न भी तभी मिल पाया, जब केंद्र में भाजपा के समर्थन वाली सरकार सत्ता में आई। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को एक अर्थशास्त्री, शिक्षाविद्, विधिवेत्ता और महान समाज सुधारक बताते हुए उन्होंने उन्हें महिलाओं एवं वंचित वर्गो के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला बताया। कांग्रेस के आदिवासी विरोधी रवैये का जिक्र करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आदिवासी धर्म कोड को 1961 में हटा दिया। झारखंड आंदोलन के दौरान कई बार आंदोलनकारियों पर गोलियां बरसा कर, आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। उस पार्टी के साथ गठबंधन कर के कोई भी आदिवासियों अथवा झारखंड का भला करने के बारे में सोच ही नहीं सकता। महान आदिवासी नेता एवं लोहरदगा के सांसद रहे कार्तिक उरांव को याद करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि सन 1967 में उन्होंने संसद में डीलिस्टिंग विधेयक पेश किया था, जिसमें धर्म बदलने वाले आदिवासियों से आरक्षण छीनने की मांग की गई थी। उस विधेयक को तत्कालीन सरकार ने संसदीय समिति को भेजा था, जिसने आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा हेतु डीलिस्टिंग को जरूरी बताया था। लेकिन इसके बाद भी, जब कुछ नहीं हुआ तो बाबा कार्तिक उरांव ने 322 सांसदों तथा 26 राज्यसभा सांसदों से अनुशंसा पत्र हस्ताक्षरित करवाया था, लेकिन इसके बावजूद, ईसाई मिशनरियों के दबाव में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था।

### नाली निर्माण कार्य को लेकर कैरो मुहल्ला वासियों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय गांव कैरो के मुस्लिम मुहल्ला व कुम्हार टोली के पानी निकास में हो रही परेशानी को लेकर कैरो मस्जिद मोड़ से लेकर सतीश पांडेय के घर तक मुख्य पथ के किनारे किनारे पक्की नाली निर्माण कराने को लेकर जे एम एम व कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा 24 अप्रैल गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य को लिखित आवेदन सौंपा गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि नाली निर्माण को लेकर मैं हर संभव प्रयास करूंगी विभाग से पत्राचार कर यथाशीघ्र नाली निर्माण कराने का प्रयास करूंगी।लिखित आवेदन में कहा गया है कि मुख्य के किनारे नाली नही होने से कैरो मुस्लिम व कुम्हार टोली का पानी नही निकल पाती है जिससे थोड़ी बहुत बारिस होने से भी रास्ता चलने में भारी परेशानी होती है खासकर बरसात के दिनों में तो इस रास्ते चलना दूभर हो जाती है जलजमाव व कीचड़ की वजह से गन्दगी का भी भरमार हो जाती है मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाती है बीमारी फैलने की खतरा बनी रहती है। मौके पर समीद अंसारी, शंभु सोनी, मो सजाद, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, रेयाज अंसारी, महबूब अंसारी आदि उपस्थित थे।

## इस्लाम को बदनाम और नफरत फैलाने की साजिश है पहलगाम में आतंकी हमला, कड़ी कार्रवाई करे सरकार : अब्दुल रउफ अंसारी

### देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश, हमें होशियार रहने की जरूरत : शाहिद अहमद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी और सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया। सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछा, कलमा और अजान सुनाने के लिए कहा और फिर उन्हें गोली मार दी। आतंकियों के इस टारगेट किलिंग को लेकर उन्होंने कहा कि इस्लाम को बदनाम करने और देश में हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत पैदा करने की यह साजिश है। सदर श्री अंसारी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की और आतंकियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। उनका कहना था कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। इसके लिए कठोर कार्रवाई जरूरी है। अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद बेलू ने कहा कि देश तरक्की कर रहा है और दुनिया भर की नजर हमारे ऊपर है। ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए,लेकिन देश के सांप्रदायिक माहौल को भी बिगड़ने देना नहीं चाहिए, क्योंकि कई लोग हैं, जो माहौल खराब करने की साजिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। आंतकियों ने जिस तरह से टारगेट करके लोगों को मारा है और धर्म एंगल का इस्तेमाल किया है,उससे इस्लाम को बदनाम करने के साथ-साथ देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश भी है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है। पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है।

## जल बचाव तथा वृक्षा रोपण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित नंदलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरू में प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में गुरुवार को जल बचाव तथा वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। वही प्रकृतिक संरक्षण के लिये प्रधानाध्यापिका नैंसी सीमा लकड़ा और शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया। साथ ही वृक्षारोपण कर शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाल कर पौधरोपण कर जल बचने के लिये क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता अभियान चलाते हुए संदेश दिया गया की जल है तो कल है। वही प्रधानाध्यापिका नैंसी सीमा लकड़ा ने कहा कि पृथ्वी पर पेड़ पौधा नही रहेगा तो जल संचयन करना कठिन है। जल को बचाने के लिये अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ पौधा लगाना होगा। आजकल अंधाधुंध पेड़ पौधा कटने के कारण पानी धरातल के अंदर चला जा रहा है। छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा गया की शादी विवाह या जन्म दिन समारोह हो या कोई उत्सव हो तो उस मौके में सभी लोग फलदार और छायादार वृक्ष लगायें और गांव घर मे अन्य लोगों को भी पेड़ पौधा लगाने के लिये प्रेरित करें पेड़ पौधा लगाने से प्रकृति का संरक्षण होगा और जल संचयन भी होगा। साथ ही कहा कि अंधाधुंध कटाई से पेड़ पौधा कम होने के कारण वायु और जल दूषित हो रहा है। जिस कारण से मनुष्य, पशु पक्षी में अनेकों तरह की बीमारियां फैल रही है। इस लिये सुद्ध जल और सुद्ध वायु मनुष्य और पशु पक्षी सभी के लिये आवश्यक है। मौके पर अभियान में दीपा चौधरी, अनील उरांव, विक्रम कुमार महतो, आशीष अमन कच्छप, सौरभ केशरी, दीपा बाखला, सीमा कुजूर, सहजुदला अंसारी, पायल कच्छप, कंचन कुमारी समेत सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत आत्माओं के शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत आत्माओं के शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें गुरुकुल के सभी ब्रह्मचारी शिष्य,महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने-अपने हाथों पर दीप प्रज्वलित कर उन आत्माओं को मुक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। और इस घटना की घोर निंदा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि यह आतंकवादी राक्षस प्रवृत्ति के हैं,जिसे कि पाकिस्तान ने पनाह दे रखी है,ऐसे राक्षसी आतंकवादियों और इसे पनाह दे रहे देश को मोदी सरकार ईट का जवाब पत्थर से दें,आचार्य शरद चंद्र आर्य ने इस घटना पर कहा कि ऐसे लोगों को संसार में रहने का कोई अधिकार नहीं,पाकिस्तान को सभी देश से हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए,और पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित कर देना चाहिए,इस तरह की निर्मम हत्या सोच कर रूह काँप जाती है।

## चलते चलते एक नजर

### पहलगाम में जलाया गया आतंक का पुतला

**फतेहपुर :** जिले में गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पूर्विन माता सेवा समिति के नेतृत्व में समाजसेवियों, व्यापारियों व दुकानदारों ने पटेल नगर चौराहे में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंक का पुतला फूंका और आतंकवाद के खात्मे की कड़ी कार्रवाई की मांग की।समिति के अध्यक्ष दशरथ सिंह ने कहा कि आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना जरूरी है। देश की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता न करने की बात कहते हुए लोगों ने मोदी सरकार को हर सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि पूरा देश दुःखी परिवारों और जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ खड़ा है। बता दें कि पहलगाम के आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत हुई और 20 से अधिक लोग घायल हुए। आतंकियों ने बैसरन घाटी में घुड़सवारी कर रहे पर्यटकों को धर्म के आधार पर निशाना बनाया था। घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है।कार्यक्रम में दशरथ सिंह, सोनू पांडे, शिवम सिंह, आलोक गौड़, रामप्रकाश तिवारी, सतीश चौहान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर असर डालता बाल विवाह : प्रवीण जोशी



**फरीदाबाद :** बाल विवाह और बाल श्रम के खिलाफ चल रही जागरूकता मुहीम के तहत अतिरिक्त उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में बाल श्रम के खिलाफ सार्वजनिक जागरूकता रैली राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एनआईटी-1, मेट्रो मोड़ से निकाली गई। इस रैली में लगभग 300 स्कूली छात्राओं ने हाथों में तख्ती व बैनर लेकर नारे लगाते हुए बाल संरक्षण इकाई कार्यालय तक रैली निकाली। छात्राओं ने गुरुवार को निकाली इस रैली में बाल श्रम के खिलाफ नारे लगाए कि बाल श्रम बंद करो शिक्षा का अधिकार दो, हाथों में औजार नहीं किताबें चाहिए, शिक्षा से नाता जोड़ो बाल श्रम से नाता तोड़ो कहकर लोगों को बाल श्रम एवं बाल विवाह को रोकने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने शिरकत की साथ ही गेस्ट ऑफ ऑनर हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग की मेंबर सुमन राणा भी मौजूद रही। इस मौके पर मेयर प्रवीण जोशी ने कहा कि आज की यह रैली एक प्रेरणादायक कदम है। यदि हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने गांव, मोहल्ले और परिवार में बाल विवाह नहीं होने देंगे, तभी इसका उन्मूलन संभव है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को भी बाधित करता है। यह बच्चों के अधिकारों का हनन है और उनके उज्ज्वल भविष्य में बाधा उत्पन्न करता है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन के अन्य अवसरों को प्रभावित करता है।

# पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गढ़वा में मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान टाऊन हॉल मैदान से रंका मोड़ तक मशाल जुलूस लेकर आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। मौके पर संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि पाकिस्तान ने साजिश कर भारत पर कायराना हमला किया है। धर्म संप्रदाय पुछकर हिन्दुओं पर हमला किया गया है। लेकिन केन्द्र में बैठी मोदी सरकार ऐसे आतंकी को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान शायद यह भुल रहा है कि भारत में नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री बैठा है जो दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है। गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल जैसे लोग सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय चौबे ने कहा कि हमला करने वाले दुनिया के किसी कोने में होंगे उनका नेस्तनाबूद होना तय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा से भारत के पीठ पर वार किया है। जिस तरह से निहत्थे पब्लिक के ऊपर आतंकवादी ने हमला किया यह कायरता की पराकाष्ठा है। धर्म के आधार पर गोलीबारी किया गया है जो अत्यंत ही निंदनीय कृत्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, जयंत पाण्डेय, शुभम गुप्ता, पार्वती सिंह, रितेश दुबे, टिंकू गुप्ता, प्रवीण पाल, कंचन पाण्डेय, मनोज महतो सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




## केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने किए भगवान महाकाल के दर्शन



एजेंसी

**भोपाल :** केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने गुरुवार को अपने उज्जैन प्रवास के दौरान विश्वप्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्रीमहाकालेश्वर के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। उन्होंने नंदी हॉल से पूजा-अर्चना कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। पुजारी अर्पित शर्मा और पुरोहित नवनीत शर्मा ने उनकी पूजा संपन्न कराया। राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने सभामंडप में श्रीवीरभद्र भगवान का भी पूजन किया। यहां पूजन पुरोहित सत्यनारायण जोशी ने संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने ध्यान भी लगाया।केंद्रीय मंत्री रक्षा निखिल खडसे भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होने के लिए उज्जैन पहुंची थीं। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी और अभिषेक शर्मा ने भगवान महाकाल का प्रसाद भेंट कर केन्द्रीय मंत्री रक्षा खडसे का सम्मानत किया। इस दौरान उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, उज्जैन नगरपालिका निगम अध्यक्ष कलावती यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद केन्द्रीय मंत्री खडसे ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वैसे तो वे हर साल मंदिर आती हैं, लेकिन मंत्री बनने के बाद पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आई हूं। बाबा महाकाल की ऐसी ही कृपा सभी पर बनी रहे, ऐसी मैंने कामना की है।

## आतंकी हमले के विरोध में सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

एजेंसी

**फरीदाबाद :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 28 निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में जिला टैक्स बार एसोसिएशन फरीदाबाद ने उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से मांग की गई कि हमला करने वाले और उनको संरक्षण देने वाले सभी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये। बार एसोसिएशन के सैकड़ों अधिवक्ता गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित जीएसटी भवन में एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। पैदल मार्च से पूर्व सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान एसके भारद्वाज ने कहा कि पहलगांव में हुई आतंकी घटना बहुत ही निंदनीय एवं कायराना घटना है, जिसकी हम घोर निंदा करते हैं और भारत सरकार से पाकिस्तान सहित सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग करते हैं। एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका नाम और धर्म पूछकर गोली मारी जिसमे हमारे फरीदाबाद में जीएसटी अधिकारी सुनील स्वामी के दामाद व नेवी में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल सहित कुल 28 भाई मारे गए।




## विहिप कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान का फूंका पुतला



एजेंसी

**यमुनानगर :** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर प्रताप नगर में पाकिस्तान का पुतला फूंका, जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए और भारत सरकार से पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग रखी।विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री राजेंद्र कुमार ने गुरुवार को बताया कि पहलगाम में पर्यटकों की निर्मम हत्या की हम निंदा करते हैं और केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द इन आतंकियों का और पाकिस्तान का नाम दुनिया के नशे से मिटा दिया जाए।उन्होंने पाकिस्तान की इस कायराना हरकत से आज पूरे देश में आक्रोश है। आज हर भारतीय केंद्र सरकार की ओर देख रहा है कि जल्द से जल्द वह इन मासूमों की हत्या का बदला ले।

उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने समीक्षा बैठक के दौरान जो पांच कड़े फैसले लिए हैं पाकिस्तान के खिलाफ लिए है, व ठीक है। लेकिन हमारी मांग हैं कि सरकार इससे ओर आगे बढ़कर कड़ा फैसला करें और आतंकियों सहित पाकिस्तान को घर में घुस कर मारा जाए। ताकि ऐसी नापाक हरकत दोबारा ना हो।वहीं उन्होंने यह भी मांग करते हुए कहा कि कश्मीर में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अधिक सैनिक बल लगाए जाएं, सुरक्षा ओर कड़ी की जाए। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की।

# छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री ने मुंबई में आयोजित इंडिया स्टील 2025 सम्मेलन में भाग लिया



एजेंसी

**मुंबई :** छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने गुरुवार को मुंबई में आयोजित इंडिया स्टील 2025 सम्मेलन में भाग लिया। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा देश को इस्पात उत्पादन का वैश्विक केन्द्र बनाने में छत्तीसगढ़ अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस दौरान उन्होंने राज्य के इस्पात उद्योग के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की और उद्योगपतियों को राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया।सम्मेलन 24 से 26 अप्रैल 2025 तक बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर (एनईएससीओ), मुंबई में आयोजित किया गया है। यह आयोजन भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (एफआईसीसीआई ) के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा भी उपस्थित रहे।उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ स्टील कैपिटल ऑफ इंडिया है। हमारे पास देश के लौह भंडार का 18 प्रतिशत है। हमारे यहां की बैलाडीला खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क को गुणवत्ता के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा ग्रीन स्टील से जुड़ी तकनीक को अपनाने में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।उन्होंने बताया स्टील सेक्टर की बड़ी संभावनाओं को देखते हुए ही हमने प्रदेश में नई औद्योगिक नीति बनाई है। इस नीति में स्टील जैसे कोर सेक्टर पर सबसे ज्यादा फोकस है। हम स्पंज आयरन और स्टील यूनिट्स पर 150 प्रतिशत तक इंसेंटिव और छूट दे रहे हैं। सिंगल विंडो सिस्टम, इज आफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ बिजनेस का सबसे अधिक लाभ स्टील सेक्टर को मिल रहा है। बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए हम 118 एकड़ क्षेत्र में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित कर रहे हैं।

# पहलगाम में मारे गए ओडिशा के पर्यटक के परिवार को मिलेगा 20 लाख रुपया




एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए प्रशांत सतपथी के परिवार को 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि देने की घोषणा की है. सीएम माझी ने यह घोषणा बालासोर जिले के रेमुना ब्लॉक स्थित इशानी गांव में सतपथी के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद की.सीएम माझी ने बताया कि राज्य सरकार सतपथी की पत्नी प्रिया दर्शनी आचार्य को नौकरी देगी और उनके नौ वर्षीय बेटे तनुज की शिक्षा का खर्च भी वहन करेगी. उन्होंने मीडिया से कहा,मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में प्रशांत सतपथी के परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है. उन्हें 20 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी और पत्नी को नौकरी तथा बेटे की पढ़ाई का पूरा ध्यान राज्य सरकार रखेगी. मुख्यमंत्री ने प्रिया दर्शनी की तबीयत को लेकर भी चिंता जताई, जो उनसे बातचीत के दौरान बेहोश हो गई थीं.बता दें कि पहलगाम में आतंकवादी हमले में पत्नी और 9 साल के बेटे के सामने जान गंवाने वाले ओडिशा के निवासी प्रशांत सतपथी महीनों तक पैसे बचाकर कश्मीर की यात्रा पर गए थे और इसे लेकर काफी उत्साहित थे. पर्यटक के बड़े भाई सुशांत ने बताया कि प्रशांत की मौत की खबर सुनकर मां सदमे के कारण कुछ बोल नहीं पा रहीं. उन्होंने कहा,प्रशांत ने इस यात्रा के लिए महीनों तक पैसे बचाए थे और वह इसके लिए बहुत उत्साहित था.प्रशांत की पत्नी प्रियदर्शनी आचार्या ने जम्मू-कश्मीर के एक ओडिया समाचार चैनल को बताया, जब हम बैसरन में रोपवे से उतर रहे थे, तभी प्रशांत के सिर में गोली लगी... वह वहीं ही गिर पड़े. सेना एक घंटे बाद आई. बालासोर जिले के रेमुना ब्लॉक के इशानी गांव में गम का माहौल है. स्थानीय लोग और राजनीतिक नेता प्रशांत सतपथी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं.

## साप्ताहिक बाजार के दिनों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा निवारण

**भोपाल :** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्य क्षेत्र में उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए फीडर प्रबंधक एवं फीडर प्रभारी की नियुक्ति की गई है। प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने गुरुवार को बताया कि प्रत्येक 11 के.व्ही. फीडर/फीडर समूह के लिए फीडर प्रबंधक एवं फीडर प्रभारी की नियुक्ति करने से एक ओर जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का आसानी से निराकरण होगा वहीं दूसरी ओर कंपनी को अधिक राजस्व वसूली में सफलता मिलेगी। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक बाजार के दिनों में भी फीडर प्रबंधकों व फीडर प्रभारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया जाएगा, साथ ही राजस्व वसूली भी की जा सकेगी। इससे उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

फिक्स डे एप्रोच
के तहत
प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार
को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां
पुरूष नसबंदी/ महिला बंध्याकरण उपलब्ध है।




साधन-परामर्श हमारा : चयन-फैसला आपका

गर्भनिरोध के आसान और सुरक्षित उपाय :




अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

104 · 108

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-350856 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26